राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
# एक्शन इंडिया
वर्ष: 19 अंक: 185 पृष्ठ: 12
RNI : DELHIN/2006/19302
actionindianews@gmail.com
राष्ट्रीय संस्करण
दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड
RKB GROUP
Rakesh Bhardwaj Group

## कपोला मॉड्यूल: 7 खिड़कियों से दिखता है पूरा ब्रह्मांड



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय स्पेस स्टेशन में एक खास तौर का मॉड्यूल है, जिसे कपोला मॉड्यूल कहा जाता है। इस मॉड्यूल में सात खिड़कियां है, जहां से अंतरिक्ष यात्री 'ब्रह्मांड' की स्टडी करते हैं। 26 जून को भारतीय अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला स्पेस स्टेशन पहुंचे हैं। इसी बीच उनकी तस्वीर सामने आई है, जहां वो कपोला मॉड्यूल से 'ब्रह्मांड' की तस्वीरें कैमरे में कैद कर रहे हैं। बता दें कि 14 दिनों तक अंतरिक्ष में रहेंगे।
**कपोला मॉड्यूल की खासियत:** कपोला एक छोटा मॉड्यूल है, जिसे स्पेस स्टेशन के बाहर रोबोटिक गतिविधियों, व्हीकल्स एप्रोच और स्पेस वॉक जैसी एक्टीविटिज के अवलोकन लिए डिजाइन किया गया है। कपोला की वजह से अंतरिक्ष यात्री तारों और खगोलीय पिडों को देखकर उनकी स्टडी करते हैं। कपोला की वजह से ही हमें ब्रह्मांड की शानदार तस्वीरें दुनिया तक पहुंचती है। शुभांशु ने स्पेस स्टेशन पर हड्डियों से संबंधित अध्ययन किया। यह शोध हड्डियों की बीमारी ऑस्टियोपोरोसिस के बेहतर उपचार की दिशा में उम्मीद की किरण है।

## भाजपा अध्यक्ष पद की रेस में शिवराज सिंह, मनोहर लाल समेत 6 चेहरे

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** भाजपा जल्द ही नए राष्ट्रीय अध्यक्ष के नाम का ऐलान कर सकती है। भाजपा नए अध्यक्ष के लिए नामों पर विचार कर रही है, इनमें केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान, मनोहर लाल खट्टर, भूपेंद्र यादव और धर्मेंद्र प्रधान शामिल हैं। वहीं, भाजपा महासचिव सुनील बंसल और विनोद तावड़े भी रेस में बताए जा रहे हैं। पार्टी सूत्रों के मुताबिक भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष चुनने के लिए तीन मुख्य बातों-संगठनात्मक अनुभव, क्षेत्रीय संतुलन, जातीय समीकरण को ध्यान में रख रही हैं। जल्द ही राष्ट्रीय अध्यक्ष के चुनाव के लिए एक केंद्रीय चुनाव समिति का गठन हो सकता है। यदि चुनाव की जरूरत पड़ती है तो यह समिति नामांकन, जांच और मतदान की प्रक्रिया पूरी करेगी। बतौर राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा का कार्यकाल जून 2024 को खत्म हो चुका है। वह एक्सटेंशन पर हैं। वहीं, वह केंद्र सरकार में मंत्री भी हैं, इस वजह से भाजपा जल्द नया अध्यक्ष चुनने की तैयारी में जुटी है। पार्टी



संविधान के अनुसार, राष्ट्रीय अध्यक्ष का चुनाव 50% राज्यों में प्रदेश अध्यक्ष चुनने के बाद ही होता है। फिलहाल भाजपा की 37 मान्यता प्राप्त स्टेट यूनिट हैं। इनमें से 26 राज्यों में अध्यक्ष चुने जा चुके हैं। भाजपा ने जुलाई के शुरूआत 2 दिन में 9 राज्यों में नए प्रदेश अध्यक्ष चुने। इसके बाद से राष्ट्रीय अध्यक्ष के चुनाव की तस्वीर साफ हो गई है। पार्टी ने 1-2 जुलाई को 9 राज्यों (हिमाचल, उत्तराखंड, आंध्र प्रदेश, महाराष्ट्र, तेलंगाना, मध्य प्रदेश, पश्चिम बंगाल, दमन दीव और लद्दाख) में प्रदेश अध्यक्षों का चुनाव किया। शिवराज सिंह चौहान 6 बार लोकसभा चुनाव जीत चुके हैं। चार बार मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री रहे। मुख्यमंत्री रहते हुए लाडली बहना योजना शुरू की, जो विधानसभा चुनाव में गेमचेंजर साबित हुई।

**चुनाव समिति**
- संगठनात्मक अनुभव के साथ जातीय-क्षेत्रीय समीकरण देखे जा रहे; केंद्रीय चुनाव समिति का गठन जल्द

## 'क्राइम कैपिटल' बना बिहार: राहुल गांधी

- भाजपा-नीतीश सरकार नाकाम, अपराध यहां न्यू नॉर्मल; चुनाव से पहले बिहार में अपराध पर राजनीति गरमाई

**गरमाई राजनीति**
- हत्या ने एक बार फिर साबित कर दिया है कि बिहार लूट, गोली और हत्या के साए में जी रहा है

**टीम एक्शन इंडिया**
**पटना:** बिहार की राजधानी पटना में कारोबारी गोपाल खेमका की सरेआम हत्या पर राहुल गांधी ने बिहार को भारत की 'क्राइम कैपिटल' कहा है। राहुल ने सोशल मीडिया पर लिखा कि अपराध बिहार में न्यू नॉर्मल बन चुका है।
**राहुल ने लिखा- सरकार नाकाम, बिहार में अपराध न्यू नॉर्मल:** राहुल गांधी ने अपनी पोस्ट में लिखा कि पटना में व्यवसायी की सरेआम गोली मारकर हत्या ने एक बार फिर साबित कर दिया है कि बिहार लूट, गोली और हत्या के साए में जी रहा है। अपराध यहां नया नॉर्मल बन चुका है - और सरकार पूरी तरह नाकाम।
**तेजस्वी बोले- 65 हजार हत्याएं, फिर भी बिहार में मंगलराज:** बिहार के नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने रविवार को कहा कि एनडीए के शासन में अब तक 65,000 हत्याएं हो चुकी है फिर भी यहां मंगलराज है। मजाल है अचेत मुख्यमंत्री किसी घटना पर कोई व्यक्तव दे सके। इससे पहले खेमका के भाई शंकर खेमका ने भी कहा था, 'सरकार के लोग लालू प्रसाद के राज को जंगलराज कहते हैं। लेकिन, हमारे लिए तो उससे बड़ा जंगलराज अभी है। बिहार सरकार ऑर्गेनाइज क्राइम चला रही है। सभी जगह ब्लैक मार्केटिंग है। हर जगह लूट है।'
**खेमका को उनके अपार्टमेंट के सामने सिर में गोली मारी गई:** बिजनेसमैन खेमका की पटना में को गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। उन्हें रात 11 बजे गांधी मैदान थाना क्षेत्र के रामगुलाम चौक के पास उनके घर के बाहर सिर में गोली मार दी गई थी, इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई थी। वारदात का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया था, लेकिन अब तक अपराधी पकड़े नहीं जा सके हैं।



### 7 साल पहले खेमका के बेटे की भी हत्या हुई थी

बिजनेसमैन गोपाल खेमका के बेटे गुंजन खेमका की 2008 में इसी तरह हत्या कर दी गई थी। हाजीपुर इंडस्ट्रियल एरिया में उनकी कॉटन फैक्ट्री के सामने ही अपराधियों ने उन्हें गोली मार दी थी। गोपाल खेमका के दूसरे बेटे गौरव में डॉक्टर हैं। उनकी बेटी लंदन में रहती हैं। बिहार के जानेमाने उद्योगपति गोपाल खेमका की पटना में रात हत्या हुई। उन्हें उनकी अपार्टमेंट के गेट पर ही अपराधी ने गोली मारी। मर्डर का वीडियो भी सामने आया है। मामले को लेकर पटना पुलिस जांच कर ही है। हत्या के तार बेऊर जेल से जुड़ रहे हैं।
पटना के उद्योगपति गोपाल खेमका हत्याकांड के बाद शनिवार को पटना के बेउर जेल में छापेमारी की गई। जेल में 3 मोबाइल मिलने के बाद तीन कक्षपाल को सस्पेंड किया गया है। वहीं तीन अधिकारियों को कारण बताओं नोटिस जारी किया गया है। बेउर जेल से तीनों मिले मोबाइल को IG जितेंद्र राणा जांच के लिए अपने साथ ले गए हैं।

### गोपाल हत्याकांड: बेउर जेल से प्रतिबंधित सामग्री बरामद

**टीम एक्शन इंडिया**
**पटना:** राजधानी पटना के चर्चित व्यवसायी गोपाल खेमका की हत्या ने पूरे बिहार में सनसनी फैला दी है। मामले की गंभीरता को देखते हुए न सिर्फ पुलिस और प्रशासन हरकत में आया है, बल्कि राज्य सरकार ने भी इसे चुनौतीपूर्ण मामला मानते हुए विशेष जांच दल का गठन कर दिया है। घटना के 36 घंटे बीत जाने के बावजूद मुख्य आरोपी की गिरफ्तारी नहीं हो सकी है, जिससे पुलिस की कार्यशैली पर भी सवाल उठने लगे हैं। उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने इस हत्याकांड को सरकार के लिए चुनौती बताया है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि अपराधी चाहे जहां भी छिपे हों, बख्शे नहीं जाएंगे। सम्राट चौधरी ने भरोसा दिलाया कि बिहार पुलिस आम व्यवसायियों की सुरक्षा के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है और भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो, इसके लिए कड़े कदम उठाए जाएंगे।

## पूर्व सीजेआई चंद्रचूड़ ने रिटायर होने के बाद खाली नहीं किया बंगला

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** पूर्व मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ का सरकारी बंगले में ज्यादा दिन तक रुकना अब विवाद का कारण बन गया है। सुप्रीम कोर्ट प्रशासन ने केंद्र सरकार को पत्र लिखकर आग्रह किया है कि 5, कृष्णा मेनन मार्ग स्थित बंगला तुरंत खाली करवाया जाए। चंद्रचूड़ नवंबर 2024 में रिटायर हुए थे, लेकिन अब तक वहीं रह रहे हैं। सुप्रीम कोर्ट ने एक जुलाई को केंद्रीय आवास एवं शहरी मामलों के मंत्रालय को पत्र लिखकर कहा है कि देश के पूर्व मुख्य न्यायधीश चंद्रचूड़ तय समय से ज्यादा दिन बंगले में रह रहे हैं।



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी चार दिनों की यात्रा पर ब्राजील पहुंचे हैं। इस दौरान वे 17वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में भाग लेंगे। राष्ट्रपति लुईस इनासियो लूला दा सिल्वा से गर्मजोशी के साथ मिलते हुए पीएम मोदी।

## केरल में पैर पसार रहा निपाह वायरस

**अलर्ट**
- सबसे ज्यादा 228 लोग मलप्पुरम जिले में पलक्कड़ में 110 और कोझिकोड में 87 लोग निगरानी में रखे गए हैं




**टीम एक्शन इंडिया**
**तिरुवनंतपुरम:** केरल में निपाह वायरस ने कहर बरपाया हुआ है। इसके चलते 425 लोगों पर निगरानी रखी गई है। इस बात की पुष्टि राज्य के स्वास्थ्य मंत्री वीना जॉर्ज ने की। उन्होंने बताया कि सबसे ज्यादा 228 लोग मलप्पुरम जिले में पलक्कड़ में 110 और कोझिकोड में 87 लोग निगरानी में रखे गए हैं। एक शख्स का टेस्ट नेगेटिव आया है। प्रभावित इलाकों में व्यापक निगरानी और रोकथाम के उपाय शुरू कर दिए गए हैं। मलप्पुरम में इस प्रकोप का पता लगाने और आगे फैलने से रोकने के लिए फील्डवर्क शुरू कर दिया गया है। मक्करापारम्बा, कुरुवा, कूट्टिलांगडी और मांकडा की पंचायतों के 20 वार्डों में निगरानी अभियान चलाया गया है। कुल 65 टीमों ने घर-घर जाकर जागरुकता अभियान चलाया और 1655 घरों का दौरा किया।
**टीम ने मेडिकल अफसर को सौंपी रिपोर्ट**
इस टीम का नेतृत्व डॉ. एनएन पामीला ने किया और सीके सुरेश कुमार, एम. शाहुल हमीद और डॉ. किरण राज ने सपोर्ट किया। टीम ने जिला चिकित्सा अधिकारी डॉ. रेणुका को एक विस्तृत रिपोर्ट सौंपी है। 61 स्वास्थ्य कर्मियों की पहचान करीबी संपर्क के रूप में की गई। स्वास्थ्य मंत्री वीना जॉर्ज की अध्यक्षता में एक हाई लेवल रिव्यू मीटिंग की गई। इस बैठक में स्वास्थ्य विभाग के अलावा मुख्य सचिव, एनएचएम स्टेट मिशन के डायरेक्टर, मेडिकल एजूकेशन के डायरेक्टर, एडिशनल डायरेक्टर्स, जिला कलेक्टर, जिला चिकित्सा अधिकारी, पुलिस अधिकारी और अलग-अलग विभागों के प्रतिनिधियों समेत वरिष्ठ अधिकारियों ने हिस्सा लिया।

## भारत ने दिया अहिंसा और शांति का संदेश: नितिन गडकरी

**टीम एक्शन इंडिया**
**नागपुर:** केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने कहा कि दुनिया में रूस-यूक्रेन और इस्राइल-ईरान जैसे युद्धों के कारण टकराव का माहौल बन गया है। उन्होंने चेतावनी दी कि ऐसी स्थिति बन रही है जिससे कभी भी विश्व युद्ध छिड़ सकता है। केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी नागपुर में 'बियॉन्ड बॉर्डर्स' नाम के पुस्तक के विमोचन कार्यक्रम में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि बड़ी महाशक्तियों की तानाशाही और अधिनायकवाद के चलते दुनिया से समन्वय, सौहार्द और प्रेम खत्म होता जा रहा है। उन्होंने कहा, 'आज पूरी दुनिया में संघर्ष का वातावरण है। रूस-यूक्रेन और इस्राइल-ईरान के बीच युद्ध जारी हैं। ऐसे हालात बन रहे हैं कि कभी भी वर्ल्ड वॉर जैसी स्थिति पैदा हो सकती है।'

## 'सत्य का मार्ग अपनाने के लिए प्रेरित करता है इमाम हुसैन का बलिदान'

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री मोदी नरेन्द्र मोदी ने कहा कि हजरत इमाम हुसैन द्वारा दिया गया बलिदान धर्म के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को दशार्ता है। वह लोगों को विपरीत परिस्थितियों में भी सत्य का मार्ग अपनाने के लिए प्रेरित करते हैं। प्रधानमंत्री ने एक्स पर पोस्ट में कहा, हजरत इमाम हुसैन (ए.एस.) का बलिदान धर्म के प्रति उनकी प्रतिबद्धता की याद दिलाता है।



वह लोगों को विपरीत परिस्थितियों में भी सत्य का मार्ग अपनाने के लिए प्रेरित करते हैं। उल्लेखनीय है कि आज इस्लाम में आशूरा का दिन है, जो मुहर्रम माह की 10वीं तिथि को आता है।

## मोदी पहुंचे ब्राज़ील, ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेंगे

**टीम एक्शन इंडिया**
**रियो डी जेनेरियो।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी चार दिनों की यात्रा पर ब्राजील पहुंचे हैं। इस दौरान वे 17वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में भाग लेंगे। यह प्रधानमंत्री मोदी की पांच देशों की यात्रा का चौथा चरण है। उनकी इस यात्रा को लेकर प्रवासी भारतीयों में खासा उत्साह देखा गया। जिन्होंने गर्मजोशी के साथ उनका स्वागत किया। ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेने के लिए प्रधानमंत्री मोदी प्रधानमंत्री शनिवार शाम (स्थानीय समय के अनुसार) रियो



डी जेनेरियो के गैलेओ इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर पहुंचे जहां उनका भव्य स्वागत किया गया। राष्ट्रपति लुईस इनासियो लूला दा सिल्वा के निमंत्रण पर ब्राजील पहुंचे प्रधानमंत्री मोदी रियो डी जेनेरियो में 17वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में भाग लेंगे, उसके बाद राजकीय यात्रा पर जाएंगे। प्रधानमंत्री मोदी ने सोशल मीडिया पर पोस्ट साझा कर कहा कि ब्राजील के रियो डी जेनेरियो पहुंचा, जहां मैं ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में भाग लूंगा और बाद में राष्ट्रपति लूला के निमंत्रण पर राजधानी ब्रासीलिया जाऊंगा। इन बैठकों और बातचीत से एक उत्पादक दौर की उम्मीद है।

**भव्य स्वागत**
- यह मोदी की पांच देशों की यात्रा का चौथा चरण है। उनकी इस यात्रा को लेकर प्रवासी भारतीयों में उत्साह देखा गया

## राफेल लड़ाकू विमान को बदनाम करने के लिए दुष्प्रचार कर रहा चीन



**टीम एक्शन इंडिया**
**पेरिस:** फ्रांस की सैन्य और खुफिया एजेंसियों ने अपनी एक रिपोर्ट में खुलासा किया है कि चीन अपने दूतावासों के जरिए फ्रांस के लड़ाकू विमान राफेल फाइटर जेट के खिलाफ दुष्प्रचार कर रहा है और फ्रांसीसी लड़ाकू विमानों की क्षमता पर संदेह पैदा करने की कोशिश कर रहा है। खासकर भारत और पाकिस्तान के बीच मई में हुए संघर्ष के बाद इस दुष्प्रचार में तेजी आई है। चीन, राफेल लड़ाकू विमानों के मुकाबले अपने लड़ाकू विमानों को बेहतर बनाकर पेश कर रहा है।
**भारत-पाकिस्तान संघर्ष को लेकर फैलाई जा रहीं फर्जी खबरें:** रिपोर्ट्स के अनुसार, चीन के दूतावासों में तैनात डिफेंस अताशे विभिन्न देशों को राफेल लड़ाकू जेट नहीं खरीदने पर जोर दे रहे हैं। खासकर इंडोनेशिया को मनाने की कोशिश हो रही है, जो राफेल जेट खरीदने पर विचार कर रहा है। इतना ही नहीं चीन अपने लड़ाकू विमानों का प्रचार कर रहा है और विभिन्न देशों पर उन्हें खरीदने के लिए जोर डाल रहा है। पहलगाम आतंकी हमले के बाद मई में भारत और पाकिस्तान के बीच भीषण संघर्ष हुआ था, जिसमें मिसाइलों और लड़ाकू विमानों का इस्तेमाल किया गया। सैन्य विशेषज्ञ अब इस बात का पता लगाने में जुटे हैं कि पाकिस्तान के चीन में निर्मित हथियारों खासकर लड़ाकू विमानों ने भारत के फ्रांस निर्मित राफेल लड़ाकू विमानों के खिलाफ कैसा प्रदर्शन किया। पाकिस्तान का दावा है कि उसने भारत के पांच लड़ाकू विमान गिराए, जिनमें तीन राफेल जेट भी शामिल हैं।

**समिति**
### कर्नाटक की विशेषज्ञ समिति ने अपनी रिपोर्ट में कही बड़ी बात
## 'कोविड वैक्सीन और हार्टअटैक के बीच नहीं है कोई संबंध'

**टीम एक्शन इंडिया**
**बेंगलुरु।** कर्नाटक के हासन में हाल ही में दिल के दौरे से हुई मौतों की जांच के लिए गठित विशेषज्ञ समिति ने भी कहा है कि इन मौतों का कोविड-19 संक्रमण या कोविड टीकों के बीच कोई संबंध नहीं है। रिपोर्ट में यहां तक कहा गया है कि कोविड-19 के टीके लंबे समय में हृदय संबंधी बीमारियां से बचाते हैं।
**केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय जारी किया था बयान**
इससे पहले केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने भी कहा था कि कोरोना रोधी वैक्सीन और दिल के रोगों से मौतों के बीच कोई संबंध नहीं है। राज्य सरकार ने यह समिति हासन जिले में दिल के दौरे से 20 से अधिक लोगों की मौतों की जांच के लिए जयदेव हृदय विज्ञान और अनुसंधान संस्थान के निदेशक डा. रविंद्रनाथ की अध्यक्षता में बनाई थी।
**कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्दरमैया ने उठाए थे सवाल**
गौरतलब है कि कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्दरमैया ने दिल के दौरे से होने वाली मौतों को कोरोना रोधी वैक्सीन से जोड़ा था। उन्होंने कहा था कि कोरोनारोधी वैक्सीन को जनता के लिए जल्दबाजी में मंजूरी देना और इन्हें लोगों को लगाया जाना इन मौतों का एक कारण हो सकता है। उनके बयान की भाजपा और बायोकॉन की संस्थापक किरण मजूमदार शॉ ने तीखी आलोचना की थी। युवाओं में दिल के रोगों की वृद्धि के लिए लांग कोविड जिम्मेदार
समिति ने दो जुलाई को सरकार को पेश की गई रिपोर्ट में कहा गया है कि वर्तमान डाटा के आधार पर यह नहीं कहा जा सकता कि युवाओं में दिल के रोगों की वृद्धि के लिए लांग कोविड जिम्मेदार है।
लांग कोविड जिसे पोस्ट-कोविड के रूप में भी जाना जाता है, स्वास्थ्य समस्याओं को संदर्भित करता है जो प्रारंभिक कोविड-19 संक्रमण के बाद बनी रह सकती है या विकसित हो सकती है। ये लक्षण हफ्तों, महीनों या सालों तक रह सकते हैं।




**विशेषज्ञ**
- कोविडरोधी टीके लंबे समय में हृदय संबंधी बीमारियां से बचाते हैं

## हार से बौखला गई बीजेपी : केजरीवाल

**टीम एक्शन इंडिया**
**अहमदाबाद।** आम आदमी पार्टी के विधायक चैतर वसावा को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। बीते दिन पंचायत प्रमुख संजय वसावा के साथ हुई हाथापाई के बाद गुजरात पुलिस ने एक्शन लिया, जिसे लेकर अब राज्य में सियासी भूचाल खड़ा हो गया है। आप प्रमुख अरविंद केजरीवाल ने चैतर वसावा पर निशाना साधा है। अरविंद केजरीवाल ने आप नेता चैतर विसावा की गिरफ्तारी की कड़ी आलोचना की है। केजरीवाल का कहना है कि चैतर लगातार बीजेपी के भ्रष्टाचार की पोल खोल रहे थे, इसलिए उन्हें हिरासत में लिया गया है।

# ग्रीनमैन प्रोफेसर दलजीत कुमार ने हाली पार्क में चलाया वृक्षारोपण अभियान

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, (कमाल हुसैन)** ग्रीनमैन की उपाधि प्राप्त देशबंधु गुप्ता राजकीय महाविद्यालय पानीपत में असिस्टेंट प्रोफेसर इतिहास के पद पर कार्यरत ग्रीनमैन दलजीत कुमार ने ग्रीन पानीपत, ग्रीन हरियाणा व ग्रीन भारत अभियान के अंतर्गत पानीपत के हाली पार्क में वृक्षारोपण अभियान का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि अफसर रावल वाइस चेयरमैन हरियाणा, पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन संवर्धन परिषद शामिल हुए।
ग्रीनमैन प्रोफेसर दलजीत कुमार ने बताया कि आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मुहिम " एक पौधा मां के नाम" के अंतर्गत चार राष्ट्रीय वृक्ष बरगद, तीन पीपल,दो जंगली पापड़ी, दो पिलखन, एक कटहल सहित सात से दस फुट बड़े 12 वृक्ष रोपित किए। इस दौरान दीपक नारंग, मनोज, जितेंद्र, गुरमीत सरदार, रिवर्स कॉलोनी पानीपत द्वारा स्वेच्छा से आज लगाए वृक्षों को गोद लिया। ग्रीनमैन ने बताया कि आज हाली पार्क से एक नई मुहिम " एक पौधा दादाःपौते के साथ " का शुभारंभ भी किया गया वहीं "बेटा-बेटी एक समानःएक पौधा बेटी के नाम" मुहिम के तहत बेटियों से राष्ट्रीय वर्ष बरगद रोपित करवाया गया।वाइस चेयरमैन अफसर रावल ने कहा कि हाली पार्क पानीपत का ऐतिहासिक पार्क है इसके रखरखाव के लिए जल्दी ही जिला प्रशासन से मिलकर प्रशासन के सहयोग से सार्थक प्रयास किए जाएंगे। इसके साथ ही ग्रीनमैन प्रोफेसर दलजीत कुमार और उनकी वृक्ष मित्र समूह की तारीफ करते हुए कहा कि पर्यावरण संरक्षण की दिशा में ग्रीनमैन 24 घण्टे और 365 दिन लगातार लगे रहते है जनसाधारण को इनके निस्वार्थ पर्यावरण संरक्षण के कामो से प्रेरणा लेनी चाहिए।उन्होंने लोगो का आह्वान करते हुए कहा कि आओ सभी मिलकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मुहिम "एक पौधा माँ के नाम" से जुड़कर पौधारोपित करे।इस दौरान सन्दीप कल्याणी, विजेंद्र मलिक,मास्टर सतीश कुमार, गुरमीत सिंह, दीपक नारंग, मनोज, जितेंद्र,सुनील शर्मा, निशा, सिमरन,अर्जुन,सुनील अहलावत सहित 40 से अधिक गणमान्य नागरिकों और बच्चों ने वृक्षारोपण अभियान में भाग लिया।



**पौधारोपण**
मुख्यातिथि अफसर रावल वाइस चेयरमैन पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन संवर्धन परिषद शामिल हुए

## न्यूज फ्लैश

### व्यापार गतिरोध पर राहुल की टिप्पणी कूटनीतिक अपरिपक्वता का परिचायक: खंडेलवाल

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** भाजपा सांसद और कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के राष्ट्रीय महामंत्री प्रवीण खंडेलवाल ने शनिवार को राहुल गांधी की हालिया टिप्पणी पर पलटवार किया है। खंडेलवाल ने कहा कि राहुल की टिप्पणी, पीयूष गोयल चाहे जितना भी सीना ठोक लें, याद रखिए मोदी ट्रंप के टैरिफ अल्टीमेटम के आगे चुपचाप झुक जाएंगेह्व न केवल अशोभनीय है, बल्कि ये अंतरराष्ट्रीय कूटनीति और भारत की बदलती वैश्विक स्थिति की सतही समझ को भी दर्शात है। खंडेलवाल ने कहा कि दुनिया के दो सबसे बड़े लोकतांत्रिक देशों भारत-अमेरिका के बीच जटिल व्यापार वाताओं को इस तरह की हल्की और व्यंग्यात्मक भविष्यवाणी में समेट देना एक जिम्मेदार राष्ट्रीय नेता को शोभा नहीं देता। विदेश नीति और व्यापार समझौते गंभीरता, रणनीतिक सोच और राष्ट्रीय एकता की मांग करते हैं, न कि तुच्छ राजनीतिक लाभ के लिए की गई टिप्पणियों की। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने अमेरिका, चीन या वैश्विक व्यापार संस्थाओं के साथ बातचीत में अपने राष्ट्रीय हितों की रक्षा करते हुए आत्मविश्वास और दृढ़ता का प्रदर्शन किया है। यह कहना कि भारत चुपचाप झुक जाएगा, उन भारतीय वातार्कारों के अथक प्रयासों का अपमान है, जो कूटनीति और आत्मनिर्भरता के बीच संतुलन बनाकर काम करते हैं। उल्लेखनीय है कि केंद्रीय मंत्री गोयल ने राहुल गांधी की ओर से भारत-अमेरिका व्यापार वार्ता पर दिए गए बयान पर कड़ी प्रतिक्रिया दी है। उन?होंने कहा कि भारत समय-सीमा के तहत बातचीत नहीं करता, बल्कि हम राष्ट्रहितों को ध्यान में रखते हुए वार्ता करते हैं।

### सीरियल किलर गिरफ्तार: टैक्सी चालकों की करता था हत्या

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** दिल्ली पुलिस को बड़ी कामयाबी हाथ लगी है। आर के पुरम क्राइम ब्रांच टीम ने एक सीरियल किलर को गिरफ्तार किया है। इस सीरियल किलर का नाम अजय लांबा है, जो करीब 25 साल से फरार था। अजय टैक्सी चालकों को अपना शिकार बनाता था। ये टैक्सी बुक करने के बाद उसे उत्तराखंड ले जाता था और वहां जाकर चालक की हत्या के बाद उसके शव को पहाड़ियों से खाई में फेंक देता था। इसने अपने साथियों के साथ मिलकर चार टैक्सी चालकों की हत्या की है। पुलिस के अनुसार यह गिरोह पिछले कई वर्षों से एक्टिव था। साल 2001 से सीरियल किलर्स का ये गैंग वारदातों को अंजाम दे रहा था। टैक्सी चालकों के गायब होने के दर्जनों मामले दिल्ली में दर्ज हैं। पुलिस को शक है कि इस गिरोह का दर्जनों टैक्सी चालकों के गायब होने में हाथ हो, इन्होंने उस चालकों की भी हत्या कर दी हो। जांच में सामने आया है कि ये लोग पहले दिल्ली से रेंट पर गाड़िया बुक करते थे, उसके बाद उसे उत्तराखंड ले जाते थे। उसे नशीला पदार्थ देकर बेहोश कर दिया जाता था। रिपोर्ट्स के मुताबिक, अजय लांबा नेपाल में भी करीब 10 साल तक छिपा रहा। इतना ही नहीं अजय ने वहां एक लड़की से शादी भी कर ली। इस गिरोह के अन्य सदस्य धीरेंद्र और दिलीप पांडे की गिरफ्तारी पहले हो चुकी है। एक आरोपी धीरज अभी भी फरार है। जिसकी तलाश की जा रही है।

### बजरंग युवा क्लब ने चलाया पौधारोपण अभियान

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**
**महेंद्रगढ़।** बजरंग युवा क्लब खातौद द्वारा शिव धाम में त्रिवेणी लगाई गई। विधायक कंवर सिंह यादव के पुत्र राहुल यादव ने एक पेड़ मां के नाम अभियान में मौजूद रहे। राहुल यादव ने कहा कि बजरंग युवा क्लब खातोद द्वारा हर वर्ष पर्यावरण क्षेत्र में अपना योगदान देते है। संपूर्ण मानवता का अस्तित्व प्रकृति पर निर्भर है।

# ड्रग्स एब्यूज और ड्रग्स एडिक्शन विषय पर प्रतियोगिता आयोजित




**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, (कमाल हुसैन )**
**राजकीय** मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय गोयला खुर्द में सुरक्षा समीति के द्वारा प्रधानाचार्य आरती सलूजा के निर्देशन में ड्रग्स एब्यूज और ड्रग्स एडिक्शन विषय पर पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया । इस प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। इस आयोजन का शुभारंभ स्कूल की प्रधानाचार्या आरती सलूजा के द्वारा किया गया ।इस अवसर पर विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए आरती सलूजा ने कहा कि समाज को इस प्रकार के मादक पदार्थों और आपूर्तिकताओं का बहिष्कार करना चाहिए। उन्होंने विद्यार्थियों को कहा कि आप सभी का जीवन एक अनमोल उपहार है , इसको नशे से बर्बाद नहीं किया जाना चाहिए । नशा आपको ऐसे व्यक्ति में बदल देगा जो आप कभी भी बनना नहीं चाहते । उन्होंने युवा पीढ़ी को आत्म -विनाशकारी साधनों के बजाय रचनात्मक पथ पर चलने के लिए निर्देशित किया और कहा कि नशीली दावों की आपूर्ति करने वालों का सामाजिक बहिष्कार किया जाना चाहिए। उन्होंने सभी विधार्थियों से आह्वान किया कि आज हमे शपथ लेनी चाहिए कि , हम किसी भी प्रकार की ड्रग्स या नशीले पदार्थों का प्रयोग नहीं करेंगे और यदि कोई ऐसा विद्यार्थी मिलता है तो उसको इस ड्रग्स की लत से बाहर आने में मदद करेंगे । इस प्रतियोगिता में लगभग 48 विद्यार्थियों ने भाग लिया । इस प्रतियोगिता में पोस्टर मेकिंग में रितिका प्रथम स्थान पर, निकिता और सृष्टि द्वितीय स्थान, उज्जवल और सहिर तृतीय स्थान पर व सिया सांत्वना पुरस्कार दिया गया । इस प्रतियोगिता में निर्णायक मंडल की भूमिका राजवीर सिंह, सुखविंदर और ऋतु के द्वारा निभाई गई । इस प्रतियोगिता के आयोजन में रितिका जताना , अनिल वैध, सोखेंद्र कुमार, मोनू रावल, विनोद रावल का विशेष योगदान रहा।

**पोस्टर मेकिंग**
सलूजा के निर्देशन में ड्रग्स एब्यूज और ड्रग्स एडिक्शन विषय पर पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया

# माजरा खुर्द के पंच का आमरण अनशन चौथे दिन रहा जारी, पंच ने सीबीआई जांच की उठाई मांग

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**
**महेंद्रगढ़।** शहर के बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर चौक पर माजरा खुर्द के पंच सुरेंद्र यादव का आमरण अनशन रविवार को चौथे दिन में प्रवेश कर गया हैं। पंच द्वारा आमरण अनशन पर बैठे सुरेंद्र यादव को महेंद्रगढ़ ब्लॉक समिति चेयरपर्सन विजयलक्ष्मी ने भी पहुंचकर सेहत पर चिंता जाहिर की। पंच सुरेंद्र यादव ने कहा कि गांव की सरपंच दीपिका पत्नी प्रवीण की शादी बाद में हुई थी, लेकिन दीपिका गांव की सरपंच पहले बन गई। जब शादी ही नहीं हुई तो माजरा खुर्द की सरपंच कैसे बनी? दीपिका पत्नी प्रवीण कुमार गांव की मतदाता कैसे बनी यह एक जांच का विषय है? यह एक बहुत बड़ा प्रजातंत्र में फजीवाड़ा है, जिसकी सीबीआई जांच होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि भारत का प्रजातंत्र चुनाव प्रक्रिया को विश्व में सबसे पारदर्शित माना गया है। उन्होंने फिर दोहराया कि जब तक गांव में सरपंच द्वारा किए गए गबन व घोटालों की जांच सरकार द्वारा उच्च स्तरीय एजेंसी से नहीं करवाई जाएगी, जब तक वह आमरण अनशन जारी रखेंगे और उनके साथ किसी तरह की भी घटना होगी, उसके लिए शासन और प्रशासन जिम्मेवार रहेगा। पंच सुरेंद्र ने दावा किया कि उन्हें भारी संख्या में लोगों का आमरण अनशन पर समर्थन मिल रहा हैं। उन्होंने कहा कि दूरभाष पर भी उन्हें बड़े-बड़े जनप्रतिनिधियों का समर्थन प्राप्त हो रहा है।
इस मौके पर महेंद्रगढ़ ब्लॉक समिति चेयरमैन विजयलक्ष्मी, सत्यवान, कंवर सिंह रंगा, रमेश कुमार बवाना, बलजीत चितलांग, सुरेश कुमार महेंद्रगढ़, अंकित लावण, सतवीर सिंह झगड़ोली, राकेश वर्मा महेंद्रगढ़, मुकेश माजरा खुर्द, सुमन माजरा खुर्द, अशोक कुमार माजरा खुर्द, जगदीश महायच महेंद्रगढ़, भूप सिंह ढाणी फोगाट, रमेश बवाना, बलजीत चितलांग, राजाराम सुरजनवास, सोमबीर बलाना, दौलत राम माजरा खुर्द, इंद्रजीत सिंह माजरा खुर्द, सुभाष चौहान निंबी, राजबाला सुरजनवास, लालचंद सुरजनवास, गोपी राम अग्रवाल, चमन सिंह निंबी सहित भारी संख्या में ग्रामीणों ने आमरण अनशन पर पहुंचकर अपना समर्थन दिया।



**अनशन**
आंबेडकर चौक पर माजरा खुर्द के पंच सुरेंद्र यादव का आमरण अनशन रविवार को चौथे दिन में प्रवेश कर गया

### प्रलोभन देकर की ठगी

**गुरुग्राम।** व्हाट्सएप के माध्यम से लिंक भेजकर ऐप पर टॉस्क पूरा करके रुपए कमाने का प्रलोभन देकर धोखाधड़ी से ठगी करने के मामले में तीन आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। साइबर अपराध थाना मानेसर मनोज कुमार ने रविवार को बताया कि ठगी गई राशि में से 25 हजार रुपये आरोपी के खाते में ट्रांसफर हुए थे। पुलिस के अनुसार एक महिला ने 15 अप्रैल 2025 को पुलिस थाना साइबर अपराध मानेसर को एक लिखित शिकायत दी थी। शिकायत में कहा था कि उसके पास वाट्सऐप पर एक लिंक आया था।

# मानवता भलाई केंद्र नूरवाला में ब्लॉक स्तरीय नाम चर्चा का किया आयोजन

**मुकदमा**
इन्सां ने पवित्र नारा धन-धन सतगुरु तेरा ही आसरा का नारा लगाकर नामचर्चा की शुरूआत की

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत. ( कमाल हुसैन )**
रविवार को डेरा सच्चा सौदा जिला पानीपत के ब्लॉक काबडी की साध संगत द्वारा ब्लॉक के एमएसजी डेरा सच्चा सौदा व मानवता भलाई केंद्र नूरवाला में ब्लॉक स्तरीय नामचर्चा का आयोजन किया। सुबह 10 बजे प्रेमी सेवक सोनू इन्सां ने पवित्र नारा धन-धन सतगुरु तेरा ही आसरा का नारा लगाकर नामचर्चा की शुरूआत की। नामचर्चा में आए हुए कविराज भाइयों ने भजनों द्वारा गुरु महिमा में मानस जन्म मिला सभी अधिकार है जाने किसकी जीत है और जाने किसकी हार हैं, 'बंदे वोही जगत में काम के जो है दीवाने तेरे नाम के, नाम के बगैर स्वांस जाणा नहीं चाहिदा' आदि शब्द गाकर गुरु महिमा का गुणगान किया। अन्तिम शब्द बहनों ने बोला। इसके बाद प्रेमी सेवक सोनू इन्सां ने साधसंगत से अरदास बुलवाई और अरदास के बाद समस्त साध संगत ने एकाग्रचित होकर कुछ समय के लिए सुमिरन किया। ब्लॉक प्रेमी सेवक ने मानवता भलाई कार्यों में बढचढ़ कर भाग लेने के लिए साध संगत को प्रेरित किया।



## अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

धारा 82(2)(ii) Cr.P.C. देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि **1.मीनाक्षी उर्फ सुनीता पत्नीः** स्व. मोहन लाल, **पताः** मकान नं. 38, ब्लॉक बी भाग्या विहार, ईनी खेड़ा, रोड़, मनदान पुर, दबास, कंझावला, रोहिणी, दिल्ली, **2.मो. अखिल पुत्रः** मो. यूनस, **पताः** मकान नं. 411, एफ3, ब्लॉक, सुलतान पुरी, दिल्ली, **FIR No. 154/20, U/s 323/354/354B/509/34 IPC**, थानाः कंझावला, दिल्ली के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **मीनाक्षी उर्फ सुनीता और मो. अखिल** मिल नहीं रहे हैं और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **मीनाक्षी उर्फ सुनीता और मो. अखिल** फरार हो गये हैं (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहें हैं)। इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 154/20, U/s 323/354/354B/509/34 IPC**, थानाः कंझावला, दिल्ली के उक्त अभियुक्त **मीनाक्षी उर्फ सुनीता और मो. अखिल** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **08.08.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
सुश्री एश्वर्या शर्मा
महानगर दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी
कोर्ट नं. 106 (उत्तर), रोहिणी कोर्ट, दिल्ली

DP/8883/RD/2025
(Court Matter)

# किसान 31 जुलाई तक करवाएं प्रधान मंत्री फसल का बीमा: उपायुक्त विरेंदर

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, ( कमाल हुसैन )**
**उपायुक्त** डॉक्टर विरेंदर कुमार दहिया ने जानकारी देते हुए बताया कि किसान 31 जुलाई तक नजदीकी बैंक में सरकार की महत्वाकांक्षी प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना का बीमा करवा सकते है। यह योजना किसानों की आपात स्थिति में लाभ प्रदान करेगी।
विभाग के सहायक सांख्यिकी अधिकारी हरबंस ने बताया कि किसानों को गैर ऋणी श्रेणी मे बीमा करवाने के लिए जमीन की फर्द आधार कार्ड प्रति, फसल बिजाई का प्रमाण पत्र अनिवार्य है। इसके अलावा जिन किसानों ने जमीन पट्टे/ठेके पर ले रखी है वे किसान बीमा करवाने के लिए जमीन की फरद आधार कार्ड की प्रति फसल बिजाई का प्रमाण पत्र के अलावा जमीन के मालिक से लिया गया एफिडेविट सीएससी पर जमा करवाकर प्रति एकड़ (ऊपर विर्णत) प्रिमियम राशि का भुगतान करके अपनी फसल का बीमा करवा सकते है।
योजना के तहत किसान अपनी फसल का बीमा अपने संबन्धित बैंक व नजदीकी सेंटर से 31 जुलाई 2025 तक करवा सकते है। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत स्थानीय आपदा के अन्तर्गत खड़ी फसल के दौरान भारी बारिश से जलभराव, बादल फटना व औलावृष्टि की स्थिति में फसल में नुकसान होने पर किसानों को व्यक्तिगत रूप से आपदा घटित होने के 72 घण्टे के अन्दर-अन्दर आवेदन स्वयं पीएमयू के मार्फत करना होगा। 72 घण्टे के बाद पीएमयू पर अपलोड किए गए आवेदन स्वीकार नही किए जांएगे। उन्होंने बताया कि इसके अलावा किसान कृषि रक्षक पोर्टल हेल्पलाईन न 14447 के माध्यम से भी अपनी शिकायत दर्ज करवा सकते है।
निर्धारित समय सीमा में प्राप्त बीमित किसानों के आवेदनों का सर्वे 15 दिन के अन्दर-अन्दर करवा कर बीमा कम्पनी क्लेम अदा कर देती है। धान फसल के लिए स्थानीय आपदा के तहत रिस्क कवरेज नहीं दिया जा सकता।

**महत्वाकांक्षी**
प्रति एकड़ (ऊपर विर्णत) प्रिमियम राशि का भुगतान करके अपनी फसल का बीमा करवा सकते है

## एक्शन इंडिया

(राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक)

समाचार पत्र में वर्गीकृत, अदालती सूचना, पासपोर्ट में नाम परिवर्तन, खोया- पाया, नाम परिवर्तन, नाम सुधार, बेदखली सूचना, मजहब परिवर्तन, बैंक नोटिस सहित सभी प्रकार की सूचना एवं विज्ञापन प्रकाशित कराने के लिए सम्पर्क करें :-

**एक्शन इंडिया मीडिया हाउस**
शक्ति कॉम्पलेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042
संपर्क सूत्र: 8447314925, 9999889104

विज्ञापनों के लिये भारत सरकार सहित दिल्ली सरकार, हरियाणा सरकार, उत्तराखंड सरकार, उत्तर प्रदेश सरकार, हिमाचल प्रदेश सरकार, राजस्थान सरकार सहित सभी सरकारी विभागों द्वारा मान्यता प्राप्त।

# क्लासीफाइड

## टूर एण्ड ट्रैवल्स

**कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया** फ्री वीजा, रहना, खाना, 2 साल का वर्क परमिट। कमाएं 3 लाख महीना। कोई पैसा ना वीजा से पहले ना बाद में। चाहिए हेल्पर, कारपेंटर, मेसन, वैल्डर, प्लम्बर, ड्राइवर, ऑपरेटर, स्टोरकीपर, वेटर, सुपरवाईजर, मैनेजर, कुक इत्यादि। सरकारी रजिस्टर्ड कंपनी से ही अप्लाई करें।
**फोन : 73476708**

**वर्क वीजा** कैनेडा, ऑस्ट्रेलिया, कंस्ट्रक्शन/स्टोर/आईटी कंपनियों में जरूरत :
स्टोर कीपर, कम्प्यूटर आपरेटर, फूड पैकर, ड्राईवर, इलेक्ट्रीशियन, प्लम्बर, सिक्योरिटी, गार्ड, वेटर, कुक, नो एडवांस, रहना, खाना, टिकट, बीमा फ्री। एजेंट्स वैलकम। **रूद्राश 9815119633, 9855577523**

**कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया** 3 साल का वीजा, फ्री रहना, खाना और टिकट कम्पनी देगी। सैलरी 2 से 3 लाख महीना। हैल्पर, कारपेन्टर, मैसन, प्लम्बर, ड्राईवर, कुक, वेटर, आपरेटर, सुपरवाईजर इत्यादि चाहिये। रजिस्टर्ड कम्पनी से ही अप्लाई करें।
**फोन : 7087033731**

**कनाडा, ऑस्ट्रेलिया,** दुबई, कुवैत, सऊदी, रशिया, सिंगापुर, में पढ़े-लिखे और अनपढ़ कारीगरों और हैल्पर की भारी जरूरत। वीजा के पैसे सैलरी से कटवाएं। फोन : 7710404041

## खोया-पाया

मैं श्वेता पाठक, पुत्री श्री प्रशांत कुमार शर्मा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कही खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0122362 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करे।

## बेदखली सूचना

**मैं** सुरेश पुत्र संजय सिंह बी1, तिलक नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र रमेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम महिमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू महिमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। २

## बेदखली सूचना

**मैं** महेश कुमार पुत्र शनि सिंह बी1, मंगोलपुरी का निवासी हूं। मेरा पुत्र महेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम सीमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू सीमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है।

## बेदखली सूचना

**मैं** सतीश शाह पुत्र मनीष शाह सी2 , पटेल नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र संचित शाह शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम मनोरमा शाह है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू मनोरमा शाह दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

## बेदखली सूचना

**मैं रामानंद पुत्र हनुमान प्रसाद निवासी नांगल चौधरी, तहसील नांगल चौधरी जिला महेंद्रगढ़ हल्फ से ब्यान करता हूँ कि मेरा पुत्र संजय मेरे व मेरे परिवार के कहने सुनने से बाहर है। वह अपनी मनमानी करता है। मैं संजय को अपनी चल व अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं व संबंध विच्छेद करता हूं।आज के बाद अगर कोई भी संजय से लेन देन करता है तो वह स्वयं जिम्मेदार होगा।मेरी व मेरे परिवार के किसी सदस्य की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।**

## बेदखली सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल श्री उदय प्रदाप पुत्र स्व. श्री मजोल लाल व चंदा पत्नी श्री मजोल लाल, निवासी-नंगली जालिब, जनकपुरी, बी-1 ब्लॉक , नई दिल्ली-58 के पुत्र राधेश्याम व उसकी पत्नी रमावती को उनके व्यवहार ठीक नहीं होने के कारण दिनांक 16-01-2015 को बेदखल कर दिया था लेकिन अब उनके व्यवहार मेरे मुवक्किल के प्रति अच्छे हो गये हैं। अब उनसे अपने सभी प्रकार के संबंध अपना लिए हैं तथा अब उपरोक्त दोनों उनके समस्त चल व अचल सम्पत्ति में हकदार होंगे और भविष्य में अब दोनों मेरे मुवक्किल के साथ रहेगें। अब उन दोनों से मेरे मुवक्किल को कोई शिकायत नहीं है।

## खोया-पाया

मैं राधा सचदेवा, पुत्री श्री संजय सचदेवा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कही खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0224532 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करे।

# सहकारिता को नए-नए क्षेत्रों में भागीदारी सुनिश्चित करनी चाहिए: विजेंद्र गुप्ता

सहकारिता आंदोलन से जुड़े उत्कृष्ट कार्यों को सम्मानित किया गया और सहयोग को मजबूत करने पर बल दिया

**भूमिका**

**अपनी भूमिका का विस्तार करते हुए नए-नए क्षेत्रों में सक्रियता से भागीदारी सुनिश्चित करनी चाहिए**




**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने कहा कि भारत आज जब एक समावेशी और आत्मनिर्भर अर्थव्यवस्था के निर्माण की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है, ऐसे में सहकारिता क्षेत्र को भी अपनी भूमिका का विस्तार करते हुए नए-नए क्षेत्रों में सक्रियता से भागीदारी सुनिश्चित करनी चाहिए। यह बातें उन्होंने रविवार को अंतरराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष 2025 के उपलक्ष्य में आयोजित समारोह को मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित करते हुए कही। यह कार्यक्रम गांधी स्मृति एवं दर्शन समिति में यूनाइटेड थ्रिफ्ट एंड क्रेडिट को-ऑपरेटिव सोसाइटीज फेडरेशन ऑफ दिल्ली लिमिटेड द्वारा सहकारिता वर्ष संग्रह और सहयोग सम्मान समारोह के अंतर्गत आयोजित किया गया। इसमें सहकारिता आंदोलन से जुड़े उत्कृष्ट कार्यों को सम्मानित किया गया और समाज में सहयोग की भावना को मजबूत करने पर बल दिया गया। गुप्ता ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि संयुक्त राष्ट्र ने वर्ष 2025 को अंतरराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष घोषित किया है, जिसका विषय है – सहकारिताएं एक बेहतर विश्व का निर्माण करती हैं। यह वैश्विक पहल सहकारिताओं की भूमिका को उजागर करती है। स्वामित्व और सामूहिक प्रयासों के माध्यम से सहकारिताएं लोगों को एकजुट कर उनकी साझा आर्थिक और सामाजिक आवश्यकताओं को लोकतांत्रिक स्वामित्व और सामूहिक प्रयासों के माध्यम से पूरा करने का माध्यम बनती हैं। ये संयुक्त राष्ट्र के सतत विकास लक्ष्यों की प्राप्ति में विशेष रूप से सम्मानजनक कार्य को बढ़ावा देने, असमानता को घटाने, और गरीबी उन्मूलन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं।

विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि संग्रह और सहयोग सम्मान कार्यक्रम इस बात का उदाहरण है कि स्थानीय सहकारी समितियां किस प्रकार सहकारिता के मूल सिद्धांतों (बचत को प्रोत्साहित करना, ऋण सुविधा उपलब्ध कराना, और सशक्त सामुदायिक नेटवर्क का निर्माण करना) को साकार कर रही हैं। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की संस्थाएं विशेष रूप से उन नागरिकों को सशक्त बनाती हैं, जिन्हें पारंपरिक वित्तीय प्रणालियों तक पहुंच नहीं है। ये संस्थाएं उन्हें आजीविका सुधारने के लिए आवश्यक संसाधन और विश्वास प्रदान करती हैं।

विजेंद्र गुप्ता ने यह रेखांकित किया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सहकारिता आंदोलन अब विकसित भारत की एक मजबूत आधारशिला के रूप में उभर रहा है। उन्होंने कहा कि इन पहलों का उद्देश्य वित्तीय समावेशन को गहराना, शासन व्यवस्था का आधुनिकीकरण करना, नए क्षेत्रों में विस्तार करना, और सहकारिताओं को वैश्विक बाजार से जोड़ना है। यह परिवर्तन आज प्राथमिक कृषि ऋण समितियों , सहकारी बैंकों, कर व्यवस्था, और निर्यात उन्मुख राष्ट्रीय सहकारिताओं की सुदृढ़ता में स्पष्ट रूप से देखा जा सकता है, जो आत्मनिर्भर भारत के लक्ष्य में सीधे योगदान दे रहे हैं। गुप्ता ने सहकारी संस्थाओं से आग्रह किया कि वे पारदर्शिता बनाए रखें, आधुनिक तकनीकों को अपनाएं, और नए दृष्टिकोण के साथ आगे बढ़ें, ताकि वे वर्तमान सामाजिक-आर्थिक चुनौतियों का प्रभावी रूप से सामना कर सकें।

## नशे के खिलाफ लड़ाई में जनसहयोग जरूरी: मंत्री

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली।** दिल्ली के समाज कल्याण मंत्री रविंद्र इंद्राज सिंह ने उत्तर-पश्चिम दिल्ली स्थित बवाना क्षेत्र की जेजे कॉलोनी का दौरा करते हुए जन सुनवाई की। इस दौरान उन्होंने नशे के खिलाफ लड़ाई में जनसहयोग की अपील की। मंत्री ने एक बयान में कहा कि नशे की लत किसी भी व्यक्ति को केवल शारीरिक और मानसिक रूप से ही नहीं, बल्कि सामाजिक रूप से भी कमजोर बना देती है। उन्होंने कहा कि नशा न केवल व्यक्ति को परिवार से दूर करता है, बल्कि समाज में उसकी प्रतिष्ठा भी समाप्त कर देता है। अगर कोई व्यक्ति अपनी मेहनत की कमाई नशे में गंवा देगा तो बच्चों की पढ़ाई-लिखाई और भविष्य पर गंभीर असर पड़ेगा। समाज कल्याण मंत्री ने कहा कि दिल्ली सरकार प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के नेतृत्व में राज्य को नशामुक्त बनाने के लिए पूर्ण रूप से प्रतिबद्ध है। नशे की समस्या को जड़ से समाप्त करने के लिए दिल्ली सरकार हर संभव प्रयास कर रही है।

## मां की मौत से परेशान किशोरी ने फंदा लगाकर दी जान

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** जहांगीरपुरी इलाके में डेढ़ माह पहले मां की मौत के बाद से परेशान किशोरी ने अपने घर में फंदा लगाकर जान दे दी। उसकी शिनाख्त कोमल (17) के रूप में हुई है। उसके पास से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। आशंका है कि डिप्रेशन की वजह से लड़की ने खुदकुशी की है। पुलिस ने मामले की छानबीन शुरू कर दी है। कोमल अपने परिवार के साथ जहांगीरपुरी सी ब्लॉक में इमारत की पहली मंजिल पर रहती थी। भूतल पर उसके चाचा का परिवार था। वह 12वीं कक्षा की छात्रा थी। शुक्रवार रात वह अपने कमरे से नहीं निकली।



मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने रविवार को शहीदी पार्क में केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव, दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा एवं भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेताओं के साथ डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी को उनकी जयंती पर माल्यार्पण कर नमन किया।

# दिल्ली समेत देश कई राज्यों में बारिश का दौर जारी रहेगा

**भारी बारिश**

**न्यूनतम तापमान क्रमशः 34 से 36 डिग्री सेल्सियस और 26 से 28 डिग्री सेल्सियस के बीच रहने की संभावना है**



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** दिल्ली समेत देश के कई हिस्सों में अगले छह दिनों तक भारी से बहुत भारी बारिश होने की संभावना है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के अनुसार पूर्वी मध्य प्रदेश और हिमाचल प्रदेश में अत्यधिक बारिश की संभावना है। रविवार एवं सोमवार को मध्य महाराष्ट्र के घाट क्षेत्रों में अलग-अलग स्थानों पर भारी बारिश हो सकती है। आईएमडी के अनुसार, पिछले 24 घंटों में पूर्वी मध्य प्रदेश में कुछ स्थानों पर भारी से बहुत भारी वर्षा तथा एक-दो स्थानों पर अत्यंत भारी वर्षा दर्ज की गई है। पूर्वी राजस्थान, पश्चिमी उत्तर प्रदेश, पश्चिमी मध्य प्रदेश, मध्य महाराष्ट्र के घाट क्षेत्रों, दक्षिण आंतरिक कर्नाटक में अलग-अलग स्थानों पर भारी से बहुत भारी वर्षा (7-20 सेमी) दर्ज की गई है। कोंकण और गोवा, पश्चिम बंगाल, पंजाब, हरियाणा, जम्मू, अरुणाचल प्रदेश, असम और मेघालय, नगालैंड, ओडिशा, झारखंड, गुजरात राज्य, छत्तीसगढ़, केरल, तटीय कर्नाटक में अलग-अलग स्थानों पर भारी वर्षा (7-11 सेमी) दर्ज की गई है। तमिलनाडु, केरल, आंतरिक कर्नाटक, तटीय आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, रायलसीमा, मध्य महाराष्ट्र, मराठवाड़ा, असम और मेघालय, पश्चिम उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, अंडमान और निकोबार द्वीप समूह, ओडिशा, कोंकण, बिहार, हिमाचल प्रदेश, सौराष्ट्र और कच्छ में अलग-अलग स्थानों पर 40-60 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चलने के साथ तूफान आया।

मौसम विभाग ने बताया कि दिल्ली में अधिकतम और न्यूनतम तापमान क्रमशः 34 से 36 डिग्री सेल्सियस और 26 से 28 डिग्री सेल्सियस के बीच रहने की संभावना है। न्यूनतम तापमान सामान्य के करीब रहेगा, जबकि अधिकतम तापमान सामान्य से 1 से 2 डिग्री कम रहने की संभावना है।

# सिरसा ने की राजौरी गार्डन क्षेत्र में सड़कों के निर्माण कार्य की शुरूआत

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** पर्यावरण मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने को अपने निर्वाचन क्षेत्र राजौरी गार्डन में सड़कों के नव निर्माण कार्य की शुरूआत की। उन्होंने कहा कि यह सभी विकास कार्य मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के मजबूत नेतृत्व का परिणाम है। उनके सहयोग और मार्गदर्शन से ही आज विकसित दिल्ली का संकल्प पूरा हो रहा है और नागरिकों को बेहतर सुविधाएं मिल रही हैं। सिरसा ने इस दौरान पत्रकारों से कहा कि इलाके में भाजपा सरकार नए कामों की शुरूआत कर रही है और अब तक पांच करोड़ रुपये के कामों की शुरूआत हो चुकी है। उन्होंने पिछली सरकार पर यहां विकास न करने का भी आरोप लगाया है।

मंत्री सिरसा ने इलाके में अवैध रूप से चल रही फैक्टरियों और कच्चे मांस की दुकानों पर सख्त कार्रवाई करने के आदेश दिए हैं। उन्होंने कहा कि रिहायशी इलाके में ऐसी गतिविधियां बर्दाश्त नहीं की जाएंगी।

उन्होंने कहा कि रोहिंगिया, बांग्लादेशी या जिन लोगों ने यहां आकर गुंडागर्दी मचा रखी है उसके खिलाफ सरकार सख्त कार्रवाई कर रही है। क्षेत्र में किसी भी प्रकार की गुंडागर्दी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। राजौरी गार्डन को एक आदर्श विधानसभा क्षेत्र बनाने तक यहां विकास के काम जारी रहेंगे।

# स्नातक प्रवेश के लिए अलॉटमेंट-कम-एडमिशन शेड्यूल जारी

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** दिल्ली विश्वविद्यालय (डीयू) ने शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए स्नातक पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए कॉमन सीट अलोकेशन सिस्टम (सीएसएएस -यूजी) के द्वितीय चरण की तिथि घोषित कर दी है। विश्वविद्यालय के अनुसार, सीयूईटी-यूजी 2025 के परिणाम घोषित हो चुके हैं और अब मंगलवार, 8 जुलाई से सीएसएएस का फेज-2 शुरू होगा। दिल्ली विश्वविद्यालय के कुलसचिव ने शनिवार को बताया कि सीएसएएस फेज-1 और फेज-2 दोनों 14 जुलाई रात 11:59 बजे तक खुले रहेंगे। इस दौरान पहले चरण में सफलतापूर्वक रजिस्ट्रेशन करा चुके छात्र अपने पसंदीदा कोर्स और कॉलेज की प्राथमिकताएं चुन सकते हैं। जिन छात्रों ने अभी तक रजिस्ट्रेशन नहीं किया है, वे भी इस अवधि में सीएसएएस पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन कर सकते हैं। प्राथमिकताओं को अंतिम समय तक ऑटो-लॉक कर दिया जाएगा। विश्वविद्यालय ने छात्रों को एक बार की सुधार सुविधा भी प्रदान की है। छह से 11 जुलाई 2025 रात 11:59 बजे तक छात्र अपने आवेदन फॉर्म में सुधार कर सकते हैं। यह सुविधा केवल उन्हीं छात्रों को उपलब्ध है जिन्होंने सीएसएएस फेज-1 पूरा कर लिया है। फॉर्म एक बार सबमिट करने के बाद दोबारा नहीं खोलेगा, अतः सावधानीपूर्वक बदलाव करें। दाखिला प्रक्रिया की शुरूआत 6 जुलाई से होगी, जब पहले चरण में पंजीकृत उम्मीदवारों के लिए आवेदन पत्र में सुधार (संशोधन) करने की सुविधा दी जाएगी। यह सुधार विंडो 11 जुलाई की रात 11:59 बजे तक खुली रहेगी। इसके बाद, आठ से 14 जुलाई की रात 11:59 बजे तक, उम्मीदवारों को अपनी पसंद के पाठ्यक्रम और कॉलेज चुनने होंगे। 14 जुलाई को रात 11:59 बजे सभी उम्मीदवारों की भरी गई प्राथमिकताएं स्वतः लॉक हो जाएंगी। 15 जुलाई को शाम 5 बजे, विश्वविद्यालय द्वारा अनुमानित रैंक (सिम्युलेटेड रैंक) जारी की जाएगी।




# नवंबर तक अतिक्रमण मुक्त होगा यमुना नदी का डूब क्षेत्र



**कार्ययोजना**

**सरकार ने एजेंसियों को नदी की सफाई और कायाकल्प के लिए 45 सूत्री कार्ययोजना के तहत नवंबर तक यमुना के डूब क्षेत्र से सभी अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए**

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** दिल्ली सरकार ने यमुना डूब क्षेत्र को नवंबर तक अतिक्रमण मुक्त करने का लक्ष्य रखा है। इसके तहत सरकार ने एजेंसियों को नदी की सफाई और कायाकल्प के लिए 45 सूत्री कार्ययोजना के तहत नवंबर तक यमुना के डूब क्षेत्र से सभी अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता की पहल पर इस योजना को लेकर हाल ही में मुख्य सचिव की बैठक में कई निर्णय लिए गए। दिल्ली जल बोर्ड (डीजेबी), दिल्ली प्रदूषण नियंत्रण समिति (डीपीसीसी), दिल्ली नगर निगम (एमसीडी), सिंचाई एवं बाढ़ नियंत्रण (आईएंडएफसी) विभाग और दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) सहित प्रमुख विभाग और एजेंसियां मिलकर इस दिशा में काम करेंगी। योजना के तहत डीडीए को नवंबर तक यमुना के डूब क्षेत्र से जहां भी आवश्यक हो अतिक्रमण हटाने के आदेश दिए गए हैं। इससे पहले एजेंसी ने नदी के किनारे अवैध नर्सरियों और अन्य अनधिकृत संरचनाओं के खिलाफ कार्रवाई की है। अधिकारियों ने कहा कि पूर्वी, उत्तर-पूर्व और दक्षिणी दिल्ली के बाढ़ क्षेत्रों से कचरा डंपिंग, अनधिकृत आवास व अवैध खेती सहित अतिक्रमण की सूचना मिली थी। इन्हें हटाकर डीडीए ने 224 एकड़ बाढ़ भूमि को फिर से प्राप्त किया है। पूर्वी दिल्ली में असिता सहित दूसरे सार्वजनिक हरित स्थान विकसित किए गए हैं। डीडीए ने अप्रैल में एनजीटी को सूचना दी थी कि उसने वजीराबाद बैराज और आईएसबीटी कश्मीरी गेट के बीच यमुना वनस्थली परियोजना के तहत 24 एकड़ भूमि को अतिक्रमण से मुक्त कराया है। पिछले साल डीडीए के एक सर्वेक्षण में दावा किया गया था कि हाल के वर्षों में दिल्ली में यमुना बाढ़ क्षेत्र की दो-तिहाई भूमि पर अतिक्रमण किया गया है।

# एनआईए ने दिल्ली और हिमाचल प्रदेश में की छापेमारी




**धरपकड़**

**डंकी रूट के जरिये विदेश भेजने और मानव तस्करी के गंभीर आरोपों में दो लोगों को गिरफ्तार किया**

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने हिमाचल प्रदेश और दिल्ली में दो अलग-अलग ठिकानों पर की छापेमारी की। इस दौरान डंकी रूट के जरिये विदेश भेजने और मानव तस्करी के गंभीर आरोपों में दो लोगों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान सन्नी उर्फ सन्नी डोंकर और शुभम संधाल उर्फ दीप के रूप मे हुई है। राष्ट्रीय जांच एजेंसी ने बताता कि दिल्ली और हिमाचल प्रदेश में कई जगहों पर छापमारी की गई। इस दौरान दो लोगों को पकड़ा है, जो यूएस डंकी रूट मानव तस्करी से जुड़े एक बड़े रैकेट में शामिल हैं। आरोपियों की पहचान धर्मशाला, जिला कांगड़ा (हिमाचल प्रदेश) निवासी सन्नी उर्फ सन्नी डोंकर और रोपड़ (पंजाब) निवासी शुभम संधाल उर्फ दीप हुंडी के रूप में हुई है, जो वर्तमान में पीरागढ़ी (दिल्ली) में रह रहे हैं। ये दोनों मार्च में गिरफ्तार किए गए गगनदीप सिंह उर्फ गोल्डी के सहयोगी थे। जांच में सामने आया है कि सन्नी ने मास्को निवासी एक युवती से विवाह किया।

उनकी एक छह वर्षीय बेटी है। करीब सात साल से सन्नी कई बार अपनी पत्नी के साथ विदेश आता-जाता रहा है।

आरोप है कि सन्नी ने पत्नी के साथ मिलकर डंकी रूट से कुछ लोगों को विदेश भेजने के नाम पर लाखों रुपये एकत्रित किए हैं। सन्नी पर मानव तस्करी के साथ ही मनी लांड्रिंग के भी आरोप हैं। जिस पर एनआईए ने भारतीय न्याय संहिता की धारा 143 मानव तस्करी, धारा 238 अपराध के साक्ष्य गायब करने या अपराधी को छिपाने के लिए गलत जानकारी, धारा 318 धोखाधड़ी, धारा 61(2) आपराधिक साजिश रचना और पंजाब ट्रेवल प्रोफेशनल रेगुलेशन एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है।

# विशाल मेगा मार्ट में आग, एक की मौत

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** करोल बाग के पदम रोड स्थित विशाल मेगा मार्ट की चार मंजिला इमारत में 13 घंटे बाद आग बुझी है। आग दूसरी मंजिल पर लगी थी। मामले की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस के अलावा दमकल की 15 गाड़ियां मौके पर पहुंच गई। दमकलकर्मियों ने जैसे-तैसे देर रात दूसरी मंजिल पर आग पर काबू पाया। आग बुझाने के दौरान दमकलकर्मियों को बताया गया था कि एक व्यक्ति लापता है। जांच करने पर एक व्यक्ति लिफ्ट के पास रात दो बजे अचेत अवस्था में मिला। जिसे पुलिस ने तुरंत नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। दमकल अधिकारी के अनुसार फिलहाल अभी तीसरी मंजिल पर आग बुझाने का काम जारी है। मध्य जिले के डीसीपी निधिन वाल्सन के अनुसार रात में सर्च ऑपरेशन में कुमार धिरेंद्र प्रताप सिंह (25) आग लगने के दौरान लिफ्ट में फंस गए थे। उन्हें तुरंत निकालकर आरएमएल अस्पताल ले जाया गया। जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। फिलहाल पुलिस आग लगने के कारणों की जांच कर रही है। उल्लेखनीय है कि शाम करीब 6.44 बजे दमकल विभाग को करोलबाग स्थित मेगा मार्ट की इमारत की दूसरी मंजिल पर आग लगने की जानकारी मिली थी।

# वक़्फ संशोधन कानून से हेराफेरी कर हड़पी गई प्रॉपर्टी ढूंढ़ने में होगी आसानी : जमाल



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली।** भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जमाल सिद्दिकी ने वक़्फ संशोधन कानून का स्वागत करते हुए दावा किया कि इससे मुसलमान समुदाय को तेजी से फायदे मिलेंगे। समय के साथ वक्फ भूमि और निधि का उपयोग वास्तविक लाभ में बदलेगा और यही मोदी सरकार का इरादा है। जमाल सिद्दिकी ने जारी बयान में कहा कि वक़्फ संशोधन कानून शनिवार से लागू हो गया है। इस अधिनियम का उद्देश्य पारदर्शिता, जवाबदेही एवं महिलाओं-सामुदायिक प्रतिनिधित्व को बढ़ावा देना है। डिजिटलीकरण से पारदर्शिता आयेगी। सभी वक्फ संपत्तियों को छह महीने के भीतर केंद्रीय पोर्टल पर पंजीकृत करना अनिवार्य है, जिससे गलत प्रविष्टियां रोकने और सूचना का केंद्रीकरण सुनिश्चित होगा। डाटाबेस होने से हेराफेरी कर हड़पी गई प्रॉपर्टी ढूंढ़ने में आसानी होगी। महिलाओं के अधिकार सुनिश्चित होंग। परिवार-वक्फ में महिला उत्तराधिकारियों का हक सुरक्षित होगा और वे वक्फ घोषणा से पहले अपनी हिस्सेदारी सुनिश्चित कर सकेंगी। वक्फ संपत्ति अब ऑनलाइन केंद्रीय पोर्टल पर रजिस्टर्ड होने से बेईमानी एवं गलत प्रविष्टियों में कमी आएगी और भ्रष्टाचार पर अंकुश लगेगा। उन्होंने दावा किया कि वक़्फ संपत्तियों को कब्जा करना अब नामुमकिन होगा। डाटा बेस ऑनलाइन होने से जो लोग कई सालों तक गैरकानूनी तरीके से मुतवल्ली बने बैठे रहते हैं उन पर अंकुश लगेगा, वक़्फ कमेटी में पारदर्शिता आयेगी। मार्किट वैल्यू के हिसाब से किराया फिक्स करने में आसानी होगी।

# फिल्म उदयपुर फाइल्स के खिलाफ दिल्ली, बांबे हाई कोर्ट में याचिका दाखिल




**अशोभनीय**

**वकील फुजैल अहमद अययुबी ने याचिका में कहा है कि फिल्म के ट्रेलर में पैगम्बर मोहम्मद और उनकी पत्नियों के खिलाफ अशोभनीय टिप्पणी की गई है**

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** फिल्म उदयपुर फाइल्स के खिलाफ जमीयत-उलेमा-ए-हिंद ने दिल्ली हाई कोर्ट समेत बांबे और गुजरात हाई कोर्ट में याचिका दाखिल की है। जमीयत के वकील फुजैल अहमद अययुबी ने याचिका में कहा है कि फिल्म के ट्रेलर में पैगम्बर मोहम्मद और उनकी पत्नियों के खिलाफ अशोभनीय टिप्पणी की गई है। फिल्म के ट्रेलर में नूपुर शर्मा का विवादित बयान भी शामिल है। याचिका में जमीयत ने आरोप लगाया है कि फिल्म के ट्रेलर में पैगम्बर मोहम्मद और उनकी पत्नियों के बारे में की गई आपत्तिजनक टिप्पणी देश के अमन-चैन को बिगाड़ सकती है। फिल्म में देवबंद को कट्टरवाद का अड्डा बताया गया है और वहां के उलेमा के विरुद्ध जहर उगला गया है। याचिका में कहा गया है कि यह फिल्म एक विशेष धार्मिक समुदाय को बदनाम करती है, जिससे समाज में नफरत फैल सकती है और नागरिकों के बीच सम्मान तथा सामाजिक सौहार्द को गहरा नुकसान हो सकता है। फिल्म में ज्ञानवापी मस्जिद जैसे मामलों का भी उल्लेख है, जो वर्तमान में वाराणसी की जिला अदालत और सुप्रीम कोर्ट में लंबित हैं। फिल्म को सेंसर बोर्ड से प्रमाण पत्र जारी होने के बाद 11 जुलाई को रिलीज किया जाना है। याचिका में केंद्र सरकार, सेंसर बोर्ड, जॉनी फायर फॉक्स मीडिया प्राइवेट लिमिटेड और एक्स कॉर्प्स को पक्षकार बनाया गया है, जो फिल्म के निर्माण और वितरण से जुड़े हैं।

याचिका में कहा गया है कि अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के अधिकार का दुरुपयोग करते हुए फिल्म में ऐसे दृश्य दिखाए गए हैं जिनका इस्लाम, मुसलमानों और देवबंद से कोई लेना-देना नहीं है। ट्रेलर से साफ झलकता है कि यह फिल्म मुस्लिम-विरोधी भावनाओं से प्रेरित है। फिल्म का 2.53 मिनट का ट्रेलर जारी किया गया है। फिल्म में 2022 में उदयपुर में हुई एक घटना को आधार बनाया गया है।

याचिका में कहा गया है कि ट्रेलर से ही यह स्पष्ट हो जाता है कि फिल्म का मकसद एक विशेष धार्मिक समुदाय को नकारात्मक और पक्षपाती रूप में पेश करना है, जो उस समुदाय के लोगों के सम्मान के साथ जीने के मौलिक अधिकारों का सीधा उल्लंघन है।

# प्रदेश सरकार जनसेवा के लिए कर रही कार्यः सैनी

## संघ नेता श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती पर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर किया नमन

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़ः** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि हरियाणा सरकार श्यामा प्रसाद मुखर्जी के पदचिह्नों पर चलते हुए अंतिम पंक्ति में खड़े गरीब व्यक्ति की सेवा करने के लिए प्रतिबद्धता से कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री ने रविवार को हरियाणा भवन, नई दिल्ली में श्यामा प्रसाद मुखर्जी की 125वीं जयंती पर उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए। इस दौरान उन्होंने प्रधानमंत्री के महत्वपूर्ण विजन एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधारोपण भी किया। उन्होंने पर्यावरण को दूषित होने से बचाने हेतु महापुरूषों के नाम पर एक पेड़ अवश्य लगाने के लिए प्रेरित किया। इस मौके पर भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली ने भी श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र



पर पुष्प अर्पित किए और पौधारोपण भी किया। इसके उपरांत पत्रकारों से बातचीत करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रखर व्यक्तित्व के धनी, जनसंघ संस्थापक एवं स्वतंत्रता सेनानी श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने राष्ट्र हित को लेकर महत्वपूर्ण कार्य किए। इसलिए हम सभी उनके दिखाए मार्ग पर चलें और देश को विकसित भारत की ओर ले जाने में अपना योगदान दें। मुख्यमंत्री ने

**सर्वोपरि**

- एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत किया पौधारोपण
- एसवाईएल को लेकर 9 जुलाई को नई दिल्ली में अहम बैठक – मुख्यमंत्री

कहा कि श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने सदैव देश व समाज सेवा को सर्वोपरि समझा और हमेशा गरीब लोगों की भलाई के लिए कार्य किया। इसलिए उन्हें गरीब लोगों का हितैषी माना जाता है। नायब सिंह सैनी ने कहा कि एसवाईएल को लेकर 9 जुलाई को नई दिल्ली में अहम बैठक का आयोजन किया जाएगा। इसमें सर्वसम्मति से सकारात्मक पहलुओं पर विचार किया जाएगा। उन्होंने कहा कि पंजाब के साथ हमारा भाईचारा है, इसलिए बैठक में बातचीत से कोई रास्ता अवश्य निकलेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में जंगल सफारी बनाने को लेकर भी व्यापक स्तर पर कार्य किया जा रहा है, जिसे जल्द ही अमलीजामा पहनाया जाएगा। कल ही गुजरात के वनतारा जामनगर का दौरा कर जानकारी ली गई है। वहां लावारिश, घायल पशु-पक्षियों को रेस्क्यू करके इलाज करने के लिए सेंटर बनाया हुआ है। यह केन्द्र उन्हें ऐसे पशु-पक्षियों, लुप्त हो रही प्रजातियों को संरक्षण देकर बचाने का कार्य कर रहा है मुख्यमंत्री ने कहा कि गत दिनों केन्द्रीय पर्यटन मंत्री श्री गजेन्द्र शेखावत से मिलकर एनसीआर में डिज्नीलैंड बनाने का आग्रह किया है।

# सरकार सच्चे अर्थों में कर रही हैं जनहितैषी कार्यः बेदी

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़ः** हरियाणा के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री कृष्ण कुमार बेदी ने कहा कि प्रदेश सरकार सच्चे अर्थों में जनहितैषी सरकार है, अंत्योदय की भावना से प्रत्येक वर्ग का कल्याण करना उनकी प्राथमिकताओं में शुमार है। ग्रामीणों द्वारा उनको जो भरपूर सहयोग मिला है अब उनका ऋण उतारने की बारी मेरी है। ग्रामीण इलाकों में विकास कार्य करने में कोई कोर कसर बाकी नहीं रखी जाएगी। किसी भी सूरत में क्षेत्रवासियों का विश्वास नहीं टूटने दिया जाएगा। शहरों की तर्ज पर ग्रामीण इलाकों का चहुमुखी विकास करवाया जाएगा।

श्री बेदी शनिवार देर सांय नरवाना (जींद) में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में आयोजित धन्यवादी दौरे के दौरान बतौर मुख्य अतिथि ग्रामीणों को सम्बोन्धित कर रहे थे। इस दौरान कैबिनेट मंत्री ने तीन परियोजनाओं का शिलान्यास एवं उद्घाटन किया। जिसमें एक करोड़ 43 लाख रुपए की लागत से बनी गांव की फिरनी का उद्घाटन किया, 25 लाख रुपए की लागत से बनने वाली वाल्मीकि चौपाल और 13 लाख रुपए से बनने वाली मुस्लिम चौपाल का शिलान्यास भी किया कैबिनेट मंत्री के सम्मुख ग्राम पंचायत द्वारा कर्मगढ़ से लोन तक की सड़क बनाने, गन्दे पानी की निकासी करवाने, स्वच्छ पेयजल उपलब्ध करवाने, जलघर का जीर्णोद्वार करने, गलियों का निर्माण करने, जिम का सामान उपलब्ध करवाने, पार्क बनवाने, स्ट्रीट लाईटे लगवाने, बस सेवा शुरू करवाने समेत अन्य मांगे रखी। जिस पर कैबिनेट मंत्री ने मौके पर ही कर्मगढ़ से लोन तक की सड़क बनाने की घोषणा की।

## न्यूज फ्लैश

### जींद: एक माह में 17 बाल श्रमिकों का किया गया रेस्क्यू

**जींद।** जिले में बाल श्रम के विरुद्ध कार्यरत एमडीडी ऑफ इंडिया एवं जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन (जेआरसी) द्वारा मानव तस्कर विरोधी इकाई के साथ सयुंक्त अभियान चला कर पिछले एक माह के दौरान जिले से 17 बाल श्रमिकों को रेस्क्यू किया गया। रविवार को संगठन के जिला समन्वयक नरेंद्र शर्मा ने बताया पिछले एक माह के दौरान मानव तस्कर विरोधी इकाई एवं उनके संगठन ने नगर के परशुराम चौक, झांझ गेट, पटियाला चौक, पुराना बस स्टैंड, भिवानी एवं रोहतक रोड, सफीदों गेट एवं जाट धर्मशाला तथा हुड्डा ग्राउंड आदि क्षेत्रों में बाल श्रम के विरुद्ध 10 संयुक्त अभियान चला कर कुल 17 बाल श्रमिकों का रेस्क्यू किया। इनमें 16 लड़के एवं एक लड़की शामिल थी। इनकी उम्र सात वर्ष से 15 वर्ष पाई गई। जींद शहर के विभिन्न क्षेत्रों से रेस्क्यू किए गए इन 17 बच्चों में पांच बाल श्रम करते हुए एवं छह बच्चे कूड़ा व कबाड़ बीनते हुए तथा छह बच्चे भिक्षावृति करते हुए पाए गए। इन सभी बच्चों और इनके अभिभावकों को जिला बाल कल्याण समिति के समक्ष प्रस्तुत किया गया। इसके बाद इन बच्चों और उनके अभिभावकों को जिला बाल सरंक्षण अधिकारी कार्यालय में काउंसलिंग करवाई गई। जिसके दौरान अभिभावकों को सख्त चेतावनी देते हुए अपनों बच्चों को स्कूल भेजने की हिदायत भी दी गई। मानव तस्कर विरोधी इकाई के इंचार्ज एएसआई संदीप के नेतृत्व में चलाए गए इन अभियानों में ईएसआई वेद प्रकाश, एएसआई सुदेश कुमारी, हैड कांस्टेबल संदीप, कांस्टेबल कृष्ण कुमार सहित अन्य मौजूद रहे।

### गुरुग्राम: पत्नी बाथरूम में मोबाइल पर करती थी बात तो पति ने कर दी हत्या

**गुरुग्राम।** घरेलू झगड़े में पत्नी की हत्या करने वाले पति को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता संदीप कुमार ने रविवार को बताया कि आरोपी ने पूछताछ में हत्या की बात स्वीकारी है। आरोप है कि उसकी पत्नी बाथरूम में किसी से मोबाइल पर बात कर रही थी। इसी को लेकर उनके बीच झगड़ा हुआ था। पुलिस के अनुसार 16 जून को पुलिस थाना सेक्टर-7 मानेसर की पुलिस टीम को ढाणा गांव में एक महिला की हत्या की सूचना मिली। सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची। वहां पहली मंजिल पर बने एक कमरे में बेड पर एक महिला का शव पड़ा था। महिला की पहचान रूपा देवी निवासी गांव बर्गव जिला बरेली उत्तर प्रदेश के रूप में हुई। फिंगरप्रिंट, एफएसएल, सीन-ऑफ-क्राइम की पुलिस टीमों व ड्यूटी मजिस्ट्रेट को घटनास्थल पर बुलाकर शव व घटनास्थल का निरीक्षण कराया। शव को पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजनों के हवाले किया गया। घटनास्थल पर मौजूद मकान मालिक ने पुलिस टीम ने एक लिखित शिकायत देकर कहा कि 22 मई 2025 को एक व्यक्ति राजकुमार अपनी पत्नी रूपा और दो बच्चों विपिन व अफुल के साथ किराए पर रहने आया था। उन्हें प्रथम तल पर बना कमरा नंबर-31 किराए पर दे दिया। राजकुमार और रुपा देवी कम्पनी में नौकरी करते थे। मकान के केयर टेकर ने दो दिन पहले बताया था कि रुपा देवी व राजकुमार का झगड़ा हुआ है। 16 जून 2025 को केयर टेकर ने फोन करके बताया कि जब वह सफाई कर रहा था तब राजकुमार का लडका विपिन बाहर खड़ा था। केयर टेकर ने विपिन से कमरे के बाहर लगी कुंडी खुलवाई तो रुपा देवी बेड पर मृत अवस्था मे पड़ी हुई दिखी। उसके सिर पर चोट लगी हुई थी। वह खून से सनी हुई थी। शक है कि रुपा देवी की हत्या उसके पति राजकुमार ने की है। इस शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज करके जांच शुरू की। पुलिस ने महिला के पति राजकुमार (47) निवासी गांव बर्गवा, जिला बरेली (उत्तर-प्रदेश) को केएमपी एक्सप्रेस-वे के पास से काबू किया।

### सत्ता सुख भोगने के लिए नहीं है बल्कि जनसेवा और राष्ट्र सेवा करने के लिए मिलती है: सैलजा

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़:** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की महासचिव, पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं सिरसा की सांसद कुमारी सैलजा ने कहा कि धरातल पर विकास कार्य न होने के लिए इतने अधिकारी जिम्मेदार नहीं है जितनी सरकार है क्योंकि सरकार इस बात की निगरानी नहीं करती और न ही सोचती है कि उसकी योजनाओं का लाभ सबसे नीचे वाले व्यक्ति तक क्यों नहीं पहुंच रहा है, क्या नीतियों में कुछ कमी है, अगर अधिकारी इसमें लापरवाही बरत रहे है तो उन पर कार्रवाई होनी चाहिए। ये भाजपा की सरकार 11 सालों में लोगों को मूलभूत सुविधाएं तक उपलब्ध नहीं करवा पाई। सांसद कुमारी सैलजा ने पिछले तीन दिनों में सिरसा, फतेहाबाद और जींद जिला का दौरा कर जन समस्याएं सुनी और कार्यकताओं के साथ बैठक ली। अपने तीन दिवसीय दौरे के बाद मीडिया को जारी बयान में सांसद सैलजा ने कहा कि इन तीनों जिलों में जल समस्याएं सुनने के दौरान लगभग हर गांव में पीने की पानी की समस्याएं सबसे ज्यादा आई, लोग पानी खरीदने को मजबूर है, जहां पर जलघर बनाए गए है वहां पर अभी तक पाइप लाइन तक नहीं डाली गई है।

# ग्लोबल वार्मिंग के कारण तेजी से बढ़ रहा पृथ्वी का तापमान

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़ः** हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण ने कहा है कि ग्लोबल वार्मिंग के कारण आज पृथ्वी का औसत तापमान बढ़ रहा है, जिसके कारण लोगों को कहीं बाढ़ तो कहीं सूखे का सामना करना पड़ रहा है। समाज को मिलकर ऐसी चुनौतियों का सामना करना होगा। इसके लिए लोगों में जागरूकता जरूरी है। विधानसभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण रविवार को करनाल में महाराजा अग्रसेन भवन में जेसीआई इंडिया जोन 10 गोल्ड मिडकॉन 2025 महोत्सव में बतौर मुख्यातिथि बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि जेसीआई के कार्यक्रमों से उनका पुराना जुड़ाव है। समाज हित में किए जा रहे

**जागरूकता**

- आज पृथ्वी का औसत तापमान बढ़ रहा है, लोगों को कहीं बाढ़ तो कहीं सूखे का सामना करना पड़ रहा है

कार्यों के लिए उन्होंने जेसीआई सदस्यों को शुभकामनाएं व बधाई दी। उन्होंने कहा कि जिस भी व्यक्ति में समाज अथवा गरीब के लिए कुछ करने का भाव जागृत होता है तो यह उसका उत्थान (राइज अप) है। नेतृत्व के गुण हर व्यक्ति में होते हैं, लेकिन लीडर वही है जो किसी भी चुनौती को पार करने की पहल करे।

# हरियाणा के बिजली उपभोक्ता हुए हाईटेकः विज

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़ः** हरियाणा के ऊर्जा मंत्री अनिल विज ने बताया कि हरियाणा ने बिजली वितरण और उपभोक्ता सेवा के क्षेत्र में तकनीकी क्रांति कर दी है। आज प्रदेश में बिजलीं उपभोक्ताओं की संख्या 81 लाख 92 हजार 187 पहुंच गई है, उनमें से 49 लाख 15 हजार 312 उपभोक्ता अपने बिजली बिलों का भुगतान डिजिटल माध्यमों से कर रहे हैं। यह आंकड़ा न सिर्फ हरियाणा की डिजिटल साक्षरता का प्रमाण है, बल्कि उपभोक्ताओं की सुविधा, पारदर्शिता और समय की बचत का भी परिचायक है।

इस बारे में अधिक जानकारी देते हुए श्री विज ने बताया कि हरियाणा में डिजिटल पेमेंट का चलन तेजी से बढ़ता जा रहा है।

**डिजिटल पेमेंट का बढ़ता चलन**



**– विज**

उन्होंने कहा कि हरियाणा में बिजली वितरण का जिम्मा उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम और दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम के पास है। इन दोनों निगमों को हर माह मिलने वाले कुल राजस्व का 60% से अधिक हिस्सा ऑनलाइन माध्यमों से प्राप्त हो रहा है। शहरों के साथ-साथ गांवों में भी उपभोक्ता नेट बैंकिंग, क्रेडिट/डेबिट कार्ड, आरटीजीएस, यूपीआई और अन्य डिजिटल प्लेटफॉर्म्स से भुगतान कर रहे हैं। इससे न सिर्फ बिलिंग प्रक्रिया तेज हुई है, बल्कि उपभोक्ताओं के लिए लंबी कतारों में लगने की समस्या भी खत्म हो गई है।

**उपभोक्ता सेवाओं में डिजिटल क्रांति – विज**

श्री विज ने कहा कि बिजली उपभोक्ताओं को अब सिर्फ बिल भुगतान ही नहीं, बल्कि नया कनेक्शन, लोड में वृद्धि/कमी, नाम परिवर्तन, शिकायत निवारण, मीटर स्थानांतरण जैसी सभी सेवाएं भी

**तकनीकी क्रांति**

- गांवों में भी उपभोक्ता नेट बैंकिंग, क्रेडिट/डेबिट कार्ड, आरटीजीएस प्लेटफॉर्म्स से भुगतान कर रहे

ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से मिल रही हैं। उपभोक्ता अपनी शिकायतें टोल फ्री नंबर 1912 पर दर्ज कर सकते हैं। गुरुग्राम में एक केंद्रीय ग्राहक सेवा केंद्र, पंचकूला और गुरुग्राम में कॉल सेंटर स्थापित किया गया है, सर्दियों में जहां पंचकूला के कॉल सेंटर में 80 सीट हैं तो गर्मियों में 180 सीट का यह कॉल सेंटर है। जिससे उपभोक्ताओं की समस्याओं का त्वरित समाधान संभव हुआ है।

# बैंक गांवों में शिविर लगाकर पुराने खातों की करें रि-केवाईसीः नेहा सिंह

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र :** उपायुक्त नेहा सिंह ने कहा कि जिले के सभी गांवों में बैंक द्वारा शिविर लगाकर पुराने जनधन योजना के तहत खोले गए खातों की रि-केवाईसी की जा रही है। इस अभियान के तहत 30 सितंबर तक सभी गांवों को कवर किया जाएगा। शिविर में नागरिकों को प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना और अटल पेंशन से नागरिकों को जोड़ा जा रहा है। उपायुक्त नेहा सिंह ने कहा कि



पीएम सुरक्षा बीमा योजना सरकार द्वारा शुरू की गई एक दुर्घटना बीमा योजना है, जिसका उद्देश्य नागरिकों को सस्ती दरों पर दुर्घटना बीमा कवर प्रदान करना है। इस योजना के तहत लाभार्थियों को 2 लाख रुपए का दुर्घटना बीमा कवर प्रदान किया जाता है। नामांकन की प्रक्रिया सरल और सुविधाजनक है, जिससे नागरिक आसानी से इसमें शामिल हो सकते हैं। उन्होंने बताया कि प्रीमियम का भुगतान ऑटो डेबिट सुविधा के माध्यम से किया जा सकता है, जिससे प्रीमियम के भुगतान में सुविधा होती है। बीमाधारक की दुर्घटना में मृत्यु या स्थाई विकलांगता की स्थिति में परिवार की वित्तीय जरूरतों को पूरा करने में मदद करती है।

# गुरुग्रामः मोटी रकम के चक्कर में मां-बेटे ने किया बच्चे का अपहरण

**टीम एक्शन इंडिया**

**गुरुग्राम।** संतानहीन किसी अमीर व्यक्ति की गोद भरने के लिए योजनाबद्ध तरीके से छह साल के एक बच्चे का अपहरण कर लिया गया। इससे पहले कि अपहरणकर्ता अपनी इस योजना में कामयाब हो पाते, पुलिस ने उन्हें धर दबोचा। उनके कब्जे से अपहृत बच्चे को भी सकुशल बरामद कर लिया। पुलिस प्रवक्ता संदीप कुमार ने बताया कि पकड़े गए आरोपी में एक महिला व एक युवक हैं। शिकायत में कहा था कि गांव कन्हई सेक्टर-45 गुरुग्राम से उसके छह साल के बच्चे का अपहरण हो गया है।

# 'धार्मिक-सांस्कृतिक एकता वं का प्रतीक अमरनाथ यात्रा'



**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र :** 48 कोस तीर्थ निगरानी कमेटी के चेयरमैन मदन मोहन छाबड़ा ने कहा कि अमरनाथ यात्रा धार्मिक व सांस्कृतिक एकता के साथ सद्भावना का प्रतीक है। बाबा अमरनाथ की यात्रा का भारतीय संस्कृति में विशेष महत्व है, जोकि धार्मिकता और सौहार्द को बढ़ाती है। मदन मोहन छाबड़ा ने धर्मनगरी से अमरनाथ यात्रा के जत्थे को ध्वजा दिखाकर रवाना किया। उन्होंने अमरनाथ यात्रा के शुभारंभ पर श्रद्धालुओं और दर्शनार्थियों को शुभकामनाएं दी और विश्वेश्वर बाबा अमरनाथ से सभी श्रद्धालुओं की सफल, सुखद एवं मंगलमय यात्रा की कामना की। एक राष्ट्र एक चुनाव अभियान के प्रांत सह संयोजक और 48 कोस तीर्थ निगरानी कमेटी के चेयरमैन मदन मोहन छाबड़ा ने कहा कि अमरनाथ यात्रा हिंदू समाज की शक्ति को प्रबल करने के साथ धार्मिकता को मजबूत करती है। धर्मनगरी से रविंद्र शर्मा और राकेश कटवाड़ ने धार्मिक यात्रा का जो बीड़ा उठाया है, वह सरहानीय है। यह क्रम पिछले चार साल से चल रहा है। इस बार इस पावन यात्रा पर थानेसर नगर से 50 तीर्थ यात्री बाबा बफार्नी के दर्शन को निकले हैं। उन्होंने कहा कि देश का प्रत्येक नागरिक अमरनाथ यात्रा का एक प्रमुख हितधारक है। यह यात्रा समाज के प्रत्येक वर्ग के लिए सामाजिक-आर्थिक, आध्यात्मिक और सांस्कृतिक महत्व भी रखती है। इस यात्रा के शांतिपूर्ण संचालन से मजबूत संदेश जाएगा कि जम्मू-कश्मीर के लोग एकजुट हैं।

समाज का प्रत्येक वर्ग, प्रत्येक नागरिक, आध्यात्मिक नेता, जन प्रतिनिधि और कारोबारी हजारों साल पुरानी आध्यात्मिक परंपरा को पूरी निष्ठा के साथ आगे बढ़ा रहे हैं।

# खेल में निखार के लिए स्किल में करें सुधारः डॉ. दिनेश

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्रः** कुरुक्षेत्र के नरकातारी रोड़ स्थित कुरुक्षेत्र क्रिकेट एकेडमी के खेल मैदान में समर कैंप अंडर 12 क्रिकेट प्रतियोगिता में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को पुरस्कृत करते हुए जिला कुरुक्षेत्र क्रिकेट एसोसिएशन के सचिव एवं क्रिकेट खेल के विशेषज्ञ डॉ. दिनेश यादव ने कहा कि युवा खिलाड़ियों को अपने खेल में निखार के लिए अपनी स्किल में सुधार करना होगा। उन्होंने कहा कि आईपीएल जैसे आधुनिक खेल में ऑलराउंडर खिलाड़ियों की डिमांड बहुत ज्यादा रहती है। इसलिए युवा खिलाड़ियों को अपने



बल्लेबाजी, गेंदबाजी एवं क्षेत्ररक्षण के साथ-साथ अपने फिटनेस स्तर में विशिष्टता प्राप्त करने के लिए कड़ी मेहनत करनी होगी। उन्होंने कहा कि जल्द ही नरकातारी रोड़ स्थित क्रिकेट एकेडमी तथा मोहन नगर की केसीए एकेडमी के बीच अंडर 12 के खिलाड़ियों को लेकर त्रिकोणीय श्रृंखला आयोजित होगी। इसके साथ ही भविष्य में दोनों एकेडमी की क्रिकेट टीमों को जिले से बाहर भी प्रतियोगिताओं में खेलने का सुनहरा अवसर दिया जाएगा।

इससे पहले खेल मैदान में नरकातारी रोड़ स्थित कुरुक्षेत्र क्रिकेट एकेडमी के कोच तरूण शर्मा ने मुख्य अतिथि का स्वागत करते हुए बताया कि हाल ही आयोजित समर कैंप अंडर 12 प्रतियोगिता में भीम टीम ने अर्जुन टीम को हराकर प्रतियोगिता का खिताब अपने नाम किया। उन्होंने बताया कि प्रतियोगिता में सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज सक्षम रंगा, सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज देवानंद, सर्वश्रेष्ठ फील्डर शिवा सैनी तथा सर्वश्रेष्ठ ऑलराउंडर के लिए देवांश सांगवान को पुरस्कृत किया गया।

वहीं इन मैचों में मैन ऑफ द मैच, बेस्ट फाइटर तथा टीमों के मेंटर रहे गौतम, मनीष, तेजस खंगर तथा अमित सहित सभी खिलाड़ियों को पुरस्कार देकर पुरस्कृत किया गया।

# गौशाला में हुई सेवा भारती की बैठक

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र।** बाहरी स्थित महादेव गौशाला में सेवा भारती के कार्यकताओं की एक बैठक हुई । कार्यक्रम की अध्यक्षता यमुनानगर से विशेष रूप से आमंत्रित विभाग प्रमुख सुरेश जी तथा बलबीर जी, जिला सेवा प्रमुख द्वारा की गई। जिला अध्यक्ष सेवा भारती के श्री कृष्ण चंद रंगा ने सभी सदस्यों का स्वागत किया व डॉ मनीश कुकरेजा सदस्य हरियाणा योग आयोग द्वारा गायत्री मंत्र का सामूहिक उच्चारण करके किया गया। बैठक में सर्वसम्मति से निम्न निर्णय लिए गए सेवावर्तियों की संख्या बढाना,कार्यविस्तार करना ,कक्षा 6 से 8 के बच्चों के लिए



ट्यूशन सेंटर खोलना,२ केंद्र खोलना,बस्तियों में समग्र किशोरी विकास सेवा केंद्र खोलना, सेवानिवृत्त बंधुओ को सेवा भारती से जोड़ना,विभिन्न क्षेत्रों में प्रवास करना आदि। बैठक में हरि सिंह, योग राज , जिला प्रचार प्रमुख अमरजीत पांचाल,रमेश कुमार , मनजीत पंवार, बलबीर सिंह एडवोकेट, मनीशा देवी,संध्या, दीपा,लाखन सिंह, राजेश कुमार इंटरनेशनल फर्नीचर, सेवानिवृत बैंक कर्मचारी नवीन बठला,रमेश चौहान,जोगी राम ,नरेश सिरस्वाल, व सचिन मित्तल विशेष रूप से उपस्थित रहे।

# सरकार ने गुरुग्राम में स्थापित की अनाज मंडीः श्याम सिंह

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़ः** कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा ने कहा कि प्राकृतिक खेती से किसानों द्वारा पैदा की फसल को खरीदने के लिए प्रदेश सरकार ने गुरुग्राम में अनाज मंडी तैयार की है। अनाज मंडी में फसल की क्वालिटी चैक करने के लिए एक लैब स्थापित की गई है। लैब में क्वालिटी तय होने के बाद गठित की गई कमेटी द्वारा फसल का भाव तय कर उसको खरीदा जाएगा। कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री रविवार को उप उष्णकटिबंधीय फल केंद्र, लाडवा में आयोजित 7वें फल उत्सव मेले में बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। उन्होंने दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया। उन्होंने फल केंद्र परिसर में आम का पौधा रोपित किया। कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री ने बागवानी क्षेत्र के प्रगतिशील 10 किसानों को 5100 रुपए, ट्राफी और प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया। साथ ही मेले में लगाए गए स्टॉल का निरीक्षण कर आम की किस्म के बारे में विशेषज्ञ से जानकारियां प्राप्त की। कृषि मंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार का लक्ष्य है कि प्रदेश में एक लाख एकड़ में प्राकृतिक खेती करके फसलों को तैयार किया जा सके। अब तक 10 हजार एकड़ में किसानों द्वारा प्राकृतिक खेती की जा रही है।

# जजपा नेता समाजसेवी सूर्य प्रताप सिंह राठौड़ ने परिवार सहित भंडारे में की सेवा

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र :** वर्ष 1996 से समाज सेवा के क्षेत्र में अग्रणी रही माता मनसा देवी भंडारा समिति कुरुक्षेत्र की ओर से हर रविवार ब्रह्म सरोवर के तट पर विशाल भंडारे का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में आज जननायक जनता पार्टी के युवा नेता एवं समाजसेवी सूर्य प्रताप सिंह राठौड़ ने परिवार सहित भंडारे में सहयोग कर सेवा की। सूर्य प्रताप सिंह राठौड़ का कहना है कि इस तरह के सामाजिक और धार्मिक कार्यक्रमों में भाग लेने से जहां आत्मिक शांति मिलती है। तभी



समाज की सेवा करने का मौका भी मिलता है उन्होंने भंडारा समिति के सभी सदस्यों का आभार जताया और भविष्य में भी इस तरह के सहयोग करने की बात कही। वही भंडारा समिति के प्रधान बीके शर्मा ने बताया कि 1996 से यह संस्था निरंतर गतिविधियों में शामिल रही है हर शनिवार और रविवार को समिति की ओर से भंडारा आयोजित किया जाता था लेकिन कोरोना काल के बाद से सेवा को केवल रविवार को जारी रखी गई।

# हरियाणा पत्रकार संघ ने की कैशलेस योजना को तुरंत लागू करने की मांग

**प्रस्ताव**

**बैठक में कैशलेस योजना को लागू करने का सर्वसम्मति से प्रस्ताव पास किया गया**




**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** हरियाणा पत्रकार संघ ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से पत्रकारों को 5 लाख रुपए का संरक्षण देने वाली कैशलेस योजना को अविलंब लागू करने की मांग की है।

यह मांग हरियाणा पत्रकार संघ की पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस में संघ की जिला ईकाई की साधारण सभा की बैठक में पारित एक प्रस्ताव में की गई है। बैठक में कैशलेस योजना को लागू करने का सर्वसम्मति से प्रस्ताव पास किया गया। प्रस्ताव में कहा गया है कि यह अफसोस की बात है कि मुख्यमंत्री ने विभिन्न मंचों पर कैशलश योजना को लागू करने की घोषणा तो की, लेकिन यह अभी तक योजना अधर में लटकी हुई है।

प्रस्ताव में कहा गया है कि यह योजना गत 7 वर्षों से लटकी हुई है और मुख्यमंत्री कई महीनों से इस योजना को लागू करने की विभिन्न मंचों पर लगातार घोषणाएं कर रहे हैं, लेकिन फिर भी इस योजना को लागू करने की सकारात्मक कार्यवाही नहीं हो रही है।

प्रस्ताव में यह भी कहा गया है कि लोक संपर्क विभाग के अधिकारियों का कहना है कि हमने योजना को लागू करने के लिए सारी औपचारिकताएं पूरी कर रखी हैं, लेकिन मुख्यमंत्री के आदेश की प्रतीक्षा है।

प्रस्ताव में यह भी कहा गया है कि इस योजना के तहत पत्रकार, उसकी पत्नी, दो अविवाहित बच्चे और मां-बाप शामिल हैं। इस प्रकार अभी तक की सरकार द्वारा घोषित सभी नीतियों में यह योजना उनके कल्याण के लिए सबसे प्रभावी है।

प्रस्ताव में यह भी कहा गया है कि चुनाव के समय मुख्यमंत्री ने वृद्ध पत्रकारों की मासिक पेंशन योजना को 15 हजार से बढ़ाकर 20 हजार रुपए करने का आश्वासन भी दिया था। उस समय हरियाणा पत्रकार संघ द्वारा दिए गए ज्ञापन में पेंशन के लिए 5 साल की अनिवार्य एक्रीडिटेशन की शर्त को हटाने की मांग भी की गई थी। यदि यह शर्त हटा दी जाती है तो 600 से 700 वृद्ध पत्रकारों को इसका लाभ मिलेगा। वर्तमान में केवल 150 पत्रकारों को इस योजना का लाभ मिल रहा है। हरियाणा पत्रकार संघ के ज्ञापन में सोशल मीडिया से जुड़े पत्रकारों को एक्रीडिटेशन का लाभ और उन्हें विज्ञापन देने की सुविधा देने की भी मांग की गई थी। सरकार की वर्तमान विज्ञापन नीति में सभी बड़ी प्रसार संख्या वाले अखबारों को ही लाभ मिल रहा है, जबकि लघु समाचार पत्रों की पूरी तरह उपेक्षा की जा रही है। लघु समाचार पत्रों का भी समाज में विशेष स्थान है।

## दादा खेड़े पर हुआ वार्षिक हवन यज्ञ एवं भंडारे का आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** रविवार को महर्षि कश्यप राजपूत सेवक सभा एवं समस्त निवासीगण की ओर से माता बसंती गामड़ी, न्यू चार चमन करनाल में दादा खेड़े पर वार्षिक हवन यज्ञ एवं भंडारे का आयोजन किया गया। पंडित वीरभान शर्मा ने हवन में आहूति डलवाकर हवन यज्ञ सम्पूर्ण करवाया। तत्पश्चात भंडारे का आयोजन किया गया।

प्रधान एवं पदाधिकारियों बताया कि हर वर्ष की भांति इसबार भी वार्षिक हवन यज्ञ एवं भंडारे का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सभा के सीनियर प्रधान लाली कश्यप, प्रधान संजय कश्यप, उप प्रधान कप्तान कश्यप, महासचिव रमेश कश्यप, कोषाध्यक्ष मोहन कश्यप, कुलदीप कश्यप, देशराज कश्यप, संजु कश्यप, मनजीत कश्यप, सुनील कश्यप, खुशदिल कश्यप, रोशन कश्यप, शिवचरण कश्यप, कृष्ण कश्यप, श्रवण कश्यप, महिलाएं व गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

# अंतरराज्यीय तस्कर बाप-बेटा गिरफ्तार

**कार्रवाई**

**ट्रक में छिपाया चूरापोस्त बरामद यूपी से पंजाब सप्लाई करने जा रहे थे**



**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो की करनाल यूनिट ने नशा तस्करी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए पंजाब के फतेहगढ़ साहिब जिले के रहने वाले बाप-बेटे को गिरफ्तार किया है। दोनों ट्रक द्वारा यूपी से पंजाब चूरा पोस्त तस्करी कर रहे थे। राष्ट्रीय राजमार्ग-44 पर उचाना गांव के पास से दबोचे गए इन तस्करों के कब्जे से 26.610 किलोग्राम अवैध नशीला पदार्थ बरामद हुआ है।

एनसीबी करनाल यूनिट के इंचार्ज इंस्पेक्टर वीरेंद्र सिंह ने बताया कि पुलिस अधीक्षक मोहित हांडा के नेतृत्व और डीएसपी मनोज कुमार के निर्देशन में टीम एएसआई बलिंद्र सिंह की अगुआई में गश्त कर रही थी। इसी दौरान उन्हें सूचना मिली कि दो अंतरराज्यीय तस्कर ट्रक में चूरा पोस्त लेकर यूपी से पंजाब की ओर जा रहे हैं। सूचना पर कार्रवाई करते हुए टीम ने उचाना गांव के पास नाका लगाकर ट्रक को रोका और तलाशी के दौरान नशीला पदार्थ बरामद कर लिया।

गिरफ्तार आरोपियों की पहचान पिता सुरेन्द्र पाल सिंह और उसके बेटे गगनदीप के रूप में हुई है। दोनों ट्रक में सफर कर रहे थे और पुलिस को चकमा देने की कोशिश कर रहे थे। जब ट्रक की तलाशी ली गई तो उसमें रखे दो प्लास्टिक के कट्टों से 26.610 किलो चूरा पोस्त बरामद हुई। यह मात्रा एनडीपीएस एक्ट के तहत माध्यमिक की श्रेणी में आती है।

पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया गया है। पुलिस ने रिमांड की मांग की है, ताकि पूछताछ के जरिए पूरे नेटवर्क की जानकारी जुटाई जा सके।

अधिकारियों का कहना है कि पूछताछ के दौरान इस तस्करी में शामिल अन्य सहयोगियों तक पहुंचने की कोशिश की जाएगी और जल्द ही अन्य गिरफ्तारियां भी हो सकती हैं।

एनसीबी महानिदेशक ओपी सिंह के दिशा.निर्देश पर प्रदेशभर में नशा तस्करों के खिलाफ सख्त अभियान चलाया जा रहा है। करनाल एनसीबी यूनिट की इस कार्रवाई को इसी अभियान का हिस्सा माना जा रहा है। एनसीबी अधिकारी लगातार गुप्त सूचनाओं के आधार पर काम कर रहे हैं और तस्करों पर शिकंजा कसने में जुटे हुए हैं।

# करंट लगने से युवक की मौत

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** जिले के हैबतपुर गांव में 11 हजार वोल्टेज लाइन की चपेट में आने से एक युवक की मौत हो गई। युवक अपने खेत में काम करने के लिए गया था, जहां पर तार पहले से टूटकर गिरी थी और युवक तार की चपेट में आ गया। घटना की सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए करनाल के कल्पना चावला मेडिकल कॉलेज भिजवाया। शाम को पोस्टमॉर्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।



परिजनों ने बिजली विभाग पर लापरवाही का आरोप लगाया है। परिजनों का आरोप है कि बिजली की तार खेतों में बहुत नीचे लटक चुकी थी, जिन्हें ऊपर करवाने के लिए बार.बार बिजली विभाग को शिकायत की गई थी, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई।

मृतक की पहचान नीलोखेड़ी के हैबतपुर गांव निवासी 30 वर्षीय रजत के रूप में हुई है। वह अपने खेत में गया था। मृतक रजत के परिजन प्रदीप कुमार ने बताया कि लाइन खेतों में नीचे तक लटकी हुई थी। रजत ने बिजली विभाग के अधिकारियों से कई बार शिकायत भी की थी। इसके अलावा ग्रामीण भी लगातार शिकायत दे रहे थे, लेकिन बिजली वाले ने किसी ने कोई सुनवाई नहीं की। तारों को ऊंचा उठाने की एवज में पैसों की डिमांड की जाती है। पैसे दे देंगे तो काम होगा और नही देंगे तो काम नहीं होगा। प्रदीप ने बताया कि आज उसका भाई खेत में गया था, जहां पर 11 हजार वोल्टेज की तो टूट कर गिरी हुई थी। रजत को इस बात का पता नहीं था और वह तारों की चपेट में आ गया, जिससे वह करंट लगने के कारण झुलस गया और उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

## चाय पर चर्चा के दौरान विधायक जगमोहन आनंद ने सुनी आमजन की समस्याएं

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** करनाल के विधायक जगमोहन आनंद द्वारा प्रत्येक रविवार को आमजन के साथ सीधे संवाद का कार्यक्रम चाय पर चर्चा निरंतर जारी है। 19वें क्रम में इस बार यह कार्यक्रम नेहरू प्लेस में आयोजित किया गया, जहां विधायक जगमोहन आनंद ने सुबह-सुबह पहुंचकर आमजन की समस्याओं को सुना और मौके पर ही समाधान किया।

मीडिया से बातचीत करते हुए विधायक जगमोहन आनंद ने कहा कि कोई भी व्यक्ति अपनी समस्या के लिए सीधे उनसे मिल सकता है। मेरा प्रयास है कि जनता और उनके विधायक मे सीधा संवाद हो और आमजन की समस्याओं का शीघ्र अति शीघ्र निवारण हो। इस चाय पर चर्चा के कार्यक्रम का सही मूल मकसद है। यहां जो भी व्यक्ति अपनी समस्या लेकर आता है कोशिश की जाती है कि उनकी समस्याओं का जल्द से जल्द समाधान हो।

# राइस मिल में फोरमैन की मौत, लेबर क्वार्टर में मिला शव

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** जिले के गांव कुटेल स्थित केआर राइस मिल में रविवार सुबह युवक का शव बरामद हुआ। मृतक राइस मिल में फोरमैन के पद पर कार्यरत था और कुछ दिन पहले ही नौकरी पर आया था। सुबह जब वह कमरे में बेसुध हालत में पड़ा मिला, तो उसके रिश्तेदार ने नब्ज टटोली और उसकी मौत की पुष्टि होने के बाद मिल मालिक और पुलिस को सूचना दी। सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंच गई। कल्पना चावला मेडिकल कॉलेज में पोस्टमॉर्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया।

मृतक की पहचान 33 वर्षीय संदीप के रूप में हुई है, जो उत्तर प्रदेश के सुल्तानपुर जिले का रहने वाला था। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और वहां रह रहे अन्य मजदूरों से पूछताछ की। राइस मिल में काम करने वाले कर्मचारियों ने पुलिस को बताया कि शनिवार रात संदीप ने शराब पी थी और खाना खाने के बाद अपने कमरे में चला गया था। सुबह जब साथी उसे उठाने पहुंचे तो वह बेसुध पड़ा था। उन्हें लगा कि संदीप गहरी नींद में है, लेकिन जब कोई हरकत नहीं हुई तो रिश्तेदार ने नब्ज जांची और उसकी मौत का पता चला।

छानबीन के लिए फोरेंसिक जांच टीम को भी मौके पर बुलाया गया। फोरेंसिक टीम ने संदीप के कमरे से साक्ष्य जुटाए और जांच शुरू कर दी। पुलिस जांच अधिकारी मनोज कुमार ने बताया कि पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के असली कारणों का खुलासा हो सकेगा।

घटना के बाद लेबर क्वार्टरों की हालत को लेकर भी सवाल खड़े हो गए हैं। बताया जा रहा है कि राइस मिल में बनाए गए लेबर क्वार्टर रहने लायक स्थिति में नहीं हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### नहर से बरामद हुआ नाबालिग का शव

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** जिले की पश्चिमी यमुना नहर में नहाते समय डूबे 14 वर्षीय नाबालिग लडके का शव रविवार को घोघड़ीपुर हेड से बरामद किया गया। मृतक की पहचान चांद सराय की गली नंबर-5 निवासी कार्तिक के रूप में हुई है। शव पानी की झाल में फंसा हुआ था, जिसे बाहर निकालने में गोताखोरों को काफी मशक्कत करनी पड़ी। मामला 4 जुलाई शुक्रवार दोपहर का है। कार्तिक अपने दो दोस्तों के साथ नहर पर गया था। कुछ देर नहर किनारे बैठने के बाद वह पुल पर चढ़ गया और दोस्तों से कहा कि वह नहर पार करेगा। उसके दोस्त सुशांत ने उसे कई बार समझाया कि पानी का बहाव तेज है और खतरा हो सकता है, लेकिन कार्तिक नहीं माना। उसने कहा कि उसे तैरना आता है और वह नहर पार कर लेगा। उसने पुल से छलांग लगा दी, लेकिन कुछ ही पल बाद उसका सिर पानी में डूब गया और पानी का तेज बहाव उसे आगे बहा ले गया।

छलांग लगाने के बाद कार्तिक कुछ सेकेंड के लिए पानी में नजर आया, लेकिन उसके बाद वह पूरी तरह से गायब हो गया। दोस्तों ने तुरंत लोगों को और फिर पुलिस को सूचना दी। रामनगर पुलिस मौके पर पहुंची और गोताखोरों की मदद से सर्च ऑपरेशन शुरू करवाया गया। दो दिन की मशक्कत के बाद रविवार की सुबह उसका शव घोघड़ीपुर हेड पर पानी में फंसा मिला।

### मलाबार गोल्ड एंड डायमंड्स ने ऐतिहासिक एकीकृत विनिर्माण इकाई का किया उद्घाटन

**नई दिल्ली**–दुनिया के पांचवें सबसे बड़े खुदरा आभूषण विक्रेता (ज्वेलरी रिटेलर) मलाबार गोल्ड एंड डायमंड्स, तेलंगाना में अत्याधुनिक, पूरी तरह से एकीकृत (इंटीग्रेटेड) आभूषण विनिर्माण इकाई (ज्वेलरी मैन्यूफैक्चरिंग यूनिट) की शुरूआत की है. यह इकाई अपनी तरह की सबसे बड़ी है। मलाबार गोल्ड के 13 देशों में 400 से ज्यादा शोरूम हैं। इस इकाई की शुरूआत को लेकर मलाबार ग्रुप के चेयरमैन एम पी अहमद ने कहा, हैदराबाद में हमारी अत्याधुनिक आभूषण विनिर्माण इकाई, जो परंपरा, कला, आधुनिकता और परिशुद्धता का संयोजन करती है, आभूषण विनिर्माण में एक नए युग की शुरूआत है। यह इकाई हमारे ह्यमेक इन इंडिया, मार्केट टू द वर्ल्ड दृष्टिकोण के अनुरूप वैश्विक बाजारों के लिए भारत में विश्वस्तरीय आभूषण तैयार करने की हमारी प्रतिबद्धता को पुष्ट करती है। यह भारत को उत्कृष्ट शिल्प कौशल (क्राफ्टमैनशिप) और डिजाइन उत्कृष्टता (एक्सीलेंस) के वैश्विक केंद्र (ग्लोबल हब) के रूप में स्थापित करने की दिशा में उठाया गया रणनीतिक कदम है।

### महिंद्रा की BE 6 और XEV 9e की पैक टू डिलीवरी जुलाई के अंत से शुरू होगी

**गाजियाबाद।** महिंद्रा की इलेक्ट्रिक एसयूवी (स्पोर्ट्स यूटिलिटी व्हीकल) 'इलेक्ट्रिक ओरिजिन' ने भारत के EV (इलेक्ट्रिक व्हीकल) बाजार में वैल्यू के हिसाब से सबसे आगे जगह बना ली है। ग्राहकों के जबरदस्त भरोसे और उत्साह के कारण, देश भर में हर 10 मिनट में एक महिंद्रा इलेक्ट्रिक एसयूवी बिक रही है। इस शानदार रफ्तार को जारी रखते हुए, महिंद्रा अपनी दमदार BE 6 और XEV 9e इलेक्ट्रिक एसयूवी के पैक टू मॉडल की डिलीवरी जुलाई के अंत से शुरू कर रही है। इनकी आकर्षक शुरूआती कीमत रु 21.90 लाख है। ग्राहकों की जबरदस्त प्रतिक्रिया को देखते हुए, पैक टू में अब 59 kWh बैटरी विकल्प के साथ एक नया 79 kWh बैटरी विकल्प भी मिलेगा। इससे ये गाड़ियां शहर में असल में क्रमश: 500 किलोमीटर और 400 किलोमीटर तक चल पाएंगी। दोनों बैटरी विकल्पों में महिंद्रा की आधुनिक टेक्नोलॉजी का पूरा सूट (सेट) मिलेगा। इसमें 16-स्पीकर वाला हरमन कार्डन साउंड सिस्टम (डॉल्बी एटमॉस के साथ), एक पूरी ग्लास रूफ), लेवल 2 ADAS (एडवांस्ड ड्राइवर असिस्टेंस सिस्टम), एश 9ी में ट्रिपल-स्क्रीन वाइड सिनेमास्कोप, और इए 6 में रेस-रेडी डिजिटल कॉकपिट शामिल है। ये सब मिलकर इनोवेशन, सुरक्षा और आधुनिक लक्जरी का बेहतरीन मेल बनाते हैं। इसके अलावा, महिंद्रा BE 6 पैक MX' को पैक थ्री वाले प्रीमियम सेज लेदरेट इंटीरियर्स से और भी बेहतर बना रही है।

## मुखर्जी की 125वें जन्मदिवस पर कार्यक्रम का आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत ( कमाल हुसैन )**

जिला प्रभारी किसान मोर्चा भाजपा चौधरी जगवीर आर्य के नेतृत्व में एक राष्ट्र एक संविधान के डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी की 125 में जन्म दिवस पर यह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें उनके विचार पर चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की गई । इस अवसर पर जिला प्रभारी किसान मोर्चा जगबीर आर्य ने श्यामा प्रसाद मुखर्जी के जीवन के संदर्भ व उनकी देशभक्ति पर प्रकाश डालते हुए सभी कार्यकताओं को उनके महान विचार व देश के प्रति उनकी श्रद्धा व भक्ति से अवगत कराया।



श्यामा प्रसाद मुखर्जी प्रखर राष्ट्रवादी महान शिक्षाविद् व भारतीय जन संघ के संस्थापक थे , उन्होंने ही सर्वप्रथम देश एक विधान का विचार भारत को दिया । उनके द्वारा स्थापित जनसंघ आज देश की सेवा में तत्पर रहता है बाढ़ , तूफान , महामारी आदि प्राकृतिक आपदाओं में देश के लोगों के कल्याण के लिए कार्य कर रहा है। इस अवसर पर महेश त्यागी सरपंच झांम्बा, राम कौशिक पूर्व मंडल महासचिव, राज शर्मा ,सुरेंद्र त्यागी, विजेंद्र सिंह , शादाब सहित अनेको कार्यकर्ताओं ने श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर पुष्प अर्पित किए।

# परशुराम जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में बुजुर्ग सम्मान समारोह का आयोजन

**सम्मान समारोह**

**बुजुर्ग सम्मान समारोह का आयोजन हुड्डा सेक्टर 12 स्थित एसडी विद्या मन्दिर स्कूल में किया गया।**

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, ( कमाल हुसैन )**

ब्राह्मण महासंघ हरियाणा द्वारा रविवार को भगवान परशुराम जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में बुजुर्ग सम्मान समारोह का आयोजन हुड्डा सेक्टर 12 स्थित एसडी विद्या मन्दिर स्कूल में किया गया। समारोह में सानिध्य श्री आदि बद्री मठ मछली बंदर से दंडी स्वामी श्री विनय स्वरूप आश्रम जी व श्री स्वामी दयानंद सरस्वती जी महाराज, श्रीनाथ श्रीब्रह्म ऋषि जी महाराज, वेद गोस्वामी व प.निरंजन पराशर का रहा। जबकि मुख्य अतिथि सेवानिवृत आईपीएस रविकांत शर्मा, सेवानिवृत आईएएस राजीव शर्मा, सेवा निवृत जिला जज केसी शर्मा रहे। इसके अलावा विशिष्ठ अतिथि कांग्रेस नेता विरेंद्र बुल्ले शाह, एडवोकेट अशोक शर्मा सोनीपत रहे। वहीं अतिथिगण के रूप में रिफाइनरी से जीएम आईएसआरएल मुकेश शर्मा, समाजसेवी कुलदीप कौशिक मौजूद रहेंगे। दीप प्रज्जलवन में उक्त सभी अतिथियों के साथ प्रसिद्व हरियाणवीं कलाकार ऊषा शर्मा चन्द्रावल भी मौजूद रही। लोक गायक संदीप शर्मा भैंसवाल ने अपनी रागनियों से सभी का ज्ञान बढ़ाया। सभी अतिथियों का आयोजकों द्वारा जहां स्वागत किया गया। वहीं पगड़ी पहनाकर व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित भी किया गया। वहीं अतिथियों द्वारा समाज के 250 बुजुर्गों व 35 महिलाओं व पुरूषों को उनकी उनके क्षेत्र में विशेष उपब्धियों के लिए सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि सेवानिवृत आईपीएस रविकांत शर्मा ने कहा कि इस प्रकार से व इतनी संख्या में बुजुर्गों का सम्मान देखकर उन्हें जो खुशी हो रही है उससे ज्यादा उनका गर्व सीना चौड़ा भी हो रहा है कि जिन बुजुर्गों के हाथों से उन्हें हमेशा आशीर्वाद प्राप्त किया आज उन्हें सम्मानित करने का अवसर मिला। सही मायनों में उनका जीवन आज सफल हो गया। उन्होंने कहा कि बुजुर्गों को चाहिए की वो जहां पर हैं वहां सभी एकत्रित हों प्रसन्न रहे दिल करे एक दूसरे को गालियां दें पर खुश रहें। वहीं सेवानिवृत राजीव शर्मा ने कहा कि हरियाणा में बड़े बुजुर्गों को हमेशा सम्मान की दृष्टि से देखा जाता है। बुजुर्ग कितने कष्ट झेलकर समाज व बच्चों की बेहतरी के लिए कार्य करते हैं। बुजुर्गों का सम्मान करने वाला समाज उन्नति करता है। हमारे बुजुर्ग न केवल हमारे आदर्श हैं बल्कि हमारी आन-बान व शान हैं। उन्हीं की बदौलत आज हम इस मुकाम पर हैं। वहीं हमें अपने बच्चों को केवल बड़े पदों पर ही नहीं पहुंचाना बल्कि अपनी खानदानी विरासत पूजा-पाठ व धार्मिक संस्कारों को भी नहीं छोड ?ा है। संस्कृति के बिना समाज व समाज के बिना देश उन्नित नहीं कर सकता। अन्य वक्ताओं ने भी समाज की एकजुटता व बड़ों के मान-सम्मान की बात कही। ब्राह्मण महासंघ हरियाणा के प्रदेशाध्यक्ष रोहित गौतम ने कहा कि उनके संज्ञान में आया है कि जिला के मतलौडा क्षेत्र के करीब 50 परिवारों की दोहली की जमीन उनको मिलने के मामले में डीसी व एसडीएम बाधा बने हुए हैं।



# वरिष्ठ पत्रकार राजकुमार (प्रिंस) बने हरियाणा पत्रकार संघ के जिलाध्यक्ष






**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** वरिष्ठ पत्रकार राजकुमार (प्रिंस) को सर्वसम्मति से हरियाणा पत्रकार संघ की जिला करनाल ईकाई का अध्यक्ष चुना गया। उन्हें अध्यक्ष बनाए जाने का प्रस्ताव निवर्तमान जिलाध्यक्ष संदीप साहिल ने रखा। पूर्व जिलाध्यक्ष कमल मिड्डा ने इस प्रस्ताव का अनुमोदन किया। इस पर संघ के सदस्यों ने अपनी सहमति जताई और तालियां बजाकर इस प्रस्ताव को स्वीकार किया। इसके बाद संघ के अध्यक्ष केबी पंडित ने राजकुमार (प्रिंस) को सर्वसम्मति से अध्यक्ष चुने जाने की घोषणा की। राजकुमार (प्रिंस) दैनिक जागरण के ब्यूरो चीफ के पद पर अपनी सेवाएं दे चुके हैं। वर्तमान में वह राष्ट्रीय समाचार पत्र एक्शन इंडिया के संपादक हैं। इससे पहले संदीप साहिल ने अपने पद से त्याग पत्र दिया। चूंकि संदीप साहिल हरियाणा विधानसभा के सूचना एवं लोक संपर्क अधिकारी के पद पर अपनी सेवाएं दे रहे हैं और हरियाणा विधानसभा के अध्यक्ष हरविंद्र कल्याण के अनन्य सहयोगी हैं। लिहाजा उन्होंने इस पद से कार्य मुक्त करने की सिफारिश की थी। इसके बाद संघ के अध्यक्ष केबी पंडित ने उनका त्याग पत्र स्वीकार करते हुए उन्हें प्रदेश कार्यकारिणी में सदस्य के रूप में जिम्मेदारी सौंपी है। केबी पंडित ने कहा कि पत्रकारों के हितों के लिए उनका संघर्ष जारी रहेगा।

पत्रकारों की पेंशन योजना के नियमों के सरलीकरण की मांग उठाते हुए कहा कि इस संबंध में जल्द ही सीएम नायब सिंह सैनी से भी मुलाकात की जाएगी।

नवनियुक्त जिला प्रधान राजकुमार प्रिंस ने कहा कि उनके साथ हमेशा से संघ के प्रदेशाध्यक्ष केबी पंडित, पूर्व प्रधान देवेंद्र गांधी व पूर्व प्रधान कमल मिड्डा का स्नेह रहा है। साथियों ने सर्वसम्मति से जो जिम्मेदारी सौंपी है, उसका वह जिम्मेदारी से निर्वहन करेंगे। वह पत्रकारों के हकों के लिए हमेशा उनके साथ खड़े रहेंगे। इस अवसर पर दैनिक जागरण के ब्यूरो चीफ सोमदत्त शर्मा, अमर उजाला के ब्यूरो चीफ देव शर्मा, दैनिक ट्रिब्यून के वरिष्ठ संवाददाता प्रवीन अरोड़ा, करनाल ब्रेकिंग न्यूज के संचालक कमल मिड्डा, शिवनाथ कपूर, प्रदीप मेहता, सुरेंद्र अनेजा, हरि कृष्ण आर्य, तेज बहादुर टिक्कू, अश्विनी शर्मा, डा.केके संधू, सुरेंद्र पांचाल, हरीश मदान, अमन ग्रोवर, दर्शन शर्मा, पवन वर्मा, संदीप रोहिला, जयपाल बंसल, डा. नीना, ईश्वर दत्त, गुरमीत सिंह सगगू, नरेंद्र पंडित, गगन तलवार, बिशपाल राणा, नरेंद्र लाठर, विकास मेहला, हिमांशु नारंग, इशिका ठाकुर, कदम सिंह, अमित आहूजा उपस्थित रहे।

# कांवड़ियों की सेवा के लिए 17 जुलाई से 23 जुलाई तक लगेगा शिविर संगठन

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, (ख्याल हुसैन )**

समाज सेवा संगठन की मीटिंग अग्रवाल मण्डी कार्यालय पर 6 जुलाई रविवार को सम्पन्न हुई। अध्यक्ष प्रवीण जैन ने बताया समाज सेवा संगठन हर वर्ष की तरह गोमुख गंगोत्री हरिद्वार से आने वाले शिव भगत कांवडियों की सेवा के लिए शिव रात्रि के उपलक्ष पर 17 जुलाई से 23 जुलाई तक जी टी रोड की फुटपाट पर शिव भगत कांवड़ियों की सेवा के लिए कावड़ शिविर आयोजित किया जाएगा शिविर में 24 घंटे चलता रहेगा जिसमे नहाने दिन व रात्रि में विश्राम दूध चाय फल फ्रूट भोजन व विश्राम की व्यवस्था व चिकित्सा की व्यवस्था निरंतर निशुल्क चलती रहेगी और हर वर्ष जी टी रोड पर बरसात का पानी भरने से शिविर में पानी भरता है जिससे कांवड़ियों की परेशानी को देखते हुए शिविर में विश्राम के लिए मेज लगवाई जाएगी जिससे शिव भगत कांवड़ियों को परेशानी का सामना न करना पड़े हर वर्ष की तरह पहले एस डी एम महोदय से परमिशन लेकर शिविर लगाया जाएगा और मीटिंग में सभी ने अपनी अपनी ड्यूटी लगाई है शिवभगत गोमुख गंगोत्री हरिद्वार से जल लाकर शिवरात्रि पर शिवलिंग पर गंगा जल चढ़ाते हैं संगठन की कोशिश रहेगी शिवभागतो के लिए अच्छी से अच्छी सुविधा उपलब्ध कराई जाए।



## संपादकीय

# जाति प्रमाणपत्र में छिपा भेदभाव

जाति प्रमाणपत्र जारी करने की प्रक्रिया में बच्चों के अधिकारों और सामाजिक पहचान की उपेक्षा गंभीर चिंता का विषय है। दिल्ली उच्च न्यायालय ने हाल ही में स्पष्ट किया कि यदि कोई बच्चा अनुसूचित जाति की मां द्वारा पाला गया है और उसी समुदाय के रीति-रिवाजों में बड़ा हुआ है, तो उसे प्रमाणपत्र से वंचित नहीं किया जा सकता, भले ही पिता की जाति भिन्न हो। यह फैसला बच्चों के संवैधानिक अधिकारों और सामाजिक न्याय की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। अब आवश्यक है कि राज्य सरकारें स्पष्ट नीति बनाकर प्रशासनिक भेदभाव की समाप्ति सुनिश्चित करें। जाति प्रमाणपत्र एक ऐसा दस्तावेज है, जो हमारे समाज की सामाजिक संरचना और संवैधानिक वादों के बीच की गहरी खाई को उजागर करता है। यह केवल आरक्षण या सरकारी योजनाओं की पात्रता का प्रमाण नहीं, बल्कि इस बात का संकेत भी है कि किसी बच्चे को अपने अधिकार पाने के लिए किस प्रकार की सामाजिक स्वीकृति और सरकारी मान्यता की आवश्यकता है। हाल ही में दिल्ली उच्च न्यायालय ने एक महत्वपूर्ण फैसले में यह स्पष्ट किया कि अनुसूचित जाति से संबंधित किसी व्यक्ति का बच्चा भी उसी जाति से माना जाएगा, भले ही उसके माता-पिता के बीच धर्म अलग-अलग हों। यह फैसला उन हजारों बच्चों को राहत देता है, जिन्हें आज भी केवल उनके माता-पिता के धर्म या सामाजिक स्थिति के आधार पर जाति प्रमाणपत्र से वंचित किया जा रहा है। दिल्ली उच्च न्यायालय का यह फैसला एक बहुचर्चित मामले में आया, जिसमें एक विधवा महिला ने अपने बेटे के लिए अनुसूचित जाति प्रमाणपत्र की मांग की थी। महिला दलित समुदाय से थी, जबकि उसके पति अन्य धर्म से संबंधित थे। बच्चे का पालन-पोषण दलित परंपराओं, रीति-रिवाजों और सामाजिक परिवेश में हुआ, लेकिन प्रशासन ने प्रमाणपत्र जारी करने से इंकार कर दिया। तर्क था पिता की जाति अलग थी, अतः बच्चा उस जाति का नहीं माना जा सकता। कोर्ट ने स्पष्ट किया कि यह दृष्टिकोण न केवल संवैधानिक अधिकारों का उल्लंघन है, बल्कि बच्चों के विकास के अवसरों पर भी आघात है।

न्यायालय ने अपने फैसले में कहा कि जाति एक सामाजिक निर्माण है, जैविक नहीं। यदि बच्चा उस जाति के सामाजिक और सांस्कृतिक परिवेश में बड़ा हुआ है, तो उसे उस समुदाय का हिस्सा माना जाना चाहिए। यह टिप्पणी उन सरकारी अधिकारियों के सोच पर गहरी चोट है, जो जाति को अब भी 'खून से बंधा हुआ' तत्व मानते हैं, न कि सामाजिक परिस्थितियों से जुड़ा हुआ। भारतीय संविधान का अनुच्छेद 15 और 16 समानता का अधिकार प्रदान करता है, वहीं अनुच्छेद 46 स्पष्ट रूप से अनुसूचित जातियों और जनजातियों की शैक्षिक और आर्थिक हितों की विशेष सुरक्षा की बात करता है।


# एआईः नवाचार की उड़ान या बौद्धिक चोरी का यंत्र?

**प्रियंका सौरभ**

> लेखकों का कहना था कि यह उनकी बौद्धिक संपदा का उल्लंघन है। परंतु अदालत ने निर्णय दिया कि यह मॉडल जो नई सामग्री उत्पन्न कर रहा है, वह मूल रचना से अलग, नया और परिवर्तित है। इसलिए यह उचित प्रयोग की श्रेणी में आता है और कंपनी को अपराधी नहीं माना जा सकता। दूसरे मामले में कंपनी मेटा पर साहित्य और पत्रकारिता सामग्री को बिना अनुमति इस्तेमाल करने का आरोप था। अदालत ने माना कि कंपनी ने सचमुच संरक्षित रचनाएं पढ़ी थीं, लेकिन उसका उद्देश्य कुछ नया सीखना और बनाना था, इसलिए इसे भी परिवर्तनकारी उपयोग मानते हुए मेटा को दोषमुक्त कर दिया गया। इन दोनों फैसलों से एक संदेश यह गया कि न्यायालय फिलहाल तकनीकी नवाचार को प्राथमिकता दे रहे हैं, लेकिन लेखक समुदाय और बौद्धिक श्रमिकों के मन में यह सवाल घर करता जा रहा है

**कृत्रिम** बुद्धिमत्ता (एआई) आज नई रचनात्मकता का माध्यम बन चुकी है, पर यह बहस का विषय है कि क्या यह नवाचार, रचनाकारों की मेहनत की चोरी पर टिका है? अमेरिका में अदालतों ने एआई द्वारा ह्यसीखी गईह्न सामग्री को उचित प्रयोग माना, पर रचनाकार असंतुष्ट हैं। भारत में समाचार एजेंसी एएनआई ने ओपनएआई के खिलाफ कॉपीराइट उल्लंघन की शिकायत की है। देश में मौजूदा कानून इस तकनीकी चुनौती के लिए नाकाफी हैं। भारत को चाहिए कि वह अपने बौद्धिक संपदा कानूनों को अद्यतन करे ताकि तकनीकी विकास के साथ रचनात्मक अधिकारों की भी रक्षा हो सके।

इक्कीसवीं सदी की सबसे बड़ी तकनीकी छलांगों में से एक है जनरेटिव कृत्रिम बुद्धिमत्ता – यानी ऐसा कंप्यूटर मस्तिष्क जो कहानी से लेकर समाचार रिपोर्ट, चित्र से लेकर कविता, और अदालत के निर्णय से लेकर संवाद तक खुद रच सकता है। लेकिन प्रश्न यह उठता है कि इस मशीनी रचनात्मकता की नींव क्या किसी और की मेहनत पर टिकी है? क्या यह नई तकनीक रचनाकारों, लेखकों, पत्रकारों, चित्रकारों और संगीतकारों की बनाई सामग्रियों को चुपचाप अपने ज्ञान का हिस्सा बना रही है – बिना उनकी अनुमति, बिना कोई श्रेय दिए? हाल ही में अमेरिका की दो अदालतों में ऐसे ही मामलों पर निर्णय हुआ। इन फैसलों ने फिलहाल तकनीकी कंपनियों को राहत दी है, पर यह विषय अभी भी पूरी तरह सुलझा नहीं है। इन फैसलों ने पूरी दुनिया में बहस छेड़ दी है – और भारत भी इससे अछूता नहीं है। जनरेटिव कृत्रिम बुद्धिमत्ता वाले मॉडल – जैसे कि ओपनएआई का चैटजीपीटी या मेटा का लामा – करोड़ों पुस्तकों, वेबसाइटों, गीतों, समाचारों और चित्रों का अध्ययन करके प्रशिक्षित किए जाते हैं। इनका प्रशिक्षण इस तरह होता है जैसे कोई छात्र पुस्तकें पढ़कर ज्ञान प्राप्त करता है, लेकिन यह छात्र उस पुस्तक को पढ़ने से पहले लेखक से न अनुमति लेता है, न ही लेखक को श्रेय या पारिश्रमिक देता है। यही से विवाद आरंभ होता है। 2024 में



अमेरिका में पहला मामला आया जिसमें कुछ उपन्यासकारों ने कंपनी एंथ्रॉपिक पर आरोप लगाया कि उसने उनकी पुस्तकों का उपयोग अपने कृत्रिम बुद्धिमत्ता मॉडल को प्रशिक्षित करने के लिए किया। लेखकों का कहना था कि यह उनकी बौद्धिक संपदा का उल्लंघन है। परंतु अदालत ने निर्णय दिया कि यह मॉडल जो नई सामग्री उत्पन्न कर रहा है, वह मूल रचना से अलग, नया और परिवर्तित है। इसलिए यह उचित प्रयोग की श्रेणी में आता है और कंपनी को अपराधी नहीं माना जा सकता। दूसरे मामले में कंपनी मेटा पर साहित्य और पत्रकारिता सामग्री को बिना अनुमति इस्तेमाल करने का आरोप था। अदालत ने माना कि कंपनी ने सचमुच संरक्षित रचनाएं पढ़ी थीं, लेकिन उसका उद्देश्य कुछ नया सीखना और बनाना था, इसलिए इसे भी परिवर्तनकारी उपयोग मानते हुए मेटा को दोषमुक्त कर दिया गया। इन दोनों फैसलों से एक संदेश यह गया कि न्यायालय फिलहाल तकनीकी नवाचार को प्राथमिकता दे रहे हैं, लेकिन लेखक समुदाय और बौद्धिक श्रमिकों के मन में यह सवाल घर करता जा रहा है कि यदि यह उचित प्रयोग है, तो उनकी मेहनत, मौलिकता और अधिकारों का क्या?

अब दृष्टि भारत की ओर मोड़ते हैं। समाचार एजेंसी एएनआई ने वर्ष 2024 में ओपनएआई पर आरोप लगाया कि उसके संवाद आधारित मॉडल (जैसे चैटजीपीटी) उनकी समाचारों की भाषा, शैली और विषय-वस्तु की हूबहू नकल कर रहा है। इसके अलावा प्रकाशक संघों ने भी आरोप लगाए कि भारत में कॉपीराइट पंजीकरण की अनदेखी कर इन एआई कंपनियों ने भारतीय सामग्री का व्यावसायिक दोहन किया।

ओपनएआई का पक्ष यह था कि वह भारत में न तो अपने सर्वर चलाता है, न ही उसका कोई स्थायी कार्यालय है।

उसका तर्क था कि उसकी तकनीक कुछ नया, परिवर्तित और जनहित में उपयोगी सामग्री तैयार करती है – और यह बौद्धिक चोरी नहीं कहलाती।

यह मामला अब दिल्ली उच्च न्यायालय में विचाराधीन है, और इसकी सुनवाई जुलाई के पहले सप्ताह में निर्धारित है। इससे यह स्पष्ट होता है कि भारत में अब यह बहस न्यायिक गलियारों में पहुंच चुकी है। प्रश्न यह है कि क्या भारत का मौजूदा बौद्धिक संपदा कानून इस नई तकनीकी चुनौती के लिए तैयार है? 1957 में बनाए गए कॉपीराइट अधिनियम में उचित प्रयोग की धारणा है, पर उसमें कृत्रिम बुद्धिमत्ता जैसे मामलों की स्पष्ट व्याख्या नहीं है। ना ही भारत में ऐसा तंत्र है जो यह जांच सके कि कोई एआई मॉडल प्रशिक्षण के लिए किन सामग्रियों का उपयोग कर रहा है और वे सामग्री कॉपीराइट के अंतर्गत आती हैं या नहीं। आज लेखक, कवि, चित्रकार, संगीतकार, फोटोग्राफर और पत्रकार यह महसूस कर रहे हैं कि उनका सृजन कार्य मशीनों के पेट में डाला जा रहा है, और बदले में उन्हें न कोई श्रेय मिल रहा है, न ही पारिश्रमिक। यह न केवल कानूनी बल्कि नैतिक चिंता का विषय है। इस विषय पर बहस यह नहीं है कि तकनीक को रोका जाए। नवाचार और प्रौद्योगिकी की प्रगति आवश्यक है, लेकिन वह प्रगति ऐसी न हो जो मानवीय रचनात्मकता को निगल जाए। अगर कोई लेखक दस वर्षों की मेहनत से एक उपन्यास रचता है, और कोई मशीन दो सेकंड में उसकी शैली की नकल करके नया उत्पाद बनाती है, तो यह न तो न्यायसंगत है, न ही सम्मानजनक। न्यायालयों की जिम्मेदारी अब केवल यह नहीं रह गई कि वे कंपनियों और व्यक्तियों के बीच विवाद सुलझाएं, बल्कि उन्हें यह सुनिश्चित करना होगा कि भविष्य का तकनीकी विकास समान रूप से सभी के हित में हो। केवल पूंजी और तकनीक के सहारे अगर किसी का बौद्धिक श्रम मुफ्त में हड़पा जा रहा है, तो वह लोकतांत्रिक और नैतिक मूल्यों का उल्लंघन है।

भारत को चाहिए कि वह अपने कॉपीराइट कानूनों की पुनर्रचना करे – विशेषकर कृत्रिम बुद्धिमत्ता के युग के अनुरूप। ऐसी व्यवस्था बने जिसमें रचनाकारों की रचनाओं को यदि तकनीक द्वारा उपयोग किया जा रहा है तो उन्हें उसका पारिश्रमिक मिले, उनके नाम का उल्लेख हो, और उनकी अनुमति अनिवार्य हो। यह केवल न्याय की बात नहीं है, यह साहित्य, संस्कृति और रचनात्मकता की रक्षा की बात है। यदि हम अपने समय के रचनाकारों की अनदेखी करेंगे, तो आने वाली पीढ़ियाँ तकनीक तो पाएंगी – पर संवेदना नहीं, आत्मा नहीं।

**मशीनों को दी उड़ान, पर कलम से छीना आसमान,**

**नई दिल्ली कार्यालय**
एक्शन बालाजी हाउस, बी-244, मजलिस पार्क, दिल्ली- 110033

**उत्तरी दिल्ली कार्यालय**
शक्ति कॉम्पलैक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली- 110042

**चंडीगढ़ कार्यालय**
फर्स्ट फ्लोर, देश सेवक बिल्डिंग, सेक्टर- 29डी, चंडीगढ़

**पंजाब कार्यालय**
7/2, थर्ड फ्लोर, मोनिका, टावर, ईआर-146, पक्का बाग, मिलाप चौक, जालंधर

**करनाल कार्यालय**
224, सेक्टर 32पी, करनाल- 132001

**सोनीपत कार्यालय**
एक्शन इंडिया कार्यालय, एनएस कम्प्यूटर, जंधी रोड़, सोनीपत- 131001

**शिमला कार्यालय**
किशोर भवन, जोधा निवास, डेजी बैंक एस्टेट, लोअर जाखू, शिमला- 171001

**ऊना कार्यालय**
कृष्णा टावर, सब्जी मंडी के सामने, ऊना-174303

**देहरादून कार्यालय**
7/1, बल्लूपुर रोड़, कृष्णा नगर चौक, देहरादून

## पाक की अध्यक्षता का मतलब

**प्रेम शर्मा**

संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की पाकिस्तान को अध्यक्षता मिलना जहां कोई आश्चर्यजनक बात नहीं है, क्योंकि यह अस्थाई होती है और इसकी मीयाद सिर्फ एक महीने ही होती है, भारत में कई लोगों को इससे निराशा हुई है। वैसे तो संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की अध्यक्षता मोटे तौर पर प्रतीकात्मक ही होती है और इसका कोई खास असर नहीं होता है। पाकिस्तान के यूएनएसी के अध्यक्ष बनने से भारत को तकनीकी रूप से किसी तरह की चिंता करने की कोई जरूरत नहीं है, क्योंकि अध्यक्ष देश कोई फैसला अकेले नहीं ले सकता।मगर हां, राजनीतिक और कूटनीतिक रूप से वो कई गड़बड़ियां कर सकता है। जिसका उदाहरण सामने आ भी चुका है क्योंकि यूएनएससी में पाकिस्तान के राजदूत असीम इफ्तिखार अहमद ने कश्मीर मामले पर चर्चा भी शुरू कर दी, जबकि सबको पता है कि ये भारत और पाकिस्तान के बीच का मसला है। पाकिस्तान के पास एजेंडा कंट्रोल करने की पावर है। वो तय कर सकता है कि किस मुद्दे पर ज्यादा चर्चा हो और किस पर नहीं। ऐसे में भारत को उसकी एक माह की अध्यक्षता पर नजर रखनी होगी। वैश्विक राजनीति में जहां कूटनीतिक स्तर पर भारत अलग-थलग पड़ता नजर आ रहा है, वहीं इस मोर्चे पर पाकिस्तान की अहमियत बढ़ती नजर आ रही है। ऑपरेशन सिंदूर और उसके बाद भारतीय प्रतिनिधियों के कूटनीतिक विश्व भ्रमण के दौरान तमाम देशों को यह समझाने के बावजूद कि पाकिस्तान आतंक का केंद्र और आतंकवादियों की शरणस्थली बना हुआ है, पाकिस्तान के चीन, रूस और अमेरिका के साथ रिश्तों में हाल के महीनों के दौरान नाटकीय गर्मजोशी देखने को मिल रही है। अगर वोटिंग की बॉत करे तो वोटिंग में भी भारत के प्रति अन्य देशों का रूझान ठीक नही रहा। बहरहाल ये भी हो सकता है कि अध्यक्ष बनने के बाद पाकिस्तान चाहे तो खुद को पीड़ित बता सकता है। इसके साथ ही वह सिंधु जल संधि पर भी अपना दुखड़ा रो सकता है कि भारत ने पानी बंद कर दिया है और जैसा कि ये दुनिया का बड़ा मंच है और उसे मौका मिला है तो वो अपना दुखड़ा पूरी दुनिया को पूरी ताकत से सुना सकता है। ऐसा भी हो सकता है कि वो ऑपरेशन सिंदूर को लेकर भी उल्टे सीधे बयान दे लेकिन इससे भारत को कोई खास फर्क नहीं पड़ेगा। आतंकियों का पनाहगार और दुनिया के हर मंच पर कश्मीर का राग अलापने वाला पाकिस्तान एक जुलाई से संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद का अध्यक्ष बनाया गया है और एक महीने तक अध्यक्ष के तौर पर काम करेगा। पाकिस्तान इसी साल जनवरी में दो साल के लिए अस्थायी सदस्य चुना गया था, जिसे वोटिंग के दौरान 193 में से 182 वोट मिले थे। अब नए नवेले सदस्य बने पाकिस्तान को एक जुलाई से 31 जुलाई तक अध्यक्ष पद की भूमिका निभानी है और अध्यक्ष की कुर्सी पर बैठने के बाद उसके पास कई पॉवर्स होंगे। जैसे पाकिस्तान सुरक्षा परिषद की सभी औपचारिक और अनौपचारिक बैठकों की अध्यक्षता करेगा।

## विचार

## जलपरी और जनसंपर्क अधिकारी का संगम

**डॉ. सुरेश कुमार**

**मैं**, यानी कि आपका अपना चिर-कुंवारा जनसंपर्क अधिकारी, डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा 'उरतृप्त', उम्र चालीस बसंत, बाल उड़नछू और पेट कुंभकरण का भाई, उस दिन एक सरकारी तीर्थयात्रा पैकेज के तहत प्रयागराज के त्रिवेणी संगम पर पहुंचा था। पहुंचा क्या था, बस धक्का-मुक्की में ढकेल दिया गया था, क्योंकि ह्यजनसंपर्कह्न का काम ही यही है झ जनता के बीच घुल-मिल जाना, भले ही जनता आपको घूलकर मिटा ही क्यों न दे। यमुना मैया की श्यामल-सलिल धारा को देख कर मेरा मन भी श्यामल हो गया। इतने बड़े-बड़े कछुए! भाई साहब, साइज ऐसा कि सरकार चाहे तो हर एक पर एक-एक फैमिली को बसा सकती है, मुफ्त आवास योजना के तहत! वे यात्रियों द्वारा फेंकी जाने वाली खीलों को ऐसे निगल रहे थे, जैसे आजकल के नेता वादे निगलते हैं झ बिना किसी हिचकिचाहट के, बिना किसी पापबोध के। और फिर मोतियों जैसे बुलबुले छोड़कर अदृश्य हो जाते, बिलकुल जैसे हमारे सरकारी फंड्स होते हैं झ कब आए, कब गए, किसी को पता नहीं चलता, बस अदृश्य हो जाते हैं। मैंने सोचा, ह्लवाह! क्या गजब की व्यवस्था है! ये कछुए युगों से यमुना में विहार कर रहे हैं, शायद इसलिए यमुना मैया का नाम ह्यकूर्मवाहिनीह्न पड़ गया है। मेरा भी नाम ह्यफाइल-प्रवाहिनीह्न पड़ जाता, अगर मैं इतनी फाइलें एक साथ निगल पाता!ह्व सफेद भँवरों वाली गंगा मैया की धारा जब नील-सवंती रमणीमणि, यानी हमारी प्यारी यमुना मैया, का आलिंगन करने वाले प्रदेश पर पहुंची, तो नाव भी वहां जा पहुंची। मैं, डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा 'उरतृप्त', अपने आप को स्विमिंग पूल का माइकल फेल्प्स तो नहीं, पर गली का गुड्डू तैराक तो मानता ही था। तो, जैसे ही नाव यमुना की कृष्णा-धारा पर सरकती जा रही थी, मेरा अंतरात्मा बोला, ह्लसुरेश! यह मौका है अपनी मर्दानगी साबित करने का! कूद जा!ह्व और मैं, बिना सोचे-समझे, (जो कि मेरी सबसे बड़ी योग्यता है) प्रवाह में कूद पड़ा।प्रवाह में कूदना था कि लगा जैसे किसी ने मुझे वाशिंग मशीन में डाल दिया हो झ गोल-गोल, ऊपर-नीचे। नील मणिमय कांति वाले स्वच्छ गगनांशुजाल में मेरे पैर ऐसे पटक रहे थे, जैसे किसी नेता के भाषण में तर्क पटकते हैं - बेतरतीब, अर्थहीन। बेचारे मंद गजयान कच्छप, जो सदियों से वहां वीआईपी की तरह तैर रहे थे, मुझे देख कर ऐसे इधर-उधर हो गए, जैसे किसी सरकारी बाबू को देख कर फाइलें खिसक जाती हैं। उस निर्मल, शीतला जल-धारा में मैं ऐसे छोटे शिशु-मीन की भाँति हाथ-पैर हिलाते विहार कर रहा था, जैसे कोई नया-नया प्रमोशन पाया बाबू अपने नए दफ्तर में घूमता है झ अहंकार से फूला हुआ, पर असलियत में कुछ पता नहीं। जल-धारा की गहराई में थोड़ी दूर आगे बढ़ने के उपरांत, मुझे लगा जैसे कोई सफेद रेखा-पंख अत्यंत वेग के साथ मेरी ओर बढ़ते दिखाई दिए। मैंने सोचा, ह्लअरे बाप रे! कहीं यह कोई सरकारी स्कीम तो नहीं, जो मेरी तरफ ऐसे तेजी से आ रही है और मुझे अपनी भंवरों में फांस लेगी!ह्व और मेरी शंका सही निकली। मैं निस्तब्ध हो ठहर गया। उन भंवरों में फंस कर एक निमेष तक मैं ऐसे छटपटाता रहा, जैसे कोई ईमानदार अधिकारी लालफीताशाही में फंसा हो, और फिर दूसरे ही क्षण, ह्लबुड्डुक!ह्व मैं ऊपर आ पहुँचा। मेरे मित्रों ने, जो बेचारे अभी भी नाव में बैठे बीड़ी फूंक रहे थे, विस्मय के स्वर में पूछा, ह्लअरे! हमने तो सोचा था कि तुम हमें अब दिखाई नहीं दोगे। कहीं तुम ह्यअदृश्य गंगाह्न में तो नहीं मिल गए?ह्व फिर एक और सवाल दागा, ह्लइतनी देर तक तुम पानी के भीतर कैसे रह सके?ह्व मैंने सोचा, ह्लभाई, मैं जनसंपर्क अधिकारी हूँ। मैं तो महीनों तक फाइलों के ढेर में अदृश्य रह सकता हूँ, ये तो बस कुछ मिनटों की बात थी।ह्व नाव मेरे निकट पहुंची, मैंने उसका किनारा पकड़ा और ऐसे लटकते हुए गंगा-यमुना के संगम पर पहुंचा, जैसे कोई गरीब रिक्शावाला अमीर की गाड़ी के पीछे लटका हो। गंगा मैया की गहराई कम थी, और यमुना मैया की अधिक झ बिलकुल जैसे सरकार के वादे कम गहरे होते हैं, पर उनकी समस्याओं की जड़ें बहुत गहरी होती हैं। यात्रियों के स्नानार्थ नगरपालिका ने वहां पर नदी में दूर तक बांस गाड़ कर पानी पर रास्ता बनाया था, ताकि कोई बेचारा मेरी तरह पानी में कुदक-कुदक के अपनी हड्डियां न तुड़वा ले।

**एक्शन इंडिया दैनिक**

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआईः DELHIN / 2006 / 19302**

मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक रवि भारद्वाज ने एक्शन इंडिया मल्टीमीडिया प्राइवेट लिमिटेड के लिए एक्शन बालाजी हाउस, 244, ब्लॉक- बी, लेन- 3, राकेश भारद्वाज चौक के नजदीक, दिल्ली - 110033 द्वारा मेसर्स मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042 से छपवाकर प्रकाशित किया।
संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज जी
समूह संपादक : रवि भारद्वाज ( 9999889104)
मेट्रो संपादक : दीपचंद्र कांडपाल (8447314925)
"एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक केवल पीआरबी एक्ट के तहत ही उत्तरदायी। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र दिल्ली ही होगा।

**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अत: समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।

## चिंतन

## एक ही साँस की डोर पर टिके जीवन का महासंग्राम

**प्रो. आरके जैन**

एक नन्हा सा वायरस, किसी जंगल की गहराइयों में पल रहे प्राणी से जन्मा, पूरी मानव सभ्यता को हिलाकर रख सकता है। विश्व जूनोसिस दिवस, जो हर 6 जुलाई को आता है, हमें यही कठोर सत्य याद दिलाता है– हमारी धरती कितनी नाजुक है, हमारे जीवन कितने आपस में जुड़े हैं। एक कुत्ते का काटना, एक चमगादड़ की उड़ान, या गाय के दूध में छिपा रोग, चुपके से हमारे घरों तक पहुँच सकता है। यह दिन केवल चेतावनी नहीं, बल्कि एक प्रबल जागृति की पुकार है। यह हमें बताता है कि हम और पशु एक ही साँस, एक ही धरती के बंधन में बँधे हैं। लापरवाही अब मंजूर नहीं–यह समय है सजग होने का, एकजुट होने का, और इस अदृश्य शत्रु से डटकर मुकाबला करने का। विश्व जूनोसिस दिवस सिर्फ.एक तारीख नहीं, यह एक संकल्प है–हमारी दुनिया को सुरक्षित रखने का, आज और हमेशा।

जूनोसिस–यह शब्द नहीं, एक चुपके से दस्तक देता तूफान है, जो पशुओं से मनुष्यों तक छलाँग लगाकर सभ्यताओं को झकझोर सकता है। ग्रीक भाषा में जून यानी पशु और नोसिस यानी रोग–यह वे अदृश्य शत्रु हैं जो जंगलों, खेतों और हमारे आसपास के प्राणियों से निकलकर हमारे घरों की देहरी लाँघ जाते हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन की चेतावनी गूँजती हैः विश्व के 60% संक्रामक रोग जूनोटिक हैं, और 75% से अधिक नई बीमारियाँ पशुओं से जन्म लेती हैं। रेबीज, जो हर साल 59,000 जिंदगियों को निगल जाता है, जिसमें 40% मासूम बच्चे हैं; ब्रुसेलोसिस, जो भारत के गाँवों में चुपके से तबाही मचाता है; और कोविड-19, जिसने 70 लाख से अधिक लोगों को असमय छीन लिया–ये जूनोसिस के भयावह चेहरे हैं। भारत में, राष्ट्रीय रोग नियंत्रण केंद्र (एनसीडीसी) की रिपोर्ट चीख-चीखकर बताती हैः रेबीज हर साल 20,000 जिंदगियाँ छीन लेता है, जो वैश्विक आँकड़ों का एक तिहाई है। ये सिर्फ.संख्याएँ नहीं, बल्कि टूटे परिवारों की अनसुनी पुकार हैं। 6 जुलाई का दिन इतिहास की एक ऐसी गूँज है, जो साहस और विज्ञान की विजय को गाती है।

## लाखों गाँवों में सहकारी संस्थाएं, शाह के लिए बड़ी चुनौती

**हरीश शिवनानी**

**पिछले** दिनों अंतरराष्ट्रीय सहकारिता दिवस पर केंद्रीय सहकारिता मंत्री अमित शाह ने जो घोषणा की है वो शहरों और महानगरों में रहने वाले लोगों लिए शायद कोई महत्व नहीं रखती हो, पर ग्रामीणों के लिए एक अहम बात है। शाह ने अगले पांच वर्षों में देश के प्रत्येक गांव में सहकारी संस्था स्थापित करने और राष्ट्रीय सहकारी नीति बनाने की भी घोषणा की। पहली नजर में यह आम तौर पर प्रायः नेताओं-मंत्रियों द्वारा मंचीय घोषणा की तरह लग सकती है, पर ऐसा नहीं है। यह घोषणा इस मायने में भी महत्वपूर्ण है कि यह मोदी सरकार की सहकारिता विभाग मोदी सरकार का महत्वाकांक्षी मंत्रालय है और इसके मंत्री शाह आम तौर पर ऐसी औपचारिक घोषणाएं नहीं करते हैं। वे जानते हैं कि देश की अधिसंख्य जनसंख्या गाँवों में बसती है और गाँव में रहने वाला व्यक्ति ही जानता है कि गाँव और ग्रामीणों के लिए कोई सहकारी संस्था क्या मायने रखती है। भारत में सहकारी संस्थाएं ब्रिटिश काल से चली रही हैं। मद्रास प्रेसीडेंसी के गवर्नर और पक्षी-विज्ञानी कर्नल फ्रेडरिक निकोलसन बेट्स की रिपोर्ट के तहत भारत में पहली सहकारी संस्था तमिलनाडु के तिरूर में 30 अगस्त 1904 को स्थापित की गई, जो एशिया की पहली सहकारी संस्था मानी जाती है। तब से भारत के ग्रामीण आर्थिक विकास में सहकारी संस्थाओं ने कृषि,डेयरी,आवास और बैंकिंग में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। गुजरात की अमूल विश्व में दूध और दुग्ध उत्पादों का सबसे बड़ा सहकारी उत्पादक है। इंडियन फार्मर्स फर्टिलाइजर कोऑपरेटिव लिमिटेड (इफको) उर्वरकों के उत्पादन और विपणन में विश्व में खासा स्थान रखती है।

कृभको यानी कृषक भारती सहकारी लिमिटेड किसानों को उर्वरक, बीज और अन्य कृषि इनपुट उपलब्ध करवाती है तो श्री महिला गृह उद्योग लिज्जत पापड़ उत्पादन से महिलाओं को सशक्त बनाती है। राजस्थान स्टेट कोऑपरेटिव बैंक लिमिटेड यानी एपेक्स बैंक राजस्थान में सहकारी बैंकिंग क्षेत्र की शीर्ष संस्था है। इन सबका प्राथमिक संबंध गाँवों और ग्रामीणों से है।

## न्यूज फ्लैश

### पतंजलि योग समिति द्वारा आर्य समाज मंदिर में किया पौधारोपण



लाडवा 6 जुलाई (विजय कौशिक) पर्यावरण संरक्षण के लिए आज पतंजलि योग समिति लाडवा द्वारा आर्य समाज मंदिर में पौधारोपण किया गया। पिछले एक दशक से पतंजलि समिति लाडवा में योग के साथ-साथ पौधारोपण का कार्य रही है। पतंजलि सेवा समिति लाडवा के तहसील प्रभारी अजय पोपली के नेतृत्व में वर्षा ऋतु में निरंतर 20 पौधे रोपित किए गए। उन्होंने कहा कि नियमित रूप से वह उनकी देखभाल भी करते हैं और समय-समय पर पानी भी देते रहते हैं और सभी को अपनी जिंदगी में एक पौधा अवश्य लगाना चाहिए। जिससे हमें ऑक्सीजन और स्वच्छ वातावरण मिलता है। उन्होंने कहा कि हमें जड़ी बूटियों वाले पौधे भी लगाने चाहिए। उन्होंने कहा कि पतंजलि योग समिति के सभी साधकों द्वारा पौधे रोपित किए। इस अवसर पर ओमप्रकाश मल्होत्रा, तिलक राज कक्कड़, सतीश सिंगला, सुनील गर्ग, बहन रजनी माटा, सुमन गर्ग, सीमा रानी, बबीता आदि उपस्थित रहे।

### स्पीकर ने हलके को दी 1.20 करोड़ के 7 विकास कार्यों की सौगात



टीम एक्शन इंडिया
राजकुमार प्रिंस
करनाल। हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण ने घरौंडा हलके को बड़ी सौगात देते हुए 1 करोड़ 20 लाख रुपये के 7 विकास कार्यों की सौगात दी है। उन्होंने रविवार को हलके में अलग-अलग जगह आयोजित कार्यक्रमों में 7 विकास कार्यों का उद्घाटन व शिलान्यास किया। इसके साथ-साथ उन्होंने घरौंडा के पीडब्लूडी विश्रामगृह में आमजन की समस्याओं को भी सुना और मौके पर ही उनका समाधान भी किया।

आमजन को संबोधित करते हुए हरविन्द्र कल्याण ने कहा कि 11 साल पहले यह क्षेत्र विकास के मामले में पूरी तरह से अपेक्षित था। सरकार ने नियमों में संशोधन करके क्षेत्र की कई अवैध कॉलोनियों को अप्रूव्ड कराया और उनमें मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराई। इससे आम लोगों को भी लाभ मिला। सरकार का प्रयास है कि हर गांव में सुंदर पार्क और ई-लाइब्रेरी बने। पहले नौकरियां मंत्रियों के चहेतों अथवा रिश्तेदारों को दी जाती थी, लेकिन अब मेरिट पर दी जा रही हैं। पार्कों का सौंदर्यकरण एवं विस्तारीकरण किया जा रहा है और जरूरत अनुसार नए स्कूल-कॉलेज खोले जा रहे हैं।

उन्होंने कहा कि समाज हित में कार्य करने से ही व्यक्ति बड़ा बनता है। उन्होंने लोगों से कहा कि आपसी भाईचारा और सुख-शांति बनाए रखें, परिवार के लिए मेहनत करें और विकास कार्यों में राजनीति न करें। वातावरण जितना अच्छा होगा समाज उतना ही तरक्की करेगा।

**युवा करें श्रम दान**

स्पीकर ने लोगों को सलाह दी कि वे युवाओं की टीम गठित करें, जो सप्ताह में एक दिन सार्वजनिक पार्क में रखरखाव वास्ते एक घंटा श्रम दान करें। सरकार द्वारा पार्क के विकास पर लगाया गया पैसा जनता का है। उन्होंने उत्तम नगर रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन को पार्क के सौंदर्यकरण का आश्वासन दिया और कहा कि थोड़ा संयम रखें, हर वाजिब काम को पूरा कराया जाएगा।

इससे पहले पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस में उन्होंने जयंती पर डॉ.श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर पुष्प अर्पित किए और क्राउन सिटी में पौधारोपण किया। रेस्ट हाउस में विधानसभा अध्यक्ष ने बड़ी संख्या में पहुंचे लोगों समस्याएं सुनीं। बरसत के लोगों ने सफाई, पार्क और चौपाल में शौचालय, नबीपुर के वासियों ने रास्तों के निर्माण व कंबोज चौपाल की मांग की।

इस मौके पर एसडीएम राजेश सोनी, पूर्व चेयरपर्सन निर्मल बैरागी, कष्ट निवारण समिति सदस्य सीमा शर्मा, मंडल अध्यक्ष रोहित, उपाध्यक्ष नरेंद्र लाठर आदि मौजूद रहे।

# विधायक ने दो बड़ी विकास परियोजनाओं की नींव रख निर्माण कार्य करवाया प्रारंभ

*इस दौरान विधायक विनोद भयाना के साथ नगर परिषद पूर्व प्रधान प्रतिनिधि विनोद सैनी मौजूद रहे।*

**शुभारंभ**

**विधायक विनोद भयाना ने कहा कि विकास कार्यों के लिए सरकार के पास धन की कोई कमी नहीं है।**



टीम एक्शन इंडिया
हांसी( दिनकर गावड़ी): विधायक विनोद भयाना ने रविवार को शहर में 46 लाख रुपए लागत की दो बड़ी विकास परियोजनाओं की आधारशिला रखकर निर्माण कार्य का शुभारंभ किया। विधायक विनोद भयाना ने शहर के वार्ड नंबर एक में आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित नागरिकों को संबोधित करते हुए कहा कि आज जिन विकास परियोजनाओं की आधारशिला रखी गई है उनमें रेगर समाज के लिए धर्मशाला भवन तथा चार कुतुब के निकट स्थित कब्रिस्तान की चार दिवारी और एक कमरे का निर्माण शामिल है। उन्होंने कहा कि धर्मशाला भवन के निर्माण कार्य पर लगभग 20 लाख तथा कब्रिस्तान की चार दिवारी एवं एक कमरे के निर्माण कार्य पर 26 लाख रुपए की राशि खर्च होगी। कुल मिलाकर इन दोनों विकास परियोजनाओं पर 46 लाख रुपए खर्च आएगा। उन्होंने कहा कि विकास कार्यों के लिए राज्य सरकार के पास धन की कोई कमी नहीं है। उन्होंने कहा कि धर्मशाला भवन निर्माण के लिए अगर और धनराशि की आवश्यकता पड़ी तो वह भी उपलब्ध करवाई जाएगी।

*राज्य सरकार प्रदेश में विकास की झड़ी लगाने को संकल्पित*

विधायक ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में प्रदेश तेजी से विकास के पथ पर अग्रसर है। पूरे प्रदेश में पारदर्शी तरीके से बिना किसी भेदभाव के विकास कार्य हो रहे हैं। आज कोई भी गांव विकास से अछूता नहीं है, हर गांव में किसी न किसी विकास परियोजना पर निर्माण कार्य चल रहा है। विकास की इस गति को देखकर यह कहना अतिशयोक्ति नहीं होगा कि राज्य सरकार ने प्रदेश में विकास की झड़ी लगा लगा दी है। उन्होंने कहा कि हल्के में भी विकास कार्यों की कोई कोर- कसर बाकी नहीं रखी जा रही है। जन भावनाओं के अनुरूप विकास कार्य करवाए जा रहे हैं। भविष्य में भी विकास के सिलसिले को लगातार जारी रखा जाएगा।

### शिव भोलेनाथ कावड़ सेवा शिविर 15 से 22 जुलाई तक



टीम एक्शन इंडिया
दिनेश नौताना
महेंद्रगढ़। शहर के जाटवास मोड स्थित धन्नी देवी धर्मशाला में श्रीश्याम सेवा मंडल की ओर से बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता श्रीश्याम सेवा मंडल के संस्थापक एवं प्रधान रमेश शर्मा ने की। सचिव विकास शर्मा ने बताया कि ग्रामीणों के सहयोग से श्रीश्याम सेवा मंडल की ओर से शिवभक्तों के लिए 15 से 22 जुलाई तक शिविर लगाया जाएगा। सभी शिव भक्तों कावड़ पद यात्रियों के लिए शुद्ध देसी घी से बने भोजन, नहान-धोने व रात्रि विश्राम के लिए 24 घंटे अच्छी व्यवस्था की जाएगी। बीते वर्षों की भांति इस वर्ष भी निशु मेडिकल द्वारा शिव भक्तों के लिए नि:शुल्क मेडिसिन की सुविधा दी जाएगी व आयुष मेडिकल स्टोर जाटवास मोड के प्रोपराइटर नरेंद्र कुमार के द्वारा कावड़ पद यात्रियों के लिए नि:शुल्क मेडिकल कैंप लगाया जाएगा। इस अवसर पर कोषाध्यक्ष मनजीत सिवाच, मदनलाल शर्मा, एडवोकेट नरेश शर्मा, महावीर जोशी, योगेश शर्मा, कृष्ण शर्मा, गोपाल शर्मा, संदीप शर्मा, हितेष शर्मा, मुकेश शर्मा, नागपाल, विजय जांगड़ा, सतबीर, रविंद्र, रवि बंटी, रोहताश सैनी, प्रधान हनुमान सैनी, विक्रम सैनी, करतार यादव, हीरालाल, कृष्ण यादव, भोलाराम मिस्त्री, रतनलाल आदि मौजूद रहे।

### सांप के डसने से 42 वर्षीय व्यक्ति की मौत

टीम एक्शन इंडिया
दिनेश नौताना
महेंद्रगढ़। गांव माजरा खुर्द निवासी 42 वर्षीय व्यक्ति की सांप के डसने से मौत हो गई। मृतक के तीन बच्चे है तथा वह मजदूरी का कार्य करता था।
ग्रामीण राजसिंह ने बताया कि गांव माजरा खुर्द निवासी 42 वर्षीय ईश्विंद खेत में बाजरे की फसल का निराई का काम कर रहा था। जब वह खेत में काम कर रहा था तो अचानक उसे सांप ने काट खाया। इसके बाद वह व अन्य ग्रामीण उसको नागरिक अस्पताल लेकर आए, जहां चिकित्सकों ने उसे प्राथमिक उपचार देने के बाद हायर सेंटर रेफर कर दिया।

## रोटरी व रोट्रैक्ट क्लब का पदग्रहण समारोह हुआ सम्पन्न

लाडवा 6 जुलाई (विजय कौशिक) शहर की अंतर्राष्ट्रीय सामाजिक संस्था रोटरी व रोट्रेक्ट क्लब का पदग्रहण समारोह आयोजित किया गया। इंस्टालेशन चेयरमैन पूर्व प्रधान अमित सिंघल ने जानकारी देते हुए बताया कि रोटरी व रोट्रेक्ट क्लब में अंतर्राष्ट्रीय प्रधान से लेकर क्लब प्रधान तक हर किसी का सत्र 1 जुलाई से 30 जून तक होता है जिसके तहत लाडवा क्लब के 2025-26 के लिए चुने हुए प्रधानों का सत्र भी 1 जुलाई को शुरू हुआ जिसमें रोटरी प्रधान संजीव जिंदल व रोट्रेक्ट प्रधान गर्वित धवन शामिल हैं। उन्होंने बताया कि नवनिर्वाचित प्रधानों का पदग्रहण समारोह एक निजी होटल में आयोजित किया गया जिसमें




मंडल 3080 के डिस्ट्रिक्ट गवर्नर रवि प्रकाश मुख्यतिथि के रूप में उपस्थित रहे वहीं प्रसिद्ध उद्योगपति व समाजसेवी विजेंदर गोयल कार्यक्रम अध्यक्ष और सहायक मंडलाध्यक्ष आशुतोष त्रिखा व रोट्रेक्ट मंडल 3080 प्रतिनिधि रितिक नागपाल विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। मुख्यातिथि, विशिष्ट अतिथियों व क्लब के पदाधिकारियों ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया और रोटरी वर्ष 2024-25 के प्रधान नरेश गर्ग द्वारा सभी अतिथियों का स्वागत करने के पश्चात पिछले वर्ष किये गए कार्यों के बारे में बताते हुए सभी सदस्यों को धन्यवाद किया। उनकी तरफ से विकास सिंघल, राकेश खुराना, दुर्गेश गोयल, संजीव जिंदल, गौरव गोयल, राजेश मिगलानी, भूपिंदर सिंह, दीपक सिंघल, अरुण करूडवाल, शैलेंदर चौधरी व अमित सिंघल को मोस्ट एक्टिव रोटेरियन अवार्ड से नवाजा गया। दोनों क्लबों के 2024-25 के प्रधानों ने अपना प्रधान पद का कॉलर 2025-26 के प्रधानों को पहनाकर उन्हें शुभकामनाएं दी। रोटरी प्रधान संजीव जिंदल ने पदग्रहण करने के बाद सभी सदस्यों का धन्यवाद करते हुए कहा कि जिस विश्वास के साथ उन्होंने मुझे प्रधान बनाया है उसके लिए मैं सबका धन्यवादी हूँ और सभी के सहयोग व मार्गदर्शन से रोटरी लाडवा की तरफ से समाज के लिए बढ़ चढ़ कर सामाजिक कार्य करेंगे। रोट्रेक्ट प्रधान गर्वित धवन ने वर्ष भर में किये जाने वाले सामाजिक कार्यों के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

### लाडवा से 40 बेसहारा गोवंश को पकड़कर भेजा गोशाला: सचिव

लाडवा 6, जुलाई (विजय कौशिक) : लाडवा नगरपालिका सचिव नीरज सैनी ने जानकारी देते हुए कहा कि नगरपालिका की ओर से पिछले 2 दिन से शहर से बेसहारा गोवंश को पकड़ने का कार्य निरंतर चल रहा है। सचिव ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सैनी जी बेसहारा गोवंस के लिए चिंतित है सरकार गौशालाओं के लिए हर सुविधा देने में प्रयासरत है उसी मुहिम में तहत लाडवा की सड़कों पर घूम रहे 40 बेसहारा गोवंश को पकड़कर लाडवा की श्री कृष्ण गोशाला में भेजा गया। जानकारी देते हुए सचिव ने कहा कि गोवंस का मेडिकल करा उन्हें गौशाला में भेजा गया है उन्होंने कहा कि इस बार जो गोशाला में बेसहारा गोवंश भेजे जा रहे हैं उनका बाकायदा रिकॉर्ड बनाया जा रहा है और सभी गोवंश के कान पर एक विशेष टैग लगाया जा रहा है, ताकि गोवंश गोशाला से किसी भी सूरत में बाहर न आ सके।उन्होंने कहा कि एक डॉक्टरों की टीम भी गोशाला के बाहर बिठाई गई है, जो बेसहारा गोवंश का उपचार करने व पक्का रिकॉर्ड बनाने के बाद ही गोशाला में अंदर दाखिल करवा रहे हैं। उन्होंने कहा कि लाडवा की सभी सड़कों से बेसहारा गोवंश को पकड़ने का कार्य किया जा रहा है ये अभियान तब तक चलेगा जब तक सभी बेसहारा गोवंस सुरक्षित गौशाला तक नही पहुँच जाते।

## विधायक भयाना ने डॉ मुखर्जी की जयंती पर पुष्पांजलि अर्पित कर दी श्रद्धांजलि

टीम एक्शन इंडिया
हांसी( दिनकर गावड़ी): दयाल सिंह कॉलोनी स्थित स्वर्ग आश्रम परिसर में महान राष्ट्रभक्त,शिक्षाविद् एवं जनसंघ के संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती के अवसर पर एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक विनोद भयाना ने शिरकत की और श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी।
इस अवसर पर विधायक भयाना



ने स्वर्ग आश्रम परिसर में डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के नाम पर त्रिवेणी (पीपल, बरगद, नीम) का रोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया। विधायक ने आयोजित संगोष्ठी में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि डॉ. मुखर्जी का जीवन युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत है। उनका बलिदान देश की एकता और अखंडता के लिए था जिसे इतिहास कभी भुला नहीं सकता।
विधायक ने आगे कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का जन्म 6 जुलाई 1901 को कोलकाता में हुआ था। वे महान शिक्षाविद, वकील और स्वतंत्र भारत के पहले उद्योग एवं आपूर्ति मंत्री रहे। उन्होंने भारतीय राजनीति को एक वैकल्पिक विचारधारा प्रदान करने के उद्देश्य से 1951 में भारतीय जनसंघ की स्थापना की, जो आगे चलकर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के रूप में विकसित हुई। वे एक राष्ट्र, एक विधान, एक प्रधान, एक निशान के प्रबल समर्थक थे और उन्होंने जम्मू-कश्मीर को भारत में पूर्ण रूप से एकीकृत करने के लिए संघर्ष किया। 23 जून 1953 को जम्मू-कश्मीर में रहस्यमय परिस्थितियों में उनका निधन हो गया, जिसे आज भी बलिदान दिवस के रूप में स्मरण किया जाता है। आज का दिन हमें यह याद दिलाता है कि राष्ट्रहित के लिए त्याग और संघर्ष करने वाले महापुरुषों की स्मृति को जन-जन तक पहुंचाना हमारा कर्तव्य है।विधायक ने कहा कि आज रोपित किए गए त्रिवेणी पौधे अब आने वाली पीढ़ियों को देशभक्ति,पर्यावरण संरक्षण और संस्कारों का प्रतीक स्वरूप प्रेरणा देते रहेंगे।

### 24 लाख की लागत से बनी कबीर धर्मशाला का विधायक प्रमोद विज और मेयर कोमल सैनी ने किया उद्घाटन

टीम एक्शन इंडिया
पानीपत, (कमाल हुसैन ) वार्ड 09 में स्थित कबीर धर्मशाला के प्रथम तल पर बनी धर्मशाला का विधायक प्रमोद विज और मेयर कोमल सैनी ने कबीर पंथी समाज के लोगों के साथ उद्घाटन किया। विज ने उद्घाटन के अवसर पर कबीर पंथी समाज के गुरुजनों का आशीर्वाद लिया एवं नए भवन की शुभकामनाएं दीं। ककबीर पंथी समाज के वरिष्ठ जनों ने विधायक प्रमोद विज का धर्मशाला निर्माण के लिए आभार प्रकट करते हुए कहा कि भाजपा सरकार में सभी वर्गों का विकास निरंतर हो रहा है



विधायक विज ने संबोधित करते हुए कहा कि शहर के विकास हेतु निरंतर प्रयासरत हु,शहर में मूलभूत सुविधाएं और बेहतर हो इसलिए, लगातार प्रयास जारी है क मेयर और पार्षद ने जताया आभार:- धर्मशाला के निर्माण हेतु मेयर कोमल सैनी और पार्षद नवल जिंदल ने धर्मशाला की सौगात देने हेतु विधायक का आभार प्रकट किया है।
ये रहे उपस्थित:- कार्यक्रम के दौरान मंडल अध्यक्ष हिमांशु कटारिया, पार्षद कमल अरोड़ा, रॉकी गहलोत और सुभाष कबीर पंथी, दयानन्द खुंगर, सदानंद जोशी एवं समस्त सम्मानित जन मौजूद रहे।

### श्री खाटू श्याम मंदिर में देवशयनी एकादशी के दिन उमड़े श्रद्धालु

टीम एक्शन इंडिया
राजकुमार प्रिंस
करनाल। शहर की पुरानी अनाज मंडी स्थित श्री खाटू श्याम मंदिर में देवशयनी एकादशी बड़े ही श्रद्धा व धूमधाम के साथ मनाई गई। एकादशी पर मंदिर व बाबा श्याम के स्वरूप को फूलों से सजाया गया। बड़ी संख्या में शहर और दूरदराज से आए श्रद्धालुओं ने मंदिर में पहुंचकर विधि-विधान से पूजा अर्चना की और सुख-समृद्धि की कामना की। सुबह से लेकर शाम तक मंदिर में भक्तों का तांता लगा रहा। एकादशी के उपलक्ष्य में मंदिर में कीर्तन का आयोजन भी किया गया।

## २७१ ग्राम हेरोइन सहित १८ लाख की खेप पकड़ी

टीम एक्शन इंडिया
यमुनानगर, ६ जुलाई(धर्मबीर)- जिले की नारकोटिक्स सेल को नशे के खिलाफ बड़ी सफलता हाथ लगी है। एंटी नारकोटिक्स सेल की टीम ने एक अंतरराज्यीय नशा तस्कर को गिरफ्तार किया है, जिसके पास से २७१ ग्राम हेरोइन बरामद की गई है। बरामद हेरोइन की कीमत करीब १८ लाख रुपये आंकी गई है।
पुलिस प्रवक्ता ने जानकारी दी कि आरोपी की पहचान उत्तर प्रदेश के सहारनपुर जिला स्थित गंगोह थाना क्षेत्र के बाड़ी माजरा निवासी इरफान के रूप में हुई है। इरफान पर उत्तर प्रदेश और हरियाणा में नशा तस्करी सहित कुल २० मुकदमे दर्ज हैं, जो फिलहाल



कोर्ट में विचाराधीन हैं।
**ऐसे हुई गिरफ्तारी:**
इंचार्ज अरुण कुमार ने बताया कि टीम को गुप्त सूचना मिली थी कि इरफान बड़ी मात्रा में हेरोइन लेकर बाइक से जिले में सप्लाई करने आ रहा है। इस सूचना के आधार पर उपनिरीक्षक सतपाल सिंह, सोनू, एएसआई जसवीर सिंह, जयपाल, विमल व ललित की टीम गठित की गई। टीम ने तिगरी दुसानी मोड़ पर नाकाबंदी कर दी। जैसे ही आरोपी बाइक पर आता दिखाई दिया, वह पुलिस को देखकर भागने लगा लेकिन टीम ने पीछा कर उसे पकड़ लिया। ड्यूटी मजिस्ट्रेट की मौजूदगी में आरोपी की तलाशी ली गई, तो उसके पास से २७१ ग्राम हेरोइन बरामद हुई। आरोपी को गिरफ्तार कर केस दर्ज किया गया और उसे कोर्ट में पेश कर रिमांड पर लिया गया है।
**इतिहास रहा है आपराधिक:**
अरुण कुमार ने बताया कि इरफान पर उत्तर प्रदेश में १७ केस दर्ज हैं, जिनमें से एक ३०० ग्राम हेरोइन का भी है, जिसमें वह दो महीने पहले ही जमानत पर बाहर आया था। वहीं २०२२ में हरियाणा के यमुनानगर में भी उस पर दो केस दर्ज हुए थे। यहां तक कि उत्तर प्रदेश सरकार ने नशा तस्करी के कारण उसका घर भी सीज कर रखा है।

## देशभक्ति एवं अखंड भारत के प्रेरणा स्त्रोत थे डॉ. मुखर्जी के सिद्धांतः प्रवीण लाठर

**श्रद्धांजलि**

**पार्टी कार्यकर्ताओं ने उनके राष्ट्रहित में दिए गए योगदान को स्मरण करते हुए भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की**



टीम एक्शन इंडिया
राजकुमार प्रिंस
करनाल। भाजपा जिला कार्यालय कर्ण कमल में डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जन्म जयंती के अवसर पर उनकी प्रतिमा पर श्रद्धापूर्वक माल्यार्पण किया गया। पार्टी कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों ने उनके राष्ट्रहित में दिए गए अतुलनीय योगदान को स्मरण करते हुए भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।
भाजपा जिलाध्यक्ष प्रवीण लाठर ने उनके चित्र पर माल्यार्पण करने के उपरांत नमन करते हुए कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के सिद्धांत और बलिदान आज भी देशभक्ति और अखंड भारत के लिए प्रेरणा स्त्रोत हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जम्मू-कश्मीर में धारा 370 को खत्म करके डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के सपनों को साकार आज किया है। उन्होंने कश्मीर को भारत के संविधान के अनुरूप शेष भारत के साथ जोड़ने का काम किया गया है। आज जम्मू कश्मीर में हो रहा विकास डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के संकल्पों की विजय है।
जिलाध्यक्ष ने बताया कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का जन्म छह जुलाई 1901 में हुआ था। मात्र 33 वर्ष की उम्र में कोलकाता विश्वविद्यालय के सबसे युवा कुलपति के रूप में डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने अपनी सेवाएं दी थी। वह एक प्रखर वक्ता के साथ ही महान शिक्षाविद, महान स्वतंत्रता सेनानी थे।
उन्होंने कहा कि डॉ. मुखर्जी ने अपना पूरा जीवन राष्ट्रमाता की सेवा के लिए समर्पित कर दिया था। बंगाल में अकाल के दौरान उनकी सेवाओं को पूरा देश याद करता है। डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने तत्कालीन सरकार के जम्मू कश्मीर में धारा 370 लागू करने और परमिट सिस्टम का पुरजोर विरोध किया था। उन्होंने कहा था कि एक देश में दो प्रधान, दो विधान और दो निशान नहीं चलेंगे।
इस अवसर पर घरौंडा से पूर्व विधायक रमेश कश्यप, प्रदेश प्रवक्ता मनीष कुमार पांडे, चेयरपर्सन निर्मला बैरागी, शिवनाथ कपूर, पार्षद सुधीर यादव, राजबीर शर्मा, संजय राणा, सज्जन अत्री, रणबीर गोयत, अमित कम्बोज, जोगिन्द्र राणा, महिपाल राणा, कर्मबीर शर्मा, त्रिलोक नाथ, रवि वत्स सहित अन्य पार्टी कार्यकर्ता साथ रहे।

## आपसी कहासुनी में व्यक्ति की हत्या, शव को खरखौदा के खेतों में खुर्द बुर्द करने की कोशिश

टीम एक्शन इंडिया
खरखौदा/सोनीपत/सोमपाल सैनी /टीम एक्शन इंडिया
खरखौदा के गाँव आनंदपुर झरोठ निवासी विक्रम ने खरखौदा पुलिस को शिकायत देते हुए बताया कि वह 8 नम्बर ड्रेन पर 6 एकड़ जमीन दामो पर ले रखी है। जहाँ इसी जमीन में ड्रेन के साथ एक कमरा भी बना हुआ है। जब वह अपने खेत में अन्य साथियों के साथ काम कर रहा था। उसी दौरान शाम के समय करीब एक सफेद रंग की कार कमरे के पास 8 नम्बर ड्रेन की पटरी के कच्चे रास्ते में फंस गई। जोकि उस गाड़ी से एक बाबा रंग के कपडे पहने हुए व्यक्ति उतर कर आया। जिसने कहा उसकी



गाड़ी कीचड़ में फंस गई है उसको निकलवा दो। जब वह चारो उस गाडी को निकलवाने लग गए, तो शिकायतकर्ता का पैर फिसल गया। और उसका पैर एक साथ में पडी डैड बाडी से जा लगा। शिकायतकर्ता ने देखा कि वहाँ एक व्यक्ति का शव पड़ा हुआ है। जिसकी उम्र देखने से 50 से 55 वर्ष की लग रही थी। जब उसने अपने साथियो को कहा कि इस तरफ आओ यहा एक डैडबाडी पडी हुई है। जो उसी दौरान गाड़ी चालक का नाम पता पूछा तो उसने अपना नाम सतनारायण निवासी खरखौदा बताया। 112 नम्बर पर कॉल कर पुलिस खरखौदा पुलिस को सूचना दी गई।

## न्यूज फ्लैश

### अनाज मंडी में करोड़ों रुपये के विकास कार्यों का कृषि मंत्री ने किया शिलान्यास



**रादौर, 6 जुलाई (कुलदीप सैनी)** : हरियाणा के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा ने को रादौर अनाज मंडी में करोड़ों रुपये की लागत से होने वाले विकास कार्यों का नारियल फोड़कर विधिवत शिलान्यास किया। इस दौरान मंडी में मौजूद आढ़तियों व किसानों ने कार्यों की शुरूआत पर संतोष जताया और सरकार का आभार व्यक्त किया। इस मौके पर जानकारी देते हुए मार्केटिंग बोर्ड के जेई रामफल ने बताया कि अनाज मंडी में कंक्रीट की सड़कों के सुदृढ़ीकरण, बरसाती पानी की निकासी की व्यवस्था, गोदामों की मरम्मत व शौचालय निर्माण जैसे कई कार्य शुरू किए जा रहे हैं। यह सभी कार्य लगभग 3.5 करोड़ रुपये की लागत से निर्धारित समयावधि में पूरे किए जाएंगे। इसके अलावा मंडी परिसर में करीब 23 लाख रुपये की लागत से एक कैंटीन भी तैयार की जा रही है, जहां किसान और श्रमिक मात्र दस रुपये में भोजन कर सकेंगे। वहीं मंडी के आढ़ती कर्मवीर खुर्दबन व सुशील बत्रा ने कहा कि इन विकास कार्यों से मंडी में मूलभूत सुविधाएं बेहतर होंगी और इसका सीधा लाभ आढ़तियों व किसानों को मिलेगा। उन्होंने कहा कि सरकार का यह कदम मंडी के व्यापारिक माहौल को और अधिक सुविधाजनक बनाने की दिशा में अहम साबित होगा।

### राज्य स्तरीय शहीदी दिवस समारोह को लेकर काम्बोज समाज ने बैठक कर बनाई रणनीति



**रादौर, 6 जुलाई (कुलदीप सैनी)** : आगामी 31 जुलाई को इंद्री की अनाज मंडी में आयोजित होने वाले शहीद उधम सिंह कांबोज के प्रदेश स्तरीय शहीदी दिवस समारोह की तैयारियों को लेकर कांबोज समाज की एक बैठक रादौर स्थित शहीद उधम सिंह धर्मशाला में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता कांबोज धर्मशाला रादौर के प्रधान वेद प्रकाश कम्बोज ने की, जबकि कार्यक्रम में हरियाणा कम्बोज सभा के प्रदेश अध्यक्ष सुमेर चंद कम्बोज और महामंत्री राकेश कम्बोज विशेष रूप से मौजूद रहे। बैठक में शहीदी दिवस को सफल बनाने को लेकर रणनीति बनाई गई। इस दौरान प्रदेश पदाधिकारियों का स्वागत स्मृति चिन्ह और अंगवस्त्र देकर किया गया। इस अवसर पर यमुनानगर की नई जिला कार्यकारिणी की घोषणा भी की गई, जिसमें लक्ष्मी चंद कम्बोज को जिला अध्यक्ष, वागीश कम्बोज को वरिष्ठ उपाध्यक्ष, कमलदीप कम्बोज को उपाध्यक्ष, वेद प्रकाश काम्बोज को महासचिव और अमित कम्बोज को मीडिया प्रभारी नियुक्त किया।

# डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती का किया गया आयोजन

**डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का जन्म 6 जुलाई 1901 को कोलकाता (तत्कालीन कलकत्ता) में हुआ था**

**याद किया**

**प्रेसिडेंसी कॉलेज से स्नातक किया और बाद में इंग्लैंड से कानून की पढ़ाई की**



**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, (कमाल हुसैन)**
**भाजपा** जिला कार्यालय सेक्टर 6 के परिसर में जनसंघ के संस्थापक डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा जिला उपाध्यक्ष डॉ हेमा रमन ने की। भाजपा जिला सचिव सुमित जागलान ने कार्यक्रम के बारे में विस्तार से जानकारी दी। भाजपा जिला महामंत्री कृष्ण छोक्कर ने सभी का स्वागत किया तथा सुनील कंसल ने सभी का आभार व्यक्त किया। भाजपा जिला उपाध्यक्ष डॉ हेमा रमन ने कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का जन्म 6 जुलाई 1901 को कोलकाता (तत्कालीन कलकत्ता) में हुआ था। वे प्रसिद्ध शिक्षाविद और बंगाल विश्वविद्यालय के कुलपति सर आशुतोष मुखर्जी के पुत्र थे। शिक्षा के प्रति उनका लगाव बचपन से ही स्पष्ट था। उन्होंने प्रेसिडेंसी कॉलेज से स्नातक किया और बाद में इंग्लैंड से कानून की पढ़ाई की। वे मात्र 23 वर्ष की उम्र में कलकत्ता विश्वविद्यालय के सबसे युवा वाइस चांसलर बने। हर वर्ष 6 जुलाई को भारत के महान विचारक, राष्ट्रवादी नेता और स्वतंत्रता संग्राम सेनानी डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जन्म जयंती मनाई जाती है। यह दिन केवल एक नेता के जन्म का नहीं, बल्कि राष्ट्र की एकता, अखंडता और सांस्कृतिक गौरव के प्रतीक का स्मरण दिवस है। डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी का जीवन राष्ट्र सेवा, बलिदान और आत्म-गौरव का आदर्श उदाहरण है। उन्होंने कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने वर्ष 1951 में "भारतीय जनसंघ" की स्थापना की, जो बाद में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के रूप में विकसित हुआ। उनका राजनीतिक दर्शन राष्ट्रवादी, सांस्कृतिक और आत्मनिर्भर भारत पर आधारित था। वे भारत को केवल एक भौगोलिक इकाई नहीं, बल्कि एक सांस्कृतिक राष्ट्र मानते थे। निगम पार्षद कुसुम भट्ट ने कहा कि आज जब भारत आत्मनिर्भर बनने की राह पर है, जब भारत अपनी सांस्कृतिक पहचान पर गर्व करता है, तब डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के विचार, सिद्धांत और उपलब्धियों को जन जन तक पहुंचने की सबसे अधिक जरूरत है। उन्होंने कहा कि डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी का मानना था कि भारत की एकता, अखंडता और आत्म-सम्मान से बढ़कर कुछ नहीं है।

भाजपा जिला सचिव सुमित जागलान ने कहा कि आज भाजपा की केंद्र सरकार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत को वर्ष 2047 से पूर्व एक विकसित राष्ट्र बनाने और अपने स्वतंत्रता सेनानीयो का विकसित भारत का सपना साकार करने के लिए नवाचार समावेश और कुशल आर्थिक प्रबंधन के माध्यम से भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के सभी प्रयास कर रही है।

इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष अतर सिंह प्रजापत, ईश कुमार राणा, कुसुम भट्ट, पुष्पा पासी,रविंद्र तुषामड, ओम दत्त आर्य,राजेश भारद्वाज, प्रमोद कुराड़िया, बंटी पासी एवं वशिष्ठ पदाधिकारी मौजूद रहे।

### श्रीमहंत बंशी पुरी महाराज बने आर्यव्रत संत समाज के अध्यक्ष



**टीम एक्शन इंडिया**
**अनिल वर्मा**
**थानेसर:** प्राचीन लक्ष्मीनारायण मन्दिर संन्यास आश्रम गीता कालोनी इंद्रप्रस्थ में आर्यव्रत संत समाज की महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन महामंडलेश्वर 1008 स्वामी विद्यागिरि जी महाराज की अध्यक्षता में हुई। जिसमें सर्वसम्मति से महानिवार्णी अखाड़ा के श्रीमहंत बंशी पुरी जी महाराज को आर्यव्रत संत समाज का राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाया और संत समाज द्वारा स्वागत किया गया। इस अवसर पर बैठक में संत महामंडल की पूर्व अध्यक्ष महामंडलेश्वर 1008 स्वामी विद्या गिरि जी महाराज ( श्री पंचायती महानिवार्णी अखाड़ा), महंत विश्वनाथ गिरि सचिव (श्री पंचायती महानिवार्णी अखाड़ा), षडदर्शन साधुसमाज के अध्यक्ष परमहंस ज्ञानेश्वर महाराज, उपाध्यक्ष महंत गुरुभगत सिंह ( निर्मल अखाड़ा), कोषाध्यक्ष महंत महेश मुनि (श्री पंचायती बड़ा अखाड़ा उदासीन), संगठन सचिव वैद्य पण्डित प्रमोद कौशिक (प्रदेशाध्यक्ष संत प्रकोष्ठ रा.स.सु.परि.), साध्वी प्रकोष्ठ महंत सर्वेश्वरी गिरि, महंत लक्ष्मी नारायण पुरी,महंत महेश पुरी, महंत राजेंद्र पुरी, महंत जगन्नाथ पुरी, महंत विजय पुरी इत्यादि संत समाज उपस्थित रहा।

**जिम्मेवारी**

**आर्यव्रत संत समाज का राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाया और संत समाज द्वारा स्वागत किया गया**

### श्यामा प्रसाद की जयंती पर पौधारोपण का लिया संकल्प

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, (कमाल हुसैन )**
देश के पहले उद्योग मंत्री डॉ. श्याम प्रसाद मुखर्जी की 125 वीं जयंती के अवसर पर युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा को पौधारोपण व सेमिनार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में युवाओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और अनेकों जगहों पर पौधारोपण किया गया। इस मौके पर युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय के रा.यु.क सार्थक कुमार ने युवाओं को डॉ. मुखर्जी के आदर्शों एवं मूल्यों को अपनाकर अपने जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाने का संदेश दिया। जिला युवा अधिकारी विनीत गहलावत ने बताया की कार्यक्रम मे उपस्थित सभी युवाओं ने डॉ. श्याम प्रसाद मुखर्जी को श्रद्धांजलि अर्पित की और उनके आदर्शों को अपनाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में लेखाकार एवं कार्यक्रम सहायक मोहित राठी ने युवाओं को पर्यावरण संरक्षण के महत्व के बारे मे जागरूक किया।



### रक्तदान जोड़ता है विभिन्न संप्रदायों, धर्मों एवं समुदायों को: डॉ. शैली

**प्रतिबद्धता**

**रक्तदान एक महान कार्य है जो विभिन्न संप्रदायों, धर्मों और समुदायों को जोड़ता है**



**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरूक्षेत्र:** रक्तदान एक महान कार्य है जो विभिन्न संप्रदायों,धर्मों और समुदायों को जोड़ता है और यह कन्यादान से भी बड़ा और जीवन-दायी है। रक्त नालियों की जगह शरीर की नाड़ियों(रक्त वाहिकाओं) में बहना चाहिए।" यह कहना है पूर्व सिविल सर्जन एवं लोकनायक जयप्रकाश जिला नागरिक अस्पताल के वरिष्ठ हृदय एवं छाती रोग विशेषज्ञ डॉ. शैलेंद्र ममगाई शैली का। वे आज स्थानीय रेलवे रोड अग्रवाल धर्मशाला में समाजसेवी एवं उद्योगपति स्व. सुमेर चंद अग्रवाल की स्मृति में आयोजित एक रक्तदान शिविर में बोल रहे थे। शिविर का आयोजन उनके पुत्र वेद भूषण, भारत भूषण एवं विनोद अग्रवाल ने किया था। रक्तदान से मिलने वाले फायदों की चर्चा करते हुए डॉ. ममगाई ने बताया कि रक्तदान से शरीर की रोग- प्रतिरोधक क्षमता में बढ़ोतरी होती है, रक्त में नई कोशिकाओं का निर्माण होता है हृदय आघात की संभावना में काफी कमी हो जाती है। नियमित रक्तदान से शरीर में आयरन की मात्रा संतुलित रहती है, कैंसर जैसे घातक लोगों का खतरा कम हो जाता है;मोटापे से बचाव होता है और मानसिक एवं शारीरिक स्वास्थ्य में बेहतरी आती है। कुरुक्षेत्र विकास बोर्ड के सदस्य अशोक रोशा इस बात पर प्रसन्नता जताई कि सुमेर चंद्र अग्रवाल का परिवार उनकी तरह समाज सेवा के कार्यक्रम में श्रद्धा, आस्था और प्रतिबद्धता से संलग्न है।

कार्यक्रम के आयोजक समाज सेवी वेद भूषण,भारत भूषण एवं विनोद अग्रवाल ने बताया कि उनके परिवार द्वारा पिछले 13 सालों से लगातार उनके पिता समाजसेवी सुमेर चंद अग्रवाल की स्मृति में जुलाई मास के पहले को रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाता है। इसमें प्रतिवर्ष 150 से 200 रक्त की यूनिट एकत्रित होती है।

# हाथियों के झुंड ने अराईयांवाला गांव में मचाया उत्पात



**टीम एक्शन इंडिया**
**यमुनानगर, (धर्मबीर)**
यमुनानगर के कलेसर नेशनल पार्क से निकले हाथियों के झुंड ने आरायांवाला गांव के खेतों में जबरदस्त उत्पात मचाया। ग्रामीणों के मुताबिक हाथों की संख्या 10 से 12 रही होगी। किसानों के अनुसार, हाथियों ने 10 से 15 एकड गन्ना और पॉपुलर की खड़ी फसल को नुकसान पहुंचाया।

किसान राजेश, बिल्लू, जोनी, प्रद्युमन और मनीष आदि ने बताया कि हाथियों का झुंड देर रात गांव की ओर घुस आया और खेतों में घंटों तक तबाही मचाता रहा। फसलें पूरी तरह बर्बाद हो गईं। किसानों ने सरकार से उचित मुआवजे की मांग की है। गौरतलब है कि पिछले कुछ वर्षों में कलेसर क्षेत्र से हाथियों के झुंड बार-बार आबादी वाले इलाकों की ओर आकर किसानों को नुकसान पहुंचा रहे हैं।

स्थानीय लोग वन विभाग से इस समस्या के स्थायी समाधान की मांग कर रहे हैं। घटना की जानकारी मिलते ही वन एवं वन्यजीव प्राणी विहार विभाग, कलेसर की टीम मौके पर पहुंची। वन्यजीव निरीक्षक लिल्लू राम ने मौके का मुआयना किया और कहा, वन्य जीव संवेदनशील होते हैं, उनके साथ किसी प्रकार की छेड़छाड़ न करें। यदि हाथी दिखाई दें तो तुरंत विभाग को सूचित करें। यदि हाथी झुंड में आए तो उन्हें शोर मचा कर खेतों से दूर भगाएं।

**नुकसान**

**किसानों के अनुसार, हाथियों ने 10 से 15 एकड गन्ना और पॉपुलर की खड़ी फसल को नुकसान पहुंचाया**

## शांति एनक्लेव में ब्लड सैंपल कैंप में लिए रक्त के नमूने



**टीम एक्शन इंडिया**
**अनिल वर्मा**
**थानेसर** : नगर के शांति एनक्लेव के ग्रीन पार्क में कॉलोनी वासियों के स्वास्थ्य की जांच हेतु ब्लड कैंप का आयोजन किया गया। इस ब्लड कैंप में कॉलोनी के लोगों ने अपने खून के नमूने दिए।

कैंप के संयोजक और कॉलोनीवासी जयपाल सैनी ने बताया कि कॉलोनी के लोगों की भलाई के उद्देश्य से इस तरह के कैंप समय- समय पर आयोजित किए जाते हैं । उन्होंने बताया कि इस ब्लड कैंप का आयोजन सेक्टर 17 स्थित डीसीबी बैंक के द्वारा किया गया था। इस आयोजन में बैंक के मैनेजर बलविंदर सैनी शाखा प्रबंधक रोहित कुमार मनीष माधव हॉस्पिटल के डॉ मुरली शर्मा की टीम ने मुख्य भूमिका निभाई। जयपाल सैनी ने बताया कि कॉलोनी निवासियों द्वारा विभिन्न रोगों की जांच के लिए रक्त के नमूने दिए गए जिसकी रिपोर्ट आने पर अगर उनमें कोई बीमारी मिलती है तो उसके अनुसार वह अपना इलाज करवा सकेंगे और स्वास्थ्य लाभ ले सकेंगे।

### जींद में अफीम के साथ नशा तस्कर काबू

**जींद।** सीआईए स्टाफ नरवाना ने नशा तस्करों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए गांव बेलरखां के निकट एक नशा तस्कर को काबू कर उसके कब्जे से 508 ग्राम अफीम बरामद की है। पकडे गए आरोपित की पहचान सुरेन्द्र ग्योंग गिरोह के कुख्यात बदमाश के तौर पर हुई है। पुलिस आरोपित से पूछताछ कर रही है। नरवाना सीआईए प्रभारी सुखदेव सिंह ने को जानकारी देते हुए बताया कि सीआईए नरवाना की एक टीम एएसआई अवतार सिंह के नेतृत्व में बेलरखां गांव के नजदीक मौजूद थी। तभी सूचना मिली कि सुरेंद्र ग्योंग के गिरोह का कुख्यात गांव बेलरखां निवासी बदमाश सुभाष उर्फ भाषा जो अफीम तस्करी का धंधा करता है। और अब हमीरगढ़ रोड पर वाटर

## किसान यूनियन ने मांगों को लेकर कृषि मंत्री को सौंपा ज्ञापन



**टीम एक्शन इंडिया**
**रादौर, (कुलदीप सैनी)** : प्रदेश की सभी अनाज मंडियों में डिजिटल कांटे लगाने और अन्य लंबित मांगों को लेकर भारतीय किसान यूनियन का एक प्रतिनिधिमंडल को हरियाणा के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा से उनके आवास पर मिला। यूनियन ने कृषि मंत्री को ज्ञापन सौंपते हुए मांग की कि मंडियों में तोल व्यवस्था में पारदर्शिता लाने के लिए डिजिटल कांटे अनिवार्य किए जाएं। इस मौके पर कृषि मंत्री ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त किया कि किसानों की मांगों पर गंभीरता से विचार किया जाएगा और जल्द ही मुख्यमंत्री से बैठक कर समाधान करवाया जाएगा। वहीं किसान यूनियन ने चेताया कि यदि जल्द मांगें पूरी नहीं हुईं तो वे प्रदेशभर में आंदोलन की रणनीति भी बना सकते हैं।

भारतीय किसान यूनियन के प्रदेशाध्यक्ष रतनमान ने कहा कि बीते फसल सीजन में कई मंडियों से तोल में गड़बड़ी की शिकायतें सामने आई थीं। किसानों ने मांग की थी कि मंडियों में तोल की प्रक्रिया पूरी तरह से डिजिटल हो और वजन पूरा किलों में किया जाए, ताकि किसानों को किसी प्रकार की हानि न हो। इसके अलावा मेवात क्षेत्र में किसानों की जमीन के मुआवजे को लेकर लंबित मामलों का जल्द निपटान करवाने की भी मांग भी यूनियन ने की है। कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा ने कहा कि किसानों की सभी समस्याओं पर सकारात्मक रूप से विचार किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि इस बार किसान ढैंचा की फसल की बुआई करते समय की तस्वीर विभाग को भेजेगा, तो उसे एक हजार रुपये प्रति एकड़ की दर से राशि दी जाएगी।

**मांग**

**मंडियों में तोल व्यवस्था में पारदर्शिता लाने के लिए डिजिटल कांटे अनिवार्य किए जाएं**

## जाट सभा की अंतर्राष्ट्रीय जाट धर्मशाला कुरुक्षेत्र में हुई वार्षिक बैठक



**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र** : शहर की प्रमुख संस्था अंतरराष्ट्रीय जाट धर्मशाला में जाट सभा की वार्षिक बैठक आयोजित की गई जिसकी अध्यक्षता धर्मशाला के प्रधान डॉक्टर कृष्ण श्योकंद ने की। उन्होंने अपने वक्तव्य में कहा कि जाट समाज ने नई कार्यकारिणी को जो जिम्मेदारी दी है उसे वे हर हाल में शिद्दत से निभाएंगे। जाट समाज की कार्यकारिणी शिक्षा खेल और स्वास्थ्य के लिए और ज्यादा बेहतर कार्य करने के लिए वचनबद्ध रहेगी । उन्होंने कहा कि समाज के सभी लोगों को चुनावी मतभेदों को भुलाकर एक मंच पर आकर संस्था के हित में सेवा कार्य करना चाहिए। धन्ना भगत स्कूल की विवादित जमीन के मामले में उन्होंने कहा कि कानून के विशेषज्ञों से सलाह लेकर और समाज के लोगों से सलाह लेकर उचित कदम उठाए जाएंगे।कार्यकारिणी के द्वारा भविष्य की कार्य योजना के लिए एक मार्गदर्शन कमेटी का गठन किया गया जिसमें डॉक्टर हवा सिंह पूर्व रजिस्ट्रार कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय,डॉ सत्यदेव पूर्व अध्यक्ष इतिहास विभाग कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय, डॉ रणपाल पूर्व वॉइस चांसलर रणवीर सिंह विश्वविद्यालय जींद , डॉ सुरेश खत्री, डॉ महा सिंह पूनिया डायरेक्टर कल्चर यूथ अफेयर कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय, प्रोफेसर भीम सिंह घराडसी, कर्नल राजकुमार मलिक,चौधरी पृथी सिंह एक्स डी आर ओ कुरुक्षेत्र, राजवीर सुरजेवाला पूर्व तहसीलदार,प्रो जितेंद्र खटकड़, प्रो सुनील नैन ,ऋषिपाल अंटनहेडी रिटायर्ड इंस्पेक्टर, मीडिया कोर्डिनेटर गुरदीप तंवर आदि को अहम जिम्मेदारियां सौंप गई।12 सदस्यीय कमेटी जरूरतमंद छात्रों के लिए फ्री कोचिंग की व्यवस्था करेगी। प्रधान डॉ कृष्ण श्योकन्द ने बताया कि किसी भी प्रतिभाशाली छात्र को पैसों के अभाव में बेहतरीन कोचिंग से वंचित नहीं रहने दिया जाएगा।

संस्था के सचिव हरिकेश सहारण पूर्व डी एस ओ खेल विभाग ने वर्ष 2024- 25 का लेखा-जोखा,नव नियुक्त कार्यकारिणी के अब तक करवाए कार्य,निमार्णाधीन कार्य,जनहित में पास किए गए प्रस्ताव,आमजन के सुझाव और भविष्य की मंगलकारी योजनाएं संस्था की कार्यकारिणी और संस्था के सदस्यों के समक्ष रखी।

**सम्मेलन**

**जाट समाज ने नई कार्यकारिणी को जो जिम्मेदारी दी है उसे वे हर हाल में शिद्दत से निभाएंगे : डॉक्टर कृष्ण श्योकंद**

## रायपुर में क्षेत्रपाल देवता की जग व भंडारे का आयोजन



**टीम एक्शन इंडिया**
**यमुनानगर (धर्मबीर)-**
**यमुनानगर** के गांव रायपुर गांव में क्षेत्रपाल देवता का 5 दिन के पूजन के बाद को जग व भंडारे का आयोजन हुआ। पंडित दिनेश शर्मा व उनके 4 साथी पंडितों ने सवा लाख मंत्रों के साथ पूजन किया और को पूरे गांव के लोगों ने हवन यज्ञ में आहूति डाली। पंडित दिनेश शर्मा ने बताया कि क्षेत्रपाल देवता जिन्हें ग्राम देवता कहा जाता है इनका भारतीय लोक में एक महत्वपूर्ण स्थान है। क्षेत्रपाल देवता की पूजा-अर्चना गांव, खेत और घरों की सुरक्षा, समृद्धि और कल्याण के लिए की जाती है। यह क्षेत्र या ग्राम के रक्षक, न्यायकर्ता और कल्याणकारी माने जाते हैं। क्षेत्रपाल देवता को न्याय करने वाले देवता के रूप में माना जाता हैजो अच्छे को पुरस्कृत करते हैं और बुरे को दंडित करते हैं। जब नया अनाज उत्पन्न होता है तो क्षेत्रपाल देवता को विशेष रूप से पूजा जाता है। ग्रामीणों ने बताया कि वह हर साल जग व भंडारे का कार्यक्रम रखते हैं। रायपुर गांव को शांतप्रिय और धार्मिक बनाए रखने में क्षेत्रपाल देवता मुख्य भूमिका निभाते हैं। इस मौके पर गांव के नंबरदार सुभाष व रामेश्वर, सरपंच विक्रांत, फकीर चंद, सुशील, शेखर, सचिन, मटरु, उद्धव, पुनीत, तुषांश, ऋषिपाल, अनुज, राकेश इत्यादि मौजूद रहे।

# भागदौड़ भरी जिंदगी में स्वस्थ रहना जरूरी है: विधायक देवेंद्र कादियान

**शिविर**

- शिविर में 528 लोगों की जांच, 81 यूनिट रक्त एकत्र, 17 को सहायक यंत्र बांटे



**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर।** आचार्य श्री 108 सौरभ सागर जी महाराज और स्वामी विवेकानंद की पुण्यतिथि पर रविवार को सीसीएएस जैन गर्ल्स कॉलेज परिसर में निशुल्क मेडिकल हेल्थ चेकअप शिविर लगाया गया। शिविर का आयोजन सोरभांचल चैरिटेबल ट्रस्ट, भाविप गन्नौर, जैन गर्ल्स कॉलेज और रोटरी क्लब ऑफ गन्नौर सेंट्रल के सहयोग से किया गया। विधायक देवेंद्र कादियान ने रिबन काटकर शिविर का शुभारंभ किया। शिविर में विभिन्न रोगों के विशेषज्ञ डॉक्टरों ने करीब 528 लोगों की जांच की। उन्हें बेहतर जीवनशैली अपनाने के सुझाव भी दिए। शिविर में 17 दिव्यांगजनों को सहायक यंत्र और उपकरण वितरित किए गए। साथ ही स्वैच्छिक रक्तदान शिविर भी लगाया गया। इसमें महिलाओं सहित कई लोगों ने उत्साह से रक्तदान किया।
जैन गर्ल्स कॉलेज के प्राचार्य डॉ. मनोज कुमार ने अपने जन्मदिन पर 130वीं बार रक्तदान किया। सेहत टीम ने कुल 81 यूनिट रक्त एकत्र किया। विधायक देवेंद्र कादियान ने रक्तदाताओं का हौसला बढ़ाया। उन्हें प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि रक्तदान किसी अनजान व्यक्ति से खून का रिश्ता जोड़ने जैसा है। हर स्वस्थ व्यक्ति को समय-समय पर रक्तदान करना चाहिए।
उन्होंने कहा कि भागदौड़ भरी जिंदगी में स्वस्थ रहना जरूरी है। गंभीर रोग न हों, इसके लिए समय रहते डॉक्टर से परामर्श लेना चाहिए। इससे पहले शिविर में पहुंचने पर विधायक कादियान का बुके देकर स्वागत किया गया। उन्हें स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर नपा चेयरमैन अरुण त्यागी, जैन कॉलेज प्रधान आनंद जैन, डायरेक्टर भूषण भाटिया, स्कूल वाइस प्रिंसिपल शालिनी जैन, कष्ट निवारण समिति सदस्य योगेश कौशिक , डॉ. अंशुल जैन, डॉ. दीपचंद गर्ग, डॉ. वरुण गोगिया, मेजर डॉ. सन्नी मक्कड़, डॉ. ए जैन, डॉ. तुषार राय, डॉ. श्रुति त्यागी और डॉ. शुभम त्यागी, अंकुर त्यागी, अमित बत्रा, राजकुमार अग्रवाल, अरुण गोस्वामी, विकास त्यागी, सन्दीप सिंघल, अंकित मल्होत्रा आदि मौजूद रहे।

## सीआईए डबवाली स्टाफ ने 6.42 ग्राम हेरोईन मामले में असल तस्कर को किया काबू




**डबवाली (रणबीर खटक)**
डबवाली पुलिस द्वारा क्षेत्र मे नशा तस्करों के खिलाफ चलाये जा रहे विशेष अभियान के अन्तर्गत सख्त कार्यवाही करते हुए सीआईए स्टाफ डबवाली टीम ने 6.42 ग्राम हेरोइन के मामले में असल तस्कर को काबू करने में कामयाबी हासिल की है । आरोपी की पहचान सौरभ उर्फ बब्लू पुत्र नरेश कुमार निवासी वार्ड न. 18 मंडी डबवाली के रूप में हुई है ।
इस मामले के बारे में प्रभारी सीआईए डबवाली सब इंस्पेक्टर राजपाल ने बताया कि बताया कि दिनांक 04.07.2025 को उनकी टीम ने 6.42 ग्राम हेरोइन के साथ 8 आरोपियों सुभाष पुत्र चिमन लाल निवासी वार्ड न. 14 मंडी डबवाली, जसप्रीत सिंह उर्फ बब्बू पुत्र फलेल सिंह निवासी घुमियारा जिला मलोट पंजाब, बलबीर सिंह पुत्र बीरभान निवासी घुमियारा जिला मलोट पंजाब, शमिंदर सिंह उर्फ गोल्डी पुत्र जगनंदन निवासी गांव डबवाली, गौरव पुत्र बोधराज निवासी प्रेम नगर मंडी डबवाली, सुनील पुत्र मंगत सिंह निवासी वार्ड न. 14 मंडी डबवाली, शुभम पुत्र कमल कुमार मंडी डबवाली व चरणजीत सिंह उर्फ काली पुत्र ओमप्रकाश निवासी गोगा मेड़ी मोहल्ला मंडी डबवाली को नशा करते हुए काबू किया था । जो पकड़े गए आरोपियों ने बताया कि उन्हें यह हेरोइन सुभाष पुत्र चिमन लाल ने ही लाकर दिया था । जो आरोपी सुभाष ने प्रारंभिक पूछताछ में बताया कि उसे यह हेरोइन सौरभ उर्फ बब्लू ने ही उपल्बध करवाई थी । जो आरोपी सौरभ को मंडी डबवाली से काबू किया गया है ।

**न्यूज फ्लैश**

## द पुष्प वर्ल्ड स्कूल में कौशलों और व्यावहारिक गतिविधियों के माध्यम से सशक्त बनाने का दिया प्रशिक्षण



**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर।** द पुष्प वर्ल्ड स्कूल में जिला स्तरीय विचार -विमर्श कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रमुख रिसोर्स पर्सन प्रतीक दुग्गल द्वारा शिक्षकों और प्राचार्यों को प्रशिक्षण प्रदान किया गया। प्रशिक्षण का उद्देश्य प्रारंभिक, माध्यमिक और उच्च माध्यमिक स्तर के शिक्षकों तथा विद्यालय प्रमुखों को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस , ऑनलाइन टूल्स, 21वीं सदी के कौशलों और व्यावहारिक गतिविधियों के माध्यम से सशक्त बनाना था, जिससे छात्रों के सीखने के परिणामों में सुधार लाया जा सके। कार्यक्रम की शुरूआत विद्यालय की डायरेक्टर प्रिंसिपल डॉ. नीरज त्यागी द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ हुई। छात्रों को कौशल-आधारित विषय डिजाइन थिंकिंग, कोडिंग, रोबोटिक्स, गणित और विज्ञान परियोजनाओं के प्रति प्रेरित किया । कार्यक्रम में ग्रोवेल पब्लिक स्कूल, चाइल्ड केयर इंटरनेशनल स्कूल, नवज्योति शिक्षा सदन, लॉर्ड कृष्णा पब्लिक स्कूल, बख्तावरपुर, जांकीदास कपूर पब्लिक स्कूल, शिव शक्ति सीनियर सेकेंडरी स्कूल, सोनीपत; जी.डी. गोयनका इंटरनेशनल स्कूल, सोनीपत; सोफिया कॉन्वेंट स्कूल, सोनीपत; टीका राम मॉडल स्कूल, सोनीपत, जैन सीनियर सेकेंडरी स्कूल; जैन विद्या मंदिर हाई स्कूल,गीतांजलि सीनियर सेकेंडरी स्कूल, बड़वासनी, पुरण मूर्ति ग्लोबल स्कूल शामिल रहे।
कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागियों को प्रशिक्षण प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। इस अवसर पर विद्यालय के चेयरमैन सुनील त्यागी ने कहा कि इस प्रकार के कौशल विकास कार्यक्रम भविष्य में भी द पुष्प वर्ल्ड स्कूल द्वारा आयोजित किए जाएंगे, जो विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य को सशक्त आधार प्रदान करेंगे।

## सरकार की मजदूर कर्मचारी विरोधी नीतियों के खिलाफ 9 जुलाई को हड़ताल में बढ़ चढ़कर भाग लें: राठी

**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर** । एआईयूटीयूसी हरियाणा उपाध्यक्ष ईश्वर सिंह राठी ने कहा कि सरकार की मजदूर कर्मचारी विरोधी नीतियों के खिलाफ आगामी 9 जुलाई को अखिल भारतीय हड़ताल में बढ़ चढ़कर भाग ले। राठी ने बताया कि सोनीपत जिले की ट्रेड यूनियन व कर्मचारी संगठनों ने संयुक्त रूप से निर्णय लिया है । हड़ताल के समर्थन में सोनीपत नगर निगम के पार्क से सुबह 10 बजे इकट्ठे होकर बस अड्डे तक जोरदार नारे लगाते हुए प्रदर्शन करेंगे। जिसमें मजदूर विरोधी लेबर कोड वापस लो, पुरानी पेंशन बहाल करो, सरकारी विभागों को बेचना बंद करो, खाली पड़े सभी पदों की भर्ती करो, आंगनवाड़ी, आशा,व मिड डे मील को सरकारी कर्मचारी का दर्जा दो, निर्माण श्रमिकों के हित लाभ सरल करनेआदि मांगों को लेकर हड़ताल है। राठी ने सभी कर्मचारियों से हड़ताल को सफल बनाने का आह्वान किया और बढ़ चढ़कर भाग लेने की अपील की ।

## गांव सरढाणा के अजय मलिक ने अमेरिका में आयोजित वर्ल्ड पुलिस एंड फायर गेम्स में जीता सिल्वर मेडल

**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर** । गांव सरढाणा के अजय मलिक ने अमेरिका में आयोजित वर्ल्ड पुलिस एंड फायर गेम्स में जीता सिल्वर मेडल जीता है। अजय ने 21वें वर्ल्ड पुलिस एंड फायर गेम्स में कराटे में-75 किग्रा इंडिविजुअल कुमिते प्रतियोगिता में सिल्वर मेडल जीतकर गौरव बढ़ाया है। अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता 27 जून से 6 जुलाई तक बर्मिंघम, अलबामा (यूएसए) में आयोजित की गई थी, जिसमें दुनियाभर के पुलिस और फायर डिपार्टमेंट के खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया था। अजय मलिक की इस उपलब्धि से क्षेत्र में खुशी की लहर है।

## मास्टरिंग फोकस एंड कॉन्सन्ट्रेशन विषय पर कार्यक्रम आयोजित



**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** ब्रह्माकुमारी आर्ट एंड कल्चर विंग एवं पावन विजन फाउंडेशन की ओर से विद्यार्थियों के लिए मास्टरिंग फोकस एंड कॉन्सन्ट्रेशन विषय पर एक सुन्दर कार्यक्रम आयोजित किया गया। मुख्यातिथि के तौर पर पहुंचे डा. राजन लाम्बा व हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष चंडीगढ़ के पीआरओ संदीप साहिल व एडवोकेट नरेश बराना ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की। पावन विजन फाउंडेशन की प्रेजिडेंट नेहा अरोड़ा सभी सम्मानित अतिथियों का स्वागत किया और ऐसे सकारात्मक कार्यक्रमों से जुड ? की अपील की।
आर्ट एंड कल्चरल विंग सब जोन करनाल की नेशनल कोऑर्डिनेटर एवं राजयोगिनी बीके प्रेम दीदी ने बच्चों का मार्गदर्शन किया और आज के दौर में तनाव से कैसे दूर रहा जा सकता है, बारे मूलमंत्र दिए। उन्होंने कहा कि ध्यान और एकाग्रता के बलबूते ही हम जीवन में सही मुकाम हासिल कर सकते हैं।
मुख्यातिथि डा. राजन लाम्बा ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि बच्चों के लिए ऐसे मोटिवेशनल कार्यक्रम आयोजित किए जाते रहने चाहिए, क्योंकि ऐसे कार्यक्रम से जहां बच्चों का माइंड डायवर्ट होता है, वहीं बच्चों को पॉजिटिव वातावरण भी मिलता है। बच्चे मोबाइल से दूर रहे और अपनी जीवन शैली में परिवर्तन लाकर बच्चे अपने भविष्य को सुखद बना सकते है।
काउंसिल तथा वैलनेस कोच डा. शिखा त्यागी ने मुख्य वक्ता के रूप में बच्चों को बताया कि हमें अपने गोल पर फोकस करना चाहिए तथा समय पर उसे अचीव करना चाहिए। हम सभी को अपने कार्य को एप्रीशिएट करना चाहिए, कभी भी अपने डिमोटिवेट नहीं करना चाहिए कि हम काम को कैसे करें, ये तो हमसे हो ही नहीं सकता। यदि किसी भी कार्य को एक्रागता और ध्यानपूर्वक किया जाए तो कोई भी मुश्किल कार्य आसान लगने लग जाता है।
पावन विजन फाउंडेशन की प्रेजिडेंट नेहा अरोड़ा ने कहा कि ब्रह्माकुमारी एक वर्ल्ड ऑर्गनाइजेशन है। इसकी शाखाएं पूरे वर्ल्ड के 140 देशों में कार्य कर रही है।

## इनेलो जिलाध्यक्ष जसवीर जस्सा व संदीप गंगा ने घोषित की किसान सैल की डबवाली हलका कार्यकारिणी

**टीम एक्शन इंडिया**
**सिरसा (रणबीर खटक)**
इंडियन नेशनल लोकदल के जिलाध्यक्ष जसवीर सिंह जस्सा व इनेलो किसान सैल के अध्यक्ष संदीप सिंह गंगा ने रविवार को पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अभय सिंह चौटाला, प्रदेशाध्यक्ष रामपाल माजरा, डबवाली के विधायक आदित्य देवीलाल, रानियां के विधायक अर्जुन चौटाला, इनेलो नेत्री कांता चौटाला व प्रदेश महिला प्रभारी सुनैना चौटाला प्रदेश संयोजक फूल सिंह मंजूरा से विमर्श के बाद हलका डबवाली की किसान सैल की कार्यकारिणी घोषित की। डबवाली हलका के प्रधान मंदर सिंह सरां व डबवाली किसान सैल के हलकाध्यक्ष गुरमेल सिंह सालमखेड़ा की उपस्थिति में घोषित कार्यकारिणी में गुरपाल पाली व पूर्व सरपंच अनिल को वरिष्ठ उपप्रधान बनाया गया है जबकि भीम सिंह नेहरा, प्रेमसुख, गुरपाल सिंह, कृष्ण बिरड़ा नंबरदार, पूर्व सरपंच वजीर, मेजर सिंह बेनीवाल, हरचेत सिंह पूर्व सरपंच, भालाराम तरड़, बुधराम ज्याणी, जोगेंद्र सिंह बिजारणिया, रंजीत सिंह, जगदेव सिंह सरां, कृष्ण भांभू, प्यारेलाल व शिव कुमार को उपप्रधान बनाया गया है। इसी प्रकार सुरेश गोदारा को वरिष्ठ महासचिव की जिम्मेदारी दी गई है।

## पराग गाबा बने अखिल भारतीय खत्री युवा महासभा के प्रदेश संरक्षक

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** रविवार को अखिल भारतीय खत्री युवा महासभा हरियाणा की मीटिंग माल रोड स्थित कार्यालय में हुई। बैठक में विचार-विमर्श के बाद कार्यकारिणी का विस्तार किया गया। युवा पंजाबी नेता व सामाजिक कार्यकर्ता पराग गाबा को महासभा का प्रदेश संरक्षक नियुक्त किया गया। साथ ही राजेंद्र बजाज को प्रदेश महामंत्री की जिम्मेवारी मिली है। राज्य प्रधान पुष्कर मनचंदा ने प्रेसवार्ता कर यह जानकारी दी।
उल्लेखनीय है कि पराग गाबा वर्षों से समाजिक गतिविधियों में सक्रिय हैं। वह अपने पिता स्व. देसराज गाबा के दिखाए मार्ग पर चल रहे हैं। करनाल में पंजाबी समाज की तरक्की और पंजाबी भवन के निर्माण में देसराज गाबा का विशेष योगदान रहा है। हुड्डा सरकार में पंजाबी भवन निर्माण की मांग स्वीकार की गई थी। देशराज गाबा की मांग पर ही शहीद मदनलाल ढींगड़ा चौक की स्थापना की गई थी। उन्हीं की विरासत को आगे बढ़ाते हुए पराग गाबा कार्य कर रहे हैं।
पराग गाबा के संरक्षक बनने से हरियाणा में खत्री समाज में नई चेतना का उदय होगा।

## धर्म ही एक ऐसा सूत्र है जिसके सहारे हम परमात्मा तक पहुंच सकते हैं: उपेंद्र मुनि

**एक्शन इंडिया रघुनंदन**
**समालखा,** 6 जुलाई । रविवार को शहर में से जैन सभा की ओर से चातुर्मास के लिए एक भव्य समारोह का आयोजन कर शोभा यात्रा निकाली। यात्रा में सैकड़ो महिलाओं समाज के लोगों बच्चन जैन प्रेमियों ने भाग लेकर जैन संतों की जय जयकार के नारे लगाए। शोभा यात्रा शहर की इंडस्ट्री एरिया से चलकर जीटी रोड रेलवे रोड, पुरानी जैन स्थानक से होते हुए अनाज मंडी स्थित निमार्णाधीन जैन स्थानक में प्रवेश किया । पूज्य गुरुदेव श्री प्रेम सुख जी महाराज के सुशिष्य पंडित रतन शास्त्री श्री उपेंद्र मुनि जी महाराज ने स्थानक में प्रवेश कर नई स्थानक का शुभारंभ किया। मुनि अपने शिष्य मंडली के साथ चातुर्मास हेतु चार महीने के लिए समालखा मैं विराजमान रहेंगे। सुबह के समय जैन समाज के लोग मंगल गान गाते हुए मंगल कलश के साथ हजारों बहनों ने इस मंगल यात्रा में पूज्य गुरुदेव के साथ यात्रा में भाग लिया। पूज्य गुरुदेव ने सभी के ऊपर अपना भरपूर आशीर्वाद बरसाया ।पूज्य गुरुदेव ने अपने शास्त्रों में धर्म की महिमा का बखान करते हुए कहा कि धर्म ही एक ऐसा सूत्र है जिसके सहारे हम परमात्मा तक पहुंच सकते हैं ' शोभा यात्रा का मुख्य बाजार में बाजार के दुकानदारों ने रोक रोक कर भव्य स्वागत किया। जैन समाज की इस शोभायात्रा के लिए शहर में अलग-अलग स्थान पर स्वागत द्वार भी बनाए हुए थे जो की अत्यंत सुंदर नजर आ रहे थे । इसके साथ जलपान की भी व्यवस्था की गई थी। बाहर से आए भक्त जनों का समालखा जैन समाज की कार्यकारिणी व सभा की ओर से हार्दिक स्वागत एवं अभिनंदन किया ' रविवार को दिन भर जैन संतों के दर्शन के लिए धर्म प्रेमियों का तांता लगा रहा। प्रधान वीर प्रकाश जैन महामंत्री श्री अनुराग जैन कैशियर, श्री पवन जैन , अमित जैन एवं मोनू जैन, अतुल जैन मैनेजर जितेंद्र जैन , राकेश जैन राजेंद्र जैन प्रमोद जैन ईश्वर जैन संजय जैन क्लास जैन सुभाष जैन अतुल जैन मोहित जैन धर्मपाल जैन आदि मुख्य रूप से मौजूद रहे

## मजदूरों से भरे टेंपो को मारी टक्कर, खून से लथपथ हुआ हाइवे

**टीम एक्शन इंडिया**
**मथुरा**
मथुरा के छाता कोतवाली क्षेत्र के राष्ट्रीय राजमार्ग 19 स्थित चेतक एकेडमी के समीप रविवार को अज्ञात वाहन ने टेंपो में टक्कर मार दी। हादसे में 10 मजदूर गम्भीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया है।
राष्ट्रीय राजमार्ग 19 स्थित चेतक एकेडमी के समीप छाता से मथुरा की ओर जा रहे मजदूरों से भरे टेम्पो को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। टक्कर से टेपों पलट गया। मजदूर हाईवे पर इधर-उधर गिर गए।

## मुख्यमंत्री के नेतृत्व में खेलों को बढ़ावा देने के प्रयासों से पदक जीत रहे हैं खिलाड़ी




**टीम एक्शन इंडिया**
**राई** । विधायक कृ?णा गहलावत ने खेड़ी मनाजात गांव में आयोजितसमारोह में यूएसए (अमेरिका) में आयोजित 2025 वर्ल्ड पुलिस गेम्स अंतरराष्ट्रीय चैंपियनशिप में बहुत ही होनहार खिलाड़ी कुश्ती में मोहित दहिया ने स्वर्ण पदक, रितिका दहिया ने जुडो कराटे (ग्रीको-रोमन) में स्वर्ण पदक विजेता का सम्मान किया। विधायक ने दोनों खिलाड़ियों को आशीर्वाद देते हुए निरंतर स्वर्णिम प्रदर्शन के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि हमारे बेटे-बेटियां लगातार खेलों में अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर बेहतरीन प्रदर्शन कर रहे हैं। इससे उभरते खिलाड़ियों को भी प्रेरणा, प्रोत्साहन व साहस मिलता है।
उन्होंने मोहित व रितिका के परिजनों सहित समस्त ग्राम व हलकावासियों को जीत की बधाई दी। विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल हुए महाबली सतपाल ने भी दोनों खिलाड़ियों को बधाई दी। विधायक कृष्णा गहलावत ने कहा कि हरियाणा अब खेलों का हब बन चुका है और युवाओं की भूमिका देश को विकसित बनाने में बहुत महत्वपूर्ण होगी। पहले हरियाणा की पहचान एक कृषि प्रधान राज्य के रूप में थी, लेकिन अब यह खेलों का हब बन चुका है। यह बदलाव मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में खेलों को बढ़ावा देने के लिए किए गए प्रयासों के कारण संभव हुआ है। विभिन्न राज्य और राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित किया जाता है। विधायक कृष्णा गहलावत ने कहा कि हरियाणा सरकार की नई खेल नीति और आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर ने खिलाड़ियों को विश्व स्तर पर अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर प्रदान किया है। विभिन्न गांव में खेल स्टेडियम बनाया जा रहे हैं और उनमें खिलाड़ियों को पूरी सुविधा दी जा रही है। इसी का परिणाम है कि खिलाड़ी विभिन्न खेलों में पदक जीत कर देश व प्रदेश का नाम रोशन कर रहे हैं । युवाओं से अपील की कि वे नशे से दूर रहें, अपनी ऊर्जा का सही दिशा में उपयोग करें और अपने माता-पिता का नाम रोशन करें।

## प्रॉपर्टी आईडी, निशानदेही और इंतकाल संबन्धी शिकायतों का तुरंत होगा निपटान : डीसी

**टीम एक्शन इंडिया**
**सिरसा, (रणबीर खटक)**
उपायुक्त शांतनु शर्मा ने कहा कि प्रत्येक सोमवार और वीरवार को जिला व उपमंडल स्तर पर समाधान शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। जिला स्तर पर आयोजित समाधान शिविर में प्रॉपर्टी आईडी संबंधी शिकायतों और उपमंडल स्तर पर आने वाली निशानदेही व इंतकाल संबंधित शिकायतों का निपटान तुरंत किया जाएगा। इसलिए कोई भी नागरिक अपनी ये समस्याएं समाधान शिविर में रख सकता है, शिकायत का तुरंत निपटारा किया जाएगा।
उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार के निदेर्शानुसार प्रत्येक सोमवार और वीरवार को जिला व उपमंडल स्तर पर समाधान शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। सोमवार को स्थानीय लघु सचिवालय के सभागार में सुबह 10 से 12 बजे आमजन अपनी समस्याएं प्रशासन के समक्ष रख सकते हैं। इसके अलावा उपमंडल स्तर पर भी सोमवार औ? वीरवार को 10 से 12 बजे समाधान शिविर का आयोजन किया जाता है। उपायुक्त शांतनु शर्मा ने कहा कि समाधान शिविर आमजन की समस्याओं के निवारण का प्रभावी माध्यम बन रहे हैं। इन शिविरों में प्राप्त शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर निपटारा किया जा रहा है।

## विधायक कृष्णा गहलावत ने श्यामा प्रसाद मुखर्जी को अर्पित की पुष्पांजलि

**याद किया**

- -एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत पौधारोपण कर दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश



**टीम एक्शन इंडिया**
**राई** । राई हलका विधायक एवं पूर्व मंत्री कृष्णा गहलावत ने भाजपा कार्यालय में राष्ट्रवादी विचारक डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के जन्मोत्सव में शामिल होकर उनकी तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया।
इसके साथ ही उन्होंने गढ़ी बिंदरौली गांव में डा. मुखर्जी के जयंती समारोह का शुभारंभ करते हुए सामुदायिक भवन को लोकार्पित किया। विधायक कृष्णा गहलावत ने डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के विभिन्न जयंती समारोहों में हिस्सा लिया। वे गढ़ी बिंदरौली गांव स्थित संत कबीर आश्रम में आयोजित समारोह में मुख्यातिथि के रूप में शामिल हुई, जहां उन्होंने उनके द्वारा दी गई ग्रांट से निर्मित सामुदायिक भवन का उदघाटन किया।
इस मौके पर दिल्ली के सांसद चंदोलिया तथा नरेला के विधायक राजकर्ण खत्री ने भी समारोह में हिस्सा लेते हुए लोगों को डा. मुखर्जी की जयंती की बधाई देते हुए उनकी शिक्षाओं को आत्मसात करने के लिए प्रोत्साहित किया। विधायक कृष्णा गहलावत ने अन्य अतिथियों के साथ गांव में एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया। विधायक कृष्णा गहलावत ने कहा कि डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी प्रखर राष्ट्रवादी रहे हैं, जिन्होंने अपना सर्वस्व समाज व राष्ट्रोत्थान के लिए समर्पित कर दिया। हमें उनका अनुसरण करते हुए राष्ट्र की मजबूती के लिए सक्रिय रूप से योगदान देना चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पर्यावरण और आने वाली पीढ़ियों के भविष्य की चिंता है। इसीलिए प्रधानमंत्री ने एक पेड़ माँ के नाम अभियान का आगाज किया है, जिसमें हर व्यक्ति को अपनी आहुति डालते हुए पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लेना चाहिए। इस मौके पर इस मौके पर संजय ब्रह्मचारी, आनंद दहिया, मंडल अध्यक्ष वेदपाल शास्त्री, अनिल आंतिल, सरपंच रीना आदि गणमान्य व्यक्ति शामिल रहे।

## लाला गढ़ी रोड पर चरमराई सफाई व्यवस्था



**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर:** वार्ड 9 में सफाई व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है। सड़कों, गलियों और नालियों में कूड़े के ढेर लगे हैं, जिससे चारों ओर दुर्गंध फैली हुई है। नालियों का पानी सड़क पर फैल रहा है, जिससे राहगीरों को भी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।
स्थानीय लोगों का कहना है कि नगर पालिका को कई बार शिकायत दी गई, लेकिन अब तक कोई समाधान नहीं निकला। पूर्व पार्षद अशोक सैनी ने नगर पालिका प्रशासन पर लापरवाही के आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा कि उन्होंने खुद इस मुद्दे को लेकर कई बार चेयरमैन और अधिकारियों से मुलाकात की, मगर सफाई कर्मियों की ड्यूटी में ढिलाई और कूड़ा न उठाने की समस्या जस की तस बनी हुई है। उन्होंने आशंका जताई है कि बरसात के मौसम में यह गंदगी गंभीर स्वास्थ्य संकट पैदा कर सकती है। मच्छरों के बढ़ते प्रकोप से डेंगू और मलेरिया जैसी बीमारियों का खतरा मंडरा रहा है।
लोगों ने नगर पालिका से जल्द से जल्द सफाई अभियान चलाने की मांग की है ताकि हालात सुधर सकें।

# सालों से अधर में अटका सीवरेज प्रोजेक्ट हुआ शुरू, भरे गए गड्ढे: राठौर







**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** बुराड़ी विधानसभा क्षेत्र के वार्ड नंबर-आठ से निगम पार्षद व सिविल लाइन जोन से चेयरमैन गुलाब सिंह राठौर ने बताया कि आम आदमी पार्टी के शासन काल में दिल्ली जल बोर्ड द्वारा भलस्वा झील रोड़ पर सालों से गड्ढे खोद डाले थे, जिसे न तो भरा जा रहा था और न ही उसका काम पूरा होने में आ रहा था, खुले गड्ढे के कारण आवारा पशु आए दिन उन खुले गड्ढों में गिरकर चौटिल हो रहे थे। राठौर ने कहा कि मेरे संज्ञान में मामला आने के बाद वह गड्ढे भर दिए गए है। उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी की सरकार ने समूची दिल्ली ही खोद डाली थी, जिसे अब भाजपा की दिल्ली सरकार धीरे-धीरे भरने में लगी हुई है। इसी कड़ी में मुकुंदपुर वार्ड में सफाई अभियान भी चलाया गया। इस दौरान डी ब्लॉक की गली नंबर एक से लेकर लेबर चौक स्थित बड़े नालों की सफाई जेसीबी मशीन द्वारा सफाई करवाई गई। तो वहीं रामलीला पार्क से गुर्जर चौक 60 फूटा रोड़ पर स्थित बड़े नालों की सफाई का काम भी खत्म कर दिया जाएगा। **बरसात को लेकर पूरी हुई तैयारी:** गुलाब सिंह राठौर ने कहा कि बरसात के दिनों में दिल्ली में जगह-जगह जलभराव की समस्या पैदा हो जाती है, जिसके चलते लोगों को घर से निकलना भी मुश्किल हो जाता है, लेकिन इस बार भाजपा कि रेखा सरकार ने जलभराव को लेकर पूर्व ही कमर कस ली है। इसके साथ ही राठौर ने कहा कि जिससे कि आने वाले बरसात के मौसम में क्षेत्र वासियों को जलभराव की समस्या का सामना न करना पड़े और क्षेत्र में सफाई व्यवस्था पूर्ण रूप से बहाल रहे।
इसके साथ ही उन्होंने कहा कि बरसात में जल भराव न हो इसके लिए पहले से ही अपने स्तर पर तैयारियां पूरी करली गई है।

## कादीपुर मंडल में भाजपाइयों ने हर्षोल्लास से मनाई डॉ. मुखर्जी की जयंती

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: देशभर में** भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई। कार्यक्रम का आयोजन बुराड़ी विधानसभा के कादीपुर मंडल स्थित महिला मोर्चा की जिला अध्यक्षा स्वेता कौशिक के निवास स्थान पर किया गया।
आयोजित कार्यक्रम के दौरान डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर गोष्ठी की गई। कार्यक्रम का आयोजन मंडल अध्यक्ष सुरेश कैन के नेतृत्व में किया गया। इस दौरान कादीपुर मंडल के नवनियुक्त सभी पदाधिकारियों को सम्मानित भी किया गया। इस मौके पर कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए सुरेश कैन ने डॉ.





मुखर्जी के आदर्शों का पालन करने का आह्वान किया। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि डॉ. मुखर्जी शिक्षाविद् और बुद्धिजीवी के रूप में प्रसिद्ध थे। डॉ. मुखर्जी भारत की अखंडता और कश्मीर के विलय के दृढ़ समर्थक थे। उन्होंने कहा कि डॉ मुखर्जी एक दक्ष राजनीतिज्ञ, विद्वान और स्पष्टवादी के रूप में वे अपने मित्रों और शत्रुओं द्वारा सामान रूप से सम्मानित थे। इसके साथ ही श्वेता कौशिक ने कहा कि डॉ. मुखर्जी एक महान देशभक्त और संसद शिष्ट के रूप में भारत उन्हें सम्मान के साथ याद करता है।
मुखर्जी का विचार एक भारत का सूत्र है। आज देश में राम मंदिर का निर्माण हुआ। कैन ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की उस कल्पना को साकार कर रहा है, जिसके न सिर्फ उन्होंने सपने देखे थे, बल्कि अपना जीवन भी बलिदान कर दिया था। कार्यक्रम के दौरान जिला मंत्री नवनीता गुड़िया, मंडल महामंत्री पुष्पेंद्र राणा,दयानन्द राणा, कादीपुर मंडल के समस्त कार्यकारणी सदस्य, शक्ति केंद्र प्रमुख, जिला, प्रदेश के पदाधिकारी भी मौजूद रहे।

## 'भाजपा राज में दिल्ली में हो रहा है विकास, जनता खुश'

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** वजीरपुर विधानसभा क्षेत्र के भाजपा नेता संजय तिवारी ने कहा कि दिल्ली में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनने के बाद दिल्ली में तेजी से विकास हो रहा है।
उन्होंने आगे बताया कि दिल्ली में भाजपा सरकार बड़े ही अच्छे तरीके से कार्य कर रही है और जनकल्याणकारी योजनाओं को लागू कर रही है, जिससे की जनता को बेहतर सहुलियते मिल सके। उन्होंने आगे बताया कि भाजपा का इतिहास रहा है कि भाजपा ने जो कहा है, वह करके दिखाया है। यही कारण है आज दिल्ली में लोग



भारतीय जनता पार्टी के कार्यों से काफी ज्यादा प्रभावित है। उन्होंने आगे बताया कि भाजपा के सभी कार्यकर्ता एक्टिव होकर कार्य करें और भाजपा की नीतियों व कार्यों को जन-जन तक पहुंचाये।

## 'शीशमहल की तर्ज पर दिल्ली विधानसभा स्पीकर बना रहे शौचमहल, जनता बेहाल, भाजपा नेता मालामाल'

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: दिल्ली प्रदेश** कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने कहा कि जब दिल्लीवासी भीषण गर्मी में बिजली और जल संकट से जूझ रहे हैं, तब भाजपा नेता जनता के टैक्स के पैसों से शाही ठाठ-बाट में डूबे हुए हैं। उन्होंने विधानसभा स्पीकर विजेंद्र गुप्ता के आवास को 'शौचमहल' नाम दिया, ठीक वैसे ही जैसे रेखा गुप्ता के बंगले को 'फूलकुमारी निवास' कहा था। देवेन्द्र यादव ने आरोप लगाया कि दिल्ली विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता



के सरकारी आवास (बंगला नः 9, श्यामनाथ मार्ग) पर अब तक 2.35 करोड़ रुपये से अधिक खर्च किए जा चुके हैं, जिसमें से 94.69 लाख रुपये सिर्फ शौचालय और स्नान गृह के नवीनीकरण पर खर्च हुए हैं। देवेन्द्र यादव ने दस्तावेजों के हवाले से बताया कि महंगी टाइल्स, शॉवर, फिटिंग्स और बेसिन जैसी लग्जरी वस्तुएं इस 'शाही नवीनीकरण' का हिस्सा हैं। इसके अलावा 94.93 लाख रुपये केवल इलेक्ट्रिकल कार्यों पर और 44.82 लाख रुपये अन्य मरम्मत व सौंदर्यीकरण पर खर्च किए जा रहे हैं। उन्होंने दावा करते हुए कहा कि यह खर्च दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के फूलकुमारी निवास से भी अधिक है। देवेन्द्र यादव ने आशंका जताई कि यह खर्च अरविंद केजरीवाल के शीशमहल की तरह धीरे-धीरे कई गुना बढ़ सकता है, क्योंकि भाजपा में अब होड़ मची है, कि कौन अपने बंगले पर जनता का ज्यादा पैसा लगाता है। उन्होंने कहा कि एक तरफ रेखा गुप्ता और विजेंद्र गुप्ता के बीच शाही खर्च की प्रतिस्पर्धा चल रही है, वहीं मंत्री प्रवेश वर्मा और रेखा गुप्ता के बीच सत्ता संघर्ष भी खुलकर सामने आ गया है। सत्ता संघर्ष और ऐशो आराम की प्राथमिकता के चलते भाजपा नेताओं को जनता की समस्याओं से कोई सरोकार नहीं है।

## बुराड़ी: नेता विपक्ष राहुल गांधी की दूरगामी सोच का लाभ देश को मिलना चाहिए: आदेश भारद्वाज

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: हाल ही में भारतीय सेना** के डिप्टी चीफ ऑफ आर्मी स्टाफ लेफ्टिनेंट जनरल राहुल सिंह का वो बयान काफी सुर्खिया बटोर रहा है जिसमें उन्होंने कहा "ऑपरेशन सिंदूर के समय सामने तो पाकिस्तान था, लेकिन चीन उसकी पूरी मदद कर रहा था. पाकिस्तान को 81% हथियार चीन ने दिए थे।" इस बयान को लेकर विपक्ष द्वारा केंद्र सरकार पर लगातार हमला बोला जा रहा है। इसी मामले पर करावल नगर कांग्रेस जिलाध्यक्ष आदेश भारद्वाज का कहना है कि एक बार फिर



हमारे जननायक नेता विपक्ष राहुल गांधी फिर एक बार सही साबित हो गए हैं। भारत जोड़ो यात्रा के दौरान 21 दिसंबर 2022 को पूर्व सैनिकों के साथ हुई एक बैठक में राहुल गांधी ने चीन और पाकिस्तान के साथ आने को लेकर चिंता जताई थी। राहुल ने जो चेतावनी 2022 में दी, वह आज 2025 में खुलकर सबके सामने आ गई लेकिन देश ने राहुल की बात की अनदेखी के रूप में बहुत भारी कीमत चुकाई। यह कोई पहला मौका नहीं है जब राहुल गांधी सही साबित हुए हों। इससे पूर्व भी राहुल ने 21 नवंबर 2024 को एक संबोधन में कहा था कि आज जो बाजार के हालात हैं उसको देखते हुए भारतीय सेंसेक्स बाजार बहुत बुरी तरह गिरेगा। और वही कुछ दिन बाद देखने को मिला भी। किसान कानूनों पर भी राहुल गांधी 14 जनवरी 2021 को स्पष्ट रूप से कह चुके थे कि मेरे शब्द नोट कर लीजिए सरकार को ये तीनों कानून वापस लेने ही पड़ेंगे। और हुआ भी वहीं 19 नवंबर 2021 को केंद्र सरकार को तीनों काले कानून वापस लेने पड़े। यह कोई पहला या दूसरा मौका नहीं है कि जब राहुल गांधी ने अपनी दूरदर्शी सोच का परिचय दिया हो। नोटबंदी, अडानी स्कैम, इलेक्ट्रॉल बॉन्ड, राफेल खरीद घोटाला और कोविड संकट जैसे अहम मामलों पर उनकी बातें सच साबित होती रही हैं।

## एसआईआर का प्रारंभिक चरण पूर्ण, अब तक 1.69 करोड़ गणना फॉर्म एकत्र

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** बिहार में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के तहत प्रारंभिक चरण लगभग पूरा हो चुका है। इस चरण में निर्वाचन फॉर्मों का मुद्रण और वितरण संपन्न हो गया है। अब तक 1.69 करोड़ गणना फॉर्म एकत्र किए जा चुके हैं, जबकि 7.25 प्रतिशत फॉर्म ईसीआई-नेट पर अपलोड किए गए हैं। चुनाव आयोग ने रविवार को एक बयान जारी कर इसकी जानकारी दी। आयोग ने स्पष्ट किया है कि एसआईआर प्रक्रिया 24 जून को जारी निदेर्शों के अनुरूप ही संचालित की जा रही हैं।



श्रद्धेय डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती पर संगम पार्क मण्डल में आयोजित गोष्ठी में भाग लेकर पुष्पांजलि अर्पित करने के बाद कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए निगम पार्षद सुशील जोंटी साथ में विधायक अशोक गोयल देवराहा, कुलदीप चौधरी, मंडल अध्यक्ष सन्नी जेडिया व अन्य।

## एजेंट्स ने लगाई रेलवे से समाधान की गुहार

**नई दिल्ली: भारतीय** रेलवे की महत्वाकांक्षी योजना 'यात्री टिकट सुविधा केंद्र' आज खुद एक 'असुविधा केंद्र' बन चुकी है।
वाईटीएसके काउंटर को रेलवे की वैकल्पिक टिकटिंग सुविधा के रूप में विकसित किया गया था। 60 दिन पहले खुलने वाली अग्रिम आरक्षण टिकट पर वाईटीएसके काउंटर से पहले 10 मिनट तक प्रतिबंध। तत्काल टिकट बुकिंग पर वाईटीएसके काउंटर से अब 10 मिनट की जगह 30 मिनट तक पूर्ण प्रतिबंध की तैयारी शुरू। उक्त बातें वाईटीएसके एसोसिएशन महासचिव आर के बंसल ने कही।

## विधायक की शह पर गली निर्माण में हुआ भारी भ्रष्टाचार: नरेन्द्र सोनी

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: बुराड़ी विधानसभा** क्षेत्र के लोग सालों से सड़क,पानी व बिजली जैसी सामान्य सुविधाओं को लेकर जूझ रहे है, वहीं दूसरी ओर जब विधानसभा में गली या सड़कें बनाने का काम चले और वह काम ठेकेदारों द्वारा ईमानदारी से हो ऐसा कतई भी नहीं हो सकता है।
**झड़ौदा वार्ड की गलियां बनने में हुआ भ्रष्टाचार:** बुराड़ी विधानसभा क्षेत्र के अंतगर्त आने वाले झड़ौदा वार्ड नंबर-10 स्थित संत नगर में गलियों का निर्माण सिंचाई एवं बाढ़ नियंत्रण विभाग द्वारा करवाया जा रहा है, जोकि ठेकेदारों और संबंधित अधिकारियों द्वारा नियामक को ताक पर रखकर किया जा रहा है।
**नरेंद्र सोनी, प्रवक्ता, दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी** ने बताया कि गलियों के निर्माण में उच्च कोटी का मैटेरियल की बजाए, घटिया प्रकार की सामग्री इस्तेमाल की जा रही है। सोनी ने बताया कि वैसे तो विधायक साहब दिन रात ढोल पिटते रहते हैं कि मैनें क्षेत्र के विकास के लिए चिटठ्ी लिखी है, तो अब गलियों के निर्माण में भ्रष्टाचार किया जा रहा है उसके लिए चिटठ्ी कौन लिखेगा, विधायक साहब लिखेंगे





या उनके पीए साहब पत्राचार करेंगे।
**संजीव कुमार यादव, स्थानीय निवासी:** सालों से टूटी हुई सड़कों का निर्माण जैसे-तैसे शुरू किया गया



है, लेकिन उसमें भी भ्रष्टाचार की दुर्गंध उठने लगी है, जो कि विधायक की शह पर यह सारा भ्रष्टाचार का खेल ठेकेदारों और संबधित अधिकारियों द्वारा खेला जा रहा है। जारी टेंडर के अनुसार गलियों का निर्माण के लिए एम-30 में घोटाला करके सड़क की मोटाई 6 इंच की जगह 2 इंच की सड़क बनाई गई है। उन्होंने बताया कि जब संबंधित जेई- ऐईको फोन करके शिकायत की तो उन्होंने कहा कि आप लोगों को जो करना है करलो मैं तो ऐसा ही काम करवाऊंगा।
**नीतू सिंह, स्थानीय निवासी:** संत नगर बी ब्लॉक की लगभग पांच गलियां बनाई गई



है, जिसमें घटिया किस्म की सामाग्री का इस्तेमाल किया गया है, इसके साथ ही कार्य में मानकों को ताक पर रखा गया है। जिस क्वालिटी की सामाग्री का इस्तेमाल किया जाना था, उसका बिल्कुल इस्तेमाल नहीं किया गया है, पैसे को बचाने के लिए मोटा भ्रष्टाचार किया गया है। तो वहीं गलियां बनाते वक्त सारा मलबा नालियों में डाल दिया गया है, जिसके चलते नालियां भी बंद हो गई और बरसाती पानी गलियों में ही बहता रहता है।
**प्रेम कुमार, स्थानीय निवासी:** विधायक संजीव झा का क्षेत्र के विकास को लेकर कोई ध्यान नहीं है, बल्कि



संजीव झा कमाई का ही माध्यम ढुंढ़ने की फिराक में रहते है। संत नगर की नवनिर्मित गलियों में 6 इंच की आरसीसी डालनी चाहिए थी, लेकिन लगभग 2 इंच ही डाली गई है। उन्होंने कहा कि गलियों की कई नालियां सालों से चोक पड़ी है और जनता को परेशान होना पड़ रहा है।

## 'मंत्री ने देशभर के विश्वविद्यालयों से अपील की है कि वे दिल्ली विश्वविद्यालय की इस पहल से प्रेरणा लें'

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: दिल्ली सरकार** के कैबिनेट मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने दिल्ली विश्वविद्यालय द्वारा भारतीय इतिहास में सिख शहादत (1500-1765) से जुड़े स्नातक पाठ्यक्रम शुरू करने के निर्णय का स्वागत किया। उन्होंने इसे सिख समुदाय की न्याय, स्वतंत्रता और मानव गरिमा के लिए अडिग संघर्ष को सम्मान देने वाला एक ऐतिहासिक कदम बताया। यह पहल ऐसे समय में आई है जब देश सिखों के नवें गुरु, श्री गुरु तेग बहादुर जी की 350वीं शहादत दिवस की तैयारियाँ कर रहा है। जिन्होंने धार्मिक स्वतंत्रता की रक्षा के लिए अपने प्राणों का बलिदान दिया। इससे पहले, मंत्री ने सिख समाज के वरिष्ठ सदस्यों, बुद्धिजीवियों और दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के प्रतिनिधियों के साथ एक बैठक की थी, जिसमें गुरु तेग बहादुर जी की शहादत के उपलक्ष्य में आयोजन कैसे हो, इस पर सुझाव मांगे गए थे। उसी बैठक में यह सुझाव प्रमुखता से सामने आया था कि सिख गुरुओं की शिक्षाओं और बलिदानों पर एक समर्पित विश्वविद्यालय पाठ्यक्रम शुरू किया जाए। दिल्ली विश्वविद्यालय



की यह पहल उसी परामर्श प्रक्रिया का सकारात्मक और समयानुकूल परिणाम है। मंत्री ने कहा कि यह सिर्फ एक पाठ्यक्रम नहीं है, यह हमारे गुरुओं को दी गई एक सभ्यतागत श्रद्धांजलि है। खासकर गुरु तेग बहादुर जी को, जिनका संदेश आज भी हमें सत्य के पक्ष में खड़े होने और दूसरों के अधिकारों की रक्षा करने की प्रेरणा देता है।
यह पाठ्यक्रम छात्रों को सिख इतिहास, पहचान और बलिदान से परिचित कराएगा, जिसमें समाज सेवा, नेतृत्व और आध्यात्मिक साहस को विशेष रूप से शामिल किया जाएगा। इसके अंतर्गत फील्ड विज़िट, आर्काइव रिसर्च और डॉक्यूमेंट्री स्क्रीनिंग्स जैसी गतिविधियाँ भी होंगी ताकि छात्र-छात्रायें सिख इतिहास को गहराई से समझ सकें। मंत्री ने कहा, गुरु साहिब के ये अमर वचन आध्यात्मिक स्वतंत्रता, साहस और गरिमा की प्रेरणा हैं। आज के समय में गुरु साहिब की विरासत हमें बिना भय और बिना द्वेष के सत्य के लिए खड़े रहने की सीख देती है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का भी विशेष धन्यवाद किया, जिनके नेतृत्व में सिख इतिहास और विरासत को देश और दुनिया में नया सम्मान मिला है। वीर बाल दिवस से लेकर सिख योगदान को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने और अब इस शैक्षणिक पाठ्यक्रम तक। मोदी ने सिख इतिहास को गर्व के साथ मुख्यधारा से जोड़ने का काम किया है।

# रिकॉर्डतोड़ पारी के लिए वैभव ने गिल को दिया श्रेय, कहा- मुझे उनसे काफी प्रेरणा मिली




**वॉर्सेस्टर**
युवा बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी ने कहा कि वह शतक बनाने के बाद शुभमन गिल को बिना किसी दबाव के खेलते हुए देखकर प्रेरित हुए और भविष्य के मैचों में भारतीय टेस्ट कप्तान का अनुकरण करना चाहते हैं। सूर्यवंशी ने शनिवार को वॉर्सेस्टर में इंग्लैंड के खिलाफ भारत अंडर-19 की तरफ से चौथे मैच में केवल 78 गेंदों पर 143 रन की शानदार पारी खेली और युवा वनडे मैचों में शतक बनाने वाले सबसे युवा बल्लेबाज बन गए। वीडियो में कहा, 'मुझे उनसे (गिल से) काफी प्रेरणा मिली, क्योंकि मैंने उनका खेल देखा था। 100 और 200 रन बनाने के बाद भी वह सहजता से खेलते रहे।' गिल ने बर्मिंघम में दूसरे टेस्ट मैच की दोनों पारियों में शतक लगाया। उन्होंने पहली पारी में 269 और दूसरी पारी में 161 रन बनाए। इस दौरान भारत की अंडर-19 टीम भी एजबेस्टन में थी। सूर्यवंशी ने कहा, 'मैं अगले मैच में 200 रन बनाने की कोशिश करूंगा। अगली बार मैं पूरे पचास ओवर खेलने की कोशिश करूंगा। मैं जितने अधिक रन बनाऊंगा, मेरी टीम के लिए उतना ही बेहतर होगा।' सूर्यवंशी ने कहा कि जब तक वह ड्रेसिंग रूम में नहीं लौटे, उन्हें अपने बनाए गए रिकार्डों के बारे में पता नहीं था। उन्होंने युवा वनडे में सबसे तेज शतक लगाने का रिकॉर्ड भी बनाया। उन्होंने कहा, 'मुझे नहीं पता था कि 100 रन बनाने के बाद मैंने रिकॉर्ड बना लिया है। हमारे टीम मैनेजर अंकित सर ने मुझे बताया कि मैंने रिकॉर्ड बना लिया है। सभी ने मुझे बधाई दी।' भारत की अंडर-19 टीम ने शनिवार को चौथे मैच में इंग्लैंड को 55 रन से हराकर पांच मैचों की सीरीज में 3-1 से अजेय बढ़त बना ली। आईपीएल 2025 में शानदार प्रदर्शन करने वाले सूयार्वंशी ने 50 ओवर के प्रारूप में भी अपनी काबिलियत साबित की। उन्होंने सिर्फ 78 गेंदों की पारी में 13 चौके और 10 छक्कों की मदद से 143 रन बनाए। इस दौरान उनका स्ट्राइक रेट 183 का रहा जिससे भारत ने नौ विकेट पर 363 रन बनाए। फिर इंग्लैंड की टीम को 45.3 ओवर में 308 रन पर समेट दिया। नमन पुष्पक ने 63 रन देकर तीन विकेट लिए।सूयार्वंशी ने अपना शतक 52 गेंद में पूरा कर सबसे तेज युवा वनडे शतक का रिकॉर्ड तोड़ दिया है। यह रिकॉर्ड पहले पाकिस्तान के कामरान गुलाम के नाम था। गुलाम ने 2013 में इंग्लैंड के खिलाफ ही 53 गेंदों में यह उपलब्धि हासिल की थी। भारतीय खिलाड़ियों में यह रिकॉर्ड राज अंगद बावा के नाम था जिन्होंने 2022 में अंडर-19 विश्व कप में युगांडा के खिलाफ 69 गेंदों में शतक बनाया था। सबसे कम उम्र के बल्लेबाज भी बन गए हैं। सूर्यवंशी की उम्र 14 साल और 100 दिन है। उन्होंने बांग्लादेश के नाजमुल हुसैन शान्टो का रिकॉर्ड तोड़ा, जिन्होंने 14 साल और 241 दिन की उम्र में तीन अंकों का आंकड़ा पार किया था।

## बायर्न के जमाल मुसियाला को लगी गंभीर चोट, जीत के साथ सेमीफाइनल में, मैड्रिड से होगा सामना



**ईस्ट रदरफोर्ड :** यूरोप के दो चोटी के क्लब रियल मैड्रिड और पेरिस सेंट जर्मेन (पीएसजी) क्लब विश्व कप फुटबॉल टूनार्मेंट के सेमीफाइनल में आमने-सामने होंगे। रियल मैड्रिड ने शनिवार की रात को खेले गए मैच में किलियन एमबाप्पे के दूसरे हाफ के इंजरी टाइम में बाइसिकल किक से किए गए शानदार गोल की मदद से बोरूसिया डॉर्टमंड को 3-2 से हराया। वहीं, एक अन्य क्वार्टर फाइनल मैच में पीएसजी ने बायर्न म्यूनिख को 2-0 से हराया। पीएसजी की तरफ से डिजायर डोउ और ओसमाने डेम्बले ने गोल किए। हालांकि, इस मैच में बायर्न के जमाल मुसियाला गंभीर रूप से चोटिल हो गए। पीएसजी के गोलकीपर डोनुरुम्मा से टकराने के बाद उनका टखना मुड़ गया। वह दर्द से कराहते दिखे और उन्हें स्ट्रेचर से बाहर ले जाना पड़ा। प्रतियोगिता के एक अन्य सेमीफाइनल में यूरोप के क्लब चेल्सी का ब्राजील के क्लब फ्लूमिनेंस से मुकाबला होगा। गोंजालो गार्सिया और फ्रान गार्सिया ने पहले 20 मिनट में गोल करके मैड्रिड को 2-0 की बढ़त दिला दी। इससे मैड्रिड की जीत सुनिश्चित लग रही थी लेकिन दूसरे हाफ का इंजरी टाइम घटना प्रधान रहा जिसमें तीन गोल हुए। डॉर्टमंड के मैक्सिमिलियन बेयर ने इंजरी टाइम के तीसरे मिनट में गोल किया, लेकिन एमबाप्पे ने एक मिनट बाद बाइसिकल किक से खूबसूरत गोल किया जिससे मैड्रिड ने फिर से दो गोल की बढ़त हासिल कर ली। सेरहो गुइरासी ने इंजरी टाइम के आठवें मिनट में पेनल्टी किक को गोल में बदल दिया। डॉर्टमंड को डीन हुइजसेन के फाउल करने के कारण यह पेनल्टी मिली थी। रियल मैड्रिड के खिलाड़ी को रेड कार्ड मिला और वह सेमीफाइनल में नहीं खेल पाएंगे।

## अनिमेष कुजूर-मोहम्मद अफसल का कमाल, यूरोप में अलग-अलग स्पर्धाओं में राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़े



**नई दिल्ली :** स्टार धावक अनिमेष कुजूर ने शनिवार को यूनान में ड्रोमिया इंटरनेशनल स्प्रिंट एंड रिलेज मीटिंग प्रतियोगिता में 10.18 सेकेंड के शानदार समय के साथ 100 मीटर का राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़ दिया। 22 वर्षीय कुजूर ने यूनान की राजधानी एथेंस में गुरिंदरवीर सिंह के 100 मीटर के पहले के राष्ट्रीय रिकॉर्ड 10.20 सेकेंड को बेहतर बनाया। यूनान के सोटिरियोस गारगागनिस (10.23 सेकेंड) और सैमुली सैमुएलसन (10.28 सेकेंड) विश्व एथलेटिक्स कॉन्टिनेंटल टूर सिल्वर लेबल मीट में क्रमशः दूसरे और तीसरे स्थान पर रहे। कुजूर के नाम अब 100 मीटर और 200 मीटर दोनों राष्ट्रीय रिकॉर्ड हैं। उन्होंने मई में दक्षिण कोरिया में एशियाई एथलेटिक्स चैंपियनशिप के पुरुषों की 200 मीटर फाइनल में 20.32 सेकेंड का समय निकाल पिछला राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़ा था। इससे पहले एशियाई खेलों के रजत पदक विजेता मोहम्मद अफसल ने अपना ही राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़ दिया और पोलैंड के पोजनान में मेमोरियल चेस्लावा साइबुलस्कीगो में पुरुषों की 800 मीटर दौड़ में 1:45 मिनट के अंदर का समय निकालने वाले पहले भारतीय बन गए। अफसल ने हांग्झोउ में 2022 एशियाई खेलों में रजत पदक जीता था। उन्होंने 1:44.96 मिनट का समय निकाला और टूनार्मेंट की हीट ए 1 में छठे स्थान पर रहे।

## सेमीफाइनल में जापान के निशिमोटो से हारे श्रीकांत, भारत का टूर्नामेंट में सफर समाप्त



**कैलगरी :** भारत के किदांबी श्रीकांत शनिवार को कनाडा ओपन सुपर 300 बैडमिंटन टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में जापान के केंटा निशिमोटो से 21-19, 14-21, 18-21 से हार गए। उनकी हार के साथ ही कनाडा ओपन में भारत की चुनौती समाप्त हो गई। श्रीकांत ने पहला गेम 21-19 से जीतकर मुकाबले की मजबूत शुरूआत की थी, लेकिन उनके जापानी प्रतिद्वंद्वी ने अगले दो गेम में कड़ी टक्कर दी और एक घंटे 18 मिनट तक चले गेम को जीत लिया। एक वक्त निर्णायक गेम में स्कोर 18-18 से बराबर हो गया था। हालांकि, इसके बाद निशिमोटो ने कमजोर रिटर्न पर अटैक किया और फिर श्रीकांत ने दो बार शॉट वाइड मारकर मैच जापानी खिलाड़ी के झोली में डाल दिया। इससे पहले, पूर्व विश्व चैंपियनशिप रजत पदक विजेता, जो इस साल मई में मलयेशिया मास्टर्स के फाइनल में पहुंचे थे, ने शुक्रवार को 43 मिनट के क्वार्टर फाइनल मुकाबले में दुनिया के छठे नंबर के खिलाड़ी चोउ टिएन-चेन को 21-18, 21-9 से हराया था। 2022 विश्व जूनियर चैंपियनशिप के रजत पदक विजेता एस शंकर मुथुसामी सुब्रमण्यन ने 79 मिनट तक चले क्वार्टर फाइनल में निशिमोटो से 15-21, 21-5, 17-21 से हारने से पहले शानदार टक्कर दी थी।

## ताइक्वांडो टूर्नामेंट में मुरादाबाद की टीम बनी विजेता



**लखीमपुर खीरी।** उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड का सीआईएससीई जोनल लेवल दो दिवसीय ताइक्वांडो टूर्नामेंट का आयोजन लखनऊ पब्लिक स्कूल में किया गया। जिसमें मुख्य रूप से सीक्रेट हार्ट पब्लिक स्कूल संभल मुरादाबाद, सीपी विद्या निकेतन फरुर्खाबाद कायमगंज, गुरुकुल अकादमी पलिया आदि टीमों के बच्चों ने प्रतिभाग किया। सेक्रेड हार्ट स्कूल, मुरादाबाद की टीम विजेता बनी। लखनऊ पब्लिक स्कूल के अजिष्ठ पटेल, विराट प्रताप सिंह और शोभित सलूजा ने गोल्ड मेडल पाया तथा रुद्रांश प्रजापति, अमोघ, समीर, अविका शर्मा ने सिल्वर मेडल प्राप्त किया। कार्यक्रम का संचालन आरएन मिश्रा, पीईटी ने किया। प्रधानाचार्य विजय सचदेवा ने सभी बच्चों का उत्साहवर्धन किया एवं उन्हें पुरस्कार देखकर सम्मानित किया।

## दीपिका का यह गोल मैजिक स्किल अवॉर्ड के लिए नामांकित



**नई दिल्ली:** भारतीय महिला हॉकी टीम की फॉरवर्ड दीपिका को 2024-25 एफआईएच हॉकी प्रो लीग सत्र के दौरान दुनिया की नंबर एक टीम नीदरलैंड के खिलाफ किए गए मैदानी गोल के लिए पोलिग्रास मैजिक स्किल पुरस्कार के लिए नामित किया गया है। एफआईएच हॉकी प्रो लीग के 2024-25 सत्र के लिए पोलिग्रास मैजिक स्किल अवॉर्ड के लिए नामांकन शुक्रवार को जारी किए गए। विजेता का फैसला विश्व भर के हॉकी खेल प्रेमियों के मतदान के आधार पर किया जाएगा। मतदान करने की अंतिम तिथि भारतीय समयानुसार 14 जुलाई सुबह तीन बजकर 29 मिनट है। इस पुरस्कार के लिए कुल तीन गोल को नामांकित किया गया है। दीपिका ने यह गोल फरवरी 2025 में प्रो लीग के भुवनेश्वर चरण के दौरान किया था। कलिंग स्टेडियम में खेला गया यह मैच निर्धारित समय में 2-2 से बराबर रहा था जिसके बाद भारत ने शूटआउट में नीदरलैंड को हराया। भारतीय टीम जब दो गोल से पीछे चल रही थी तब दीपिका ने 35वें मिनट में यह अविश्वसनीय गोल किया। उन्होंने नीदरलैंड की रक्षा पंक्ति को भेदते हुए बायीं ओर से शानदार तरीके से ड्रिबल किया, बेसलाइन को छुआ और एक डिफेंडर की स्टिक के ऊपर से गेंद को आगे निकालकर गोलकीपर को छकाते हुए गेंद को नेट में पहुंचाया। दीपिका ने कहा, 'नीदरलैंड के खिलाफ किया गया वह गोल मेरे करियर के सबसे खास पलों में से एक है। सब कुछ ठीक रहा और इससे हमें बराबरी करने और शूटआउट में मैच जीतने में मदद मिली। पोलिग्रास मैजिक स्किल अवॉर्ड के लिए नामांकित होने पर मैं सम्मानित महसूस कर रही हूं और अपने प्रशंसकों के समर्थन के लिए आभारी हूं। ऐसे पलों के लिए ही हम कड़ा अभ्यास करते हैं।'

## दीपिका पॉलिग्रास मैजिक स्किल अवार्ड के लिए नामांकित



**नई दिल्ली।** भारतीय महिला हॉकी टीम की फॉरवर्ड दीपिका को पॉलिग्रास मैजिक स्किल अवार्ड के लिए नामांकित किया गया है। उन्हें यह उपलब्धि 2024-25 एफआईएच हॉकी प्रो लीग सीजन के दौरान विश्व नंबर एक नीदरलैंड के खिलाफ अपने अविश्वसनीय एकल फील्ड गोल के लिए मिली है। हॉकी इंडिया के अनुसार 2024-25 एफआईएच हॉकी प्रो लीग सीजन के लिए पॉलिग्रास मैजिक स्किल अवार्ड के लिए नामांकन शुक्रवार को जारी किए गए और वोट करने की अंतिम तिथि 14 जुलाई को सुबह 3:29 बजे (भारतीय समयानुसार) है। वोटिंग समाप्त होने के बाद विजेता की घोषणा की जाएगी। पॉलिग्रास मैजिक स्किल अवार्ड के विजेता का फैसला दुनिया भर के हॉकी प्रशंसकों द्वारा इस आधार पर किया जाता है कि उन्हें लगता है कि सीजन के दौरान सबसे अच्छा पल और गोल किसने किया। दीपिका का प्रतिष्ठित क्षण फरवरी 2025 में एफआईएच हॉकी प्रो लीग के भुवनेश्वर चरण के दौरान हुआ, जब भारतीय टीम ने कलिंगा स्टेडियम में 2-2 से ड्रॉ के बाद शूटआउट में नीदरलैंड को हराया। मैच में भारतीय टीम दो गोल से पीछे चल रही थी, लेकिन35वें मिनट में दीपिका ने एक शानदार फील्ड गोल किया था।

## भारतीय महिला क्रिकेट टीम का लंदन के इंडिया हाउस में भव्य स्वागत, बीसीसीआई ने शेयर किया वीडियो



**लंदन :** टी20 अंतरराष्ट्रीय और वनडे सीरीज खेलने के लिए इंग्लैंड के दौरे पर आई भारतीय महिला क्रिकेट टीम का यहां इंडिया हाउस में एक समारोह में भव्य स्वागत किया गया। हरमनप्रीत कौर की अगुवाई वाली भारतीय टीम और मुख्य कोच अमोल मजूमदार के नेतृत्व में सहयोगी स्टाफ भारतीय उच्चायोग के प्रांगण में आयोजित समारोह में शामिल हुए। ब्रिटेन में भारतीय उच्चायुक्त विक्रम दोरईस्वामी ने उनका स्वागत किया। इस अवसर पर दोरईस्वामी ने कहा, 'उन्होंने जो किया है, वह खेलों में क्रांति लाने वाला है और यह भारत में हर चीज में भागीदारी के विचार में क्रांतिकारी बदलाव है।' उन्होंने टीम को संबोधित करते हुए कहा, 'ऐसा कुछ भी नहीं है जिसके बारे में भारत की युवा महिलाएं सोचती हैं कि वे ऐसा नहीं कर सकती हैं, क्योंकि आप और क्रिकेट खिलाड़ियों की एक पुरानी पीढ़ी ने ऐसा किया है। आपके पास जादू है और आप मैदान पर जहां भी खेलती हैं, इसे हमारे साथ साझा करती हैं, जिसके लिए हम बहुत-बहुत आभारी हैं।' दोरईस्वामी ने कहा, 'जब आप हमारी क्रिकेट टीम, हमारी हॉकी टीम या हमारी किसी भी खेल की टीम को देखेंगे तो पाएंगे कि यह भारत का सर्वश्रेष्ठ प्रतिनिधित्व करती हैं। ये सिर्फ.हमारी बेहतरीन वो लड़कियां हैं जो हमारे देश के हर कोने से भारत का ऑलराउंडर जेमिमा रोड्रिग्स ने फिल्म शोले का गीत ये दोस्ती हम नहीं तोडेंगे गाकर लोगों का मन लुभाया जबकि उपकप्तान स्मृति मंधाना ने श्रृंखला के बाकी बचे मैच देखने के लिए स्टेडियम में आने की अपील की।

## जोकोविच की खास उपलब्धि, विंबलडन में 100 जीत दर्ज करने वाले तीसरे खिलाड़ी बने

**लंदन :** नोवाक जोकोविच विंबलडन टेनिस टूर्नामेंट के इतिहास में 100 जीत दर्ज करने वाले दुनिया के तीसरे खिलाड़ी बन गए हैं। उन्होंने तीसरे दौर में सर्बिया के हम वतन खिलाड़ी मिओमिर केकमानोविच पर 6-3, 6-0, 6-4 से जीत के साथ यह उपलब्धि हासिल की। उनसे पहले मार्टिना नवरातिलोवा और रोजर फेडरर इस मुकाम पर पहुंचे थे। जोकोविच ने अपने 24 ग्रैंड स्लैम खिताबों में से सात ऑल इंग्लैंड क्लब में जीते हैं। उन्होंने शनिवार को केकमानोविच के खिलाफ सेंटर कोर्ट पर पहले सेट में 3-3 के स्कोर से लगातार नौ गेम जीतकर आसानी से अगले दौर में प्रवेश किया। जोकोविच ने कोर्ट पर दिए साक्षात्कार में कहा, 'मैं अपने पसंदीदा टूर्नामेंट में जो भी इतिहास बनाऊंगा, उसके लिए मैं आभारी हूं।' अपना 20वां विंबलडन टूर्नामेंट खेल रहे 38 वर्षीय जोकोविच का अगला मुकाबला 11वें नंबर के एलेक्स डी मिनाउर से होगा। महिला वर्ग में नौ बार विंबलडन एकल चैंपियन रहीं नवरातिलोवा ने 120 एकल जबकि पुरुष वर्ग में आठ बार के चैंपियन फेडरर ने 105 एकल मैच में जीत दर्ज कीं।

## बुमराह की कमी महसूस नहीं होने देने के लिए कोच मोर्कल ने की सिराज-आकाश दीप की तारीफ



**एजबेस्टन :** भारत के गेंदबाजी कोच मोर्ने मोर्कल ने कहा कि जसप्रीत बुमराह की अनुपस्थिति में मोहम्मद सिराज ने अच्छा प्रदर्शन किया है, जबकि आकाश दीप गुड लेंथ बॉल से लगातार स्टंप पर निशाना साध रहे हैं। आकाश दीप और सिराज दोनों ही सपाट पिच होने के बावजूद नई गेंद से कामयाबी हासिल की। दोनों ने पहली पारी में इंग्लैंड के सभी 10 विकेट लिए थे, जबकि दूसरी पारी में तीनों विकेट इन्हीं के नाम रहे हैं। पहली पारी में सिराज ने छह और आकाश ने चार विकेट लिए थे, जबकि दूसरी पारी में आकाश ने अब तक दो और सिराज ने एक विकेट लिया है। दूसरी ओर इंग्लैंड के तेज गेंदबाजों को पिच से उतनी मदद नहीं मिली। बुमराह को आराम दिए जाने के बाद आकाश दीप ने टीम में जगह बनाई, जिससे सिराज के कंधों पर अधिक जिम्मेदारी आ गई। मोर्कल ने कहा, 'अभी तक तेज गेंदबाजों के प्रदर्शन से बहुत खुश हूं। पिछले मैच के बाद हमारी कुछ अच्छी चर्चा हुई थी। बुमराह की गैरमौजूदगी में अच्छा प्रदर्शन एक सुखद संकेत है। आकाश दीप एक आक्रामक गेंदबाज हैं, जो स्टंप टू स्टंप सवाल पूछते हैं। इंग्लैंड की परिस्थितियां उनके अनुकूल हैं। वह तेज गति से दौड़ रहे हैं और यह एक अच्छा संकेत है। आप उन्हें जितना अधिक आत्मविश्वास देंगे, वह उतने ही बेहतर होते जाएंगे।' लगभग असंभव 608 रन के लक्ष्य का पीछा कर रही इंग्लैंड की टीम को अंतिम दिन टेस्ट जीतने के लिए 536 रन और बनाने होंगे। पिछले कुछ समय से सिराज विकेट के लिए जूझ रहे थे, लेकिन मोर्कल खुश हैं कि मेहनती तेज गेंदबाज को आखिरकार उनकी मेहनत का फल मिला। मोर्कल ने कहा, 'सिराज एक ऐसे खिलाड़ी हैं, जिनका मैं बहुत सम्मान करता हूं। वह अपनी क्षमता से अधिक प्रदर्शन करते हैं। वह कई बार बहुत अधिक प्रयास कर सकते हैं और इससे आप असंगत हो सकते हैं, लेकिन वह वास्तव में दिल से खेलते हैं। वह टीम के लिए अच्छा प्रदर्शन करते हैं और कई बार विकेटों के मामले में इसका असर नहीं दिखता।' यह पूछे जाने पर कि भारत ने पारी घोषित जल्दी क्यों नहीं की? मोर्कल ने कहा, 'हम वास्तव में चिंतित नहीं हैं। यदि आप 500 से अधिक रन बनाते हैं, तो आप जीत के हकदार हैं। पांचवें दिन से पहले हम एक घंटे गेंदबाजी करना चाहते थे। पांचवां दिन रोमांच से भरपूर होगा। इंग्लैंड को आक्रामक शैली की क्रिकेट खेलने में सफलता मिली है। अगर वे इसे खेलने से खुश हैं तो पांचवें दिन भी ऐसा ही हो।' मोर्कल ने कप्तान शुभमन गिल की भी तारीफ की, जिन्होंने अब तक सीरीज में शानदार प्रदर्शन किया है। उन्होंने चार पारियों में एक दोहरा शतक और दो शतक बनाए हैं। उन्होंने कहा, 'शुभमन के लिए बहुत खुश हूं। एक बड़े दौरे पर कप्तान के रूप में इंग्लैंड आकर, उन्होंने अब तक उम्मीदों को बहुत अच्छी तरह से संभाला है।'

## यशस्वी जायसवाल ने अपने सबसे बड़े फैन को चौंकाया



**एजबेस्टन :** भारतीय टीम ने एजबेस्टन टेस्ट में इंग्लैंड की टीम पर पकड़ बना ली है। टीम इंडिया ने 608 रन का लक्ष्य रखा, जिसके जवाब में इंग्लैंड ने अपनी दूसरी पारी में तीन विकेट गंवाकर 72 रन बना लिए हैं। बेन स्टोक्स एंड कंपनी को अब भी जीत के लिए 536 रन की जरूरत है। आज 90 ओवर का खेल होना है, तो ऐसे में भारतीय टीम इंग्लैंड के बाकी बचे सात विकेट भी झटकना चाहेगी। हालांकि, इस मैच के इतर यशस्वी जायसवाल एक बार फिर सुर्खियों में आए हैं। उन्होंने कुछ ऐसा किया है जिसकी पूरी दुनिया तारीफ कर रही है। उन्होंने एक दिव्यांग फैन रवि को तोहफे में बल्ला दिया है। यशस्वी के इस मार्मिक कदम ने सभी फैंस का दिल जीत लिया। 12 साल के रवि दृष्टिबाधित हैं और खुद को यशस्वी के सबसे बड़े फैन मानते हैं। यशस्वी ने उन्हें एक ऑटोग्राफ वाला बल्ला उपहार में दिया है। रवि यशस्वी से मिलने का सपना संजोए हुए थे और उनके जबड़ा फैन हैं। इंग्लैंड के खिलाफ लीड्स टेस्ट में वह भारतीय टीम को देखने पहुंचे थे और यशस्वी का बेसब्री से इंतजार कर रहे थे। उन्हें उम्मीद थी कि यशस्वी उनसे आकर मिलेंगे। हालांकि, यह सपना लीड्स की जगह एजबेस्टन में दूसरे टेस्ट में पूरा हुआ। यशस्वी ने शनिवार को दूसरे टेस्ट के चौथे दिन रवि से मुलाकात की। खेल के प्रति रवि के जुनून और उसके प्रति उसके प्यार से अभिभूत होकर, यशस्वी ने उन्हें एक हस्ताक्षरित बल्ला उपहार में दिया, जिस पर लिखा था, 'रवि को प्यार और देखभाल के साथ शुभकामनाएं।' यशस्वी ने बीसीसीआई द्वारा अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर पोस्ट किए गए एक वीडियो में रवि से कहा, 'हैलो रवि, आप कैसे हैं? मैं यशस्वी हूं, आपसे मिलकर खुशी हुई। मैं आपसे मिलने को लेकर बहुत उत्साहित था, क्योंकि मुझे पता है कि आप क्रिकेट के बहुत बड़े प्रशंसक रहे हैं और सच में मुझे नहीं पता कि मैं आपसे मिलकर क्यों घबरा रहा हूं।' यशस्वी ने कहा, 'मेरे पास आपके लिए एक उपहार है...मेरा बल्ला। मैं चाहूंगा कि आप इसे मेरी याद के रूप में रखें। आपसे मिलना और आपको देखना अद्भुत है, आपके साथ यहां होना बहुत अच्छा है।' अपना सपना पूरा होने पर, रवि ने जवाब दिया, 'आपसे मिलकर बहुत अच्छा लगा। बहुत-बहुत धन्यवाद! मैं आपका बल्ला पाने के लिए इंतजार नहीं कर सकता क्योंकि आप शानदार क्रिकेटर हैं। मुझे लगता है कि आप भारतीय क्रिकेट का भविष्य हैं। मुझे क्रिकेट पसंद है, मुझे आपकी बल्लेबाजी पसंद है। मुझे आपके शतक पसंद हैं।

फास्ट न्यूज

### मध्य प्रदेश में बरगी बांध के 9 गेट खुले

**टीम एक्शन इंडिया**
**जबलपुर।** रानी अवंति बाई लोधी सागर परियोजना बरगी बांध के जलस्तर को नियंत्रित करने के लिए इस सीजन में पहली बार रविवार दोपहर करीब 12 बजे इसके 21 में से 9 स्पिल-वे गेट औसतन 1.33 मीटर की ऊंचाई तक खोल दिये गये हैं और इनसे 52,195 क्यूसेक (घनफुट पानी प्रति सेकंड) पानी छोड़ा जा रहा है। कार्यपालन यंत्री बरगी बांध राजेश सिंह गौंड के अनुसार खोले गये 9 गेट में से गेट नम्बर 10, 11 और 12 को दो-दो मीटर, गेट नम्बर 9 और 13 को डेढ़-डेढ़ मीटर, गेट नम्बर 8 और 14 को एक-एक मीटर तथा गेट नम्बर 7 और 15 को आधा-आधा मीटर की ऊंचाई तक खोला गया है। उन्होंने बताया कि बांध में आवक को देखते हुये कभी भी इससे पानी निकासी की मात्रा घटाई या बढ़ाई जा सकती है। कार्यपालन यंत्री बरगी बांध के मुताबिक रविवार को दोपहर 11 बजे बांध का जल स्तर 417.40 मीटर रिकार्ड किया गया था और इस समय इसमें लगभग 98,741 क्युसेक पानी प्रवेश कर रहा था।

### हिन्दुओं को जो बांटेगा वो खुद कट जाएगा : रामभद्राचार्य

**टीम एक्शन इंडिया**
**पटना।** राजधानी पटना में रविवार को सनातन महाकुंभ का आयोजन किया गया। इस मौके पर रामभद्राचार्य ने कहा कि हिन्दुओं को जो बांटेगा वो खुद कट जाएगा। इस सनातन महाकुंभ में देश भर के संत शामिल हो रहे हैं। जगद्गुरु स्वामी रामभद्राचार्य ने कहा कि पटना के गांधी मैदान में मुझे और धीरेंद्र शास्त्री को आने से रोका गया। उन्होंने कहा कि सत्ता अब हिंदू विरोधी के हाथ में कभी नहीं जाएगी। हिंदू को जो बांटना चाहेगा वो खुद ही कट जाएगा।

# मोदी ने डॉ. मुखर्जी के सपनों को किया साकार: योगी

- भारत की एकता-अखंडता के लिए समर्पित रहा डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का जीवन: सीएम योगी
- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती पर उनकी प्रतिमा पर किया माल्यार्पण , डॉ. मुखर्जी ने 33 वर्ष की उम्र में कोलकाता विवि के युवा कुलपति के रूप में दी अपनी सेवाएं

**माल्यार्पण**

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने डॉ. मुखर्जी के सपनों को किया साकार, कश्मीर में धारा 370 को किया समाप्त



**टीम एक्शन इंडिया**
**लखनऊः** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती के अवसर पर उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हे याद किया। इस दौरान सीएम योगी ने कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का जन्म 6 जुलाई 1901 को हुआ था। उन्होंने मात्र 33 वर्ष की उम्र में कोलकाता विश्वविद्यालय के सबसे युवा कुलपति के रूप में अपनी सेवाएं दीं। वह एक प्रखर वक्ता, स्वतंत्रता संग्राम सेनानी और महान शिक्षाविद थे।

**नेहरू सरकार की तुष्टीकरण की नीति के विरोध में डॉ. मुखर्जी ने दिया था इस्तीफा**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का पूरा जीवन राष्ट्र माता के लिए समर्पित किया था। बंगाल के अकाल के दौरान उनकी सेवाएं पूरा देश स्मरण करता है। उनका जीवन भारत की एकता और अखंडता के लिए समर्पित रहा। डॉ. मुखर्जी ने आजादी के बाद पंडित नेहरू के नेतृत्व में बनी पहली सरकार में भारत के खाद्य एवं उद्योग मंत्री के रूप में देश में खाद्य की आत्मनिर्भरता और औद्योगीकरण की नींव रखी थी, जो नए भारत में भी स्पष्ट देखने को मिलता है। उन्होंने नेहरू सरकार के तुष्टीकरण के नीति के विरोध में मंत्रिमंडल से इस्तीफा दिया था। इतना ही नहीं भारतीय जन संघ का गठन और उसके पहले अध्यक्ष होने के साथ जब भारत के संविधान में नेहरू सरकार ने कश्मीर को 370 धारा के माध्यम से अलग स्टेटस देने का प्रयास किया और परमिट सिस्टम जम्मू कश्मीर के लिए लागू किया, उसके खिलाफ सबसे पहले डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने ही आवाज उठायी थी। उन्होंने उस समय एक देश में दो प्रधान, दो विधान और दो निशान नहीं चलेंगे का नारा दिया था। डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के इन सपनों को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने साकार किया।

**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने डॉ. मुखर्जी के सपनों को किया साकार**

सीएम योगी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कश्मीर में धारा 370 को समाप्त करके कश्मीर को भारत के संविधान के अनुरूप शेष भारत के साथ जोड़ते हुए एक विधान एक प्रधान और एक निशान के साथ भारत के लोकतांत्रिक की धारा के साथ जोड़ने का अभिनव प्रयास किया है। आज जम्मू कश्मीर तेजी के साथ विकास कर रहा है, जो डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी के संकल्पों की विजय है। यह प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में संभव हो पाया है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत दुनिया भर में इन्वेस्टमेंट के बेहतरीन डेस्टिनेशन के रूप में स्थापित हुआ है। उन्होंने कहा कि औद्योगीकरण की नींव को आजाद भारत में डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने प्रारंभ किया था और आज उसका एक बहुत ही वृहद स्वरूप देश में देखने को मिल रहा है। इस सदी की सबसे बड़ी महामारी के दौरान जब पूरी दुनिया त्रस्त थी, उस दौरान भारत ने अपने यहां 80 करोड़ लोगों को फ्री में राशन की सुविधा का लाभ दिया, जो आज भी निरंतर चल रहा है।

### किसान गोद ले सकेंगे 1 से 4 गोवंश

**टीम एक्शन इंडिया**
**लखनऊ:** उत्तर प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों में आत्मनिर्भरता की नई मिसाल कायम करने के उद्देश्य से योगी सरकार एक अभिनव योजना की शुरूआत करने जा रही है। अब राज्य के किसान गोवंश को गोद ले सकेंगे। इस पहल से न केवल गोवंश का संरक्षण होगा, बल्कि गो आधारित अर्थव्यवस्था को भी मजबूती मिलेगी। मुख्यमंत्री सहभागिता योजना के अंतर्गत किसानों को एक से चार तक गोवंश सौंपे जाएंगे, जिनके माध्यम से किसान आत्मनिर्भर बनेंगे। इस योजना के तहत जिन किसानों को गोवंश मिलेगा, उनके आवासीय परिसर में ही मनरेगा के अंतर्गत व्यक्तिगत कैटल शेड बनाए जाएंगे। इससे किसानों को अपने पशुओं के रख-रखाव के लिए अलग से स्थान उपलब्ध होगा, जिससे स्वास्थ्य और स्वच्छता का विशेष ध्यान रखा जा सकेगा। वहीं, स्मॉल बायोगैस यूनिट भी लगाई जाएंगी। गो सेवा के जरिए सीएम योगी की इस नई पहल से बड़े पैमाने पर स्थानीय लोगों को आर्थिक लाभ होगा।



उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कार्बेट नेशनल पार्क में जंगल सफारी का किया अनुभव।

### जनगणना में स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के वंशजों की गणना अलग से

**टीम एक्शन इंडिया**
**हरिद्वार।** स्वतंत्रता सेनानी उत्तराधिकारी परिवार समिति के तत्वावधान में *हर महीने प्रथम रविवार 10 बजे 10 मिनट स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों शहीदों के नाम अभियान के अन्तर्गत आज हरिद्वार जिले में अमर शहीद जगदीश वत्स पार्क ज्वालापुर के साथ ही वटवृक्ष सुनहरा रुड़की, स्वतंत्रता सेनानी स्तंभ कोतवाली के सामने हरिद्वार, राजा विजय सिंह स्मारक कुंजा बहादुरपुर, स्वतंत्रता सेनानी स्तंभ रुड़की, भगवानपुर, लक्सर तथा बहादराबाद में कार्यक्रम आयोजित किए गए। शहीद जगदीश वत्स पार्क निकट जटवाड़ा पुल ज्वालापुर में स्वतंत्रता संग्राम सेनानी भारत भूषण विद्यालंकार ने ध्वजारोहण किया। राष्ट्रगान के बाद शहीद जगदीश वत्स की प्रतिमा पर संगठन के अध्यक्ष देशबंधु मौजूद रहे।

## राष्ट्रवाद के प्रखर प्रणेता थे श्यामा प्रसाद मुखर्जी: मुख्यमंत्री



**याद किया**

- मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने पं. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर दी श्रद्धांजलि

**टीम एक्शन इंडिया**
**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने रविवार को भोपाल के अरेरा कॉलोनी श्रेत्र में स्थित पंडित श्यामा प्रसाद मुखर्जी की आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण और पुष्पांजलि अर्पित कर विनम्र श्रद्धांजलि दी। मुख्यमंत्री की उपस्थिति में स्व. मुखर्जी की 125वीं जयंती मनाई गई। उन्होंने माल्यार्पण एवं श्रद्धांजलि कार्यक्रम के दौरान स्व. मुखर्जी के राष्ट्रहित में किए गए योगदानों को याद किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि जनसंघ के संस्थापक स्व. मुखर्जी सच्चे राष्ट्रभक्त थे। वे प्रबल राष्ट्रवाद के प्रखर प्रणेता और सदैव राष्ट्रहित चिंतन में जीने वाले मुखर विचारक थे। ज्ञात हो कि स्व. मुखर्जी का जन्म 6 जुलाई, 1901 को हुआ था। रविवार को प्रदेशभर में उनकी 125वीं जयंती मनाई जा रही है।

## फूल किसानों को योगी सरकार की बड़ी सौगात, मंडी शुल्क से पूरी तरह मुक्ति

- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का बड़ा निर्णय, सभी प्रकार के फूल विनिर्दिष्ट कृषि उत्पाद श्रेणी की जगह अब गैर-विनिर्दिष्ट श्रेणी में होंगे



**शुल्क**

- मंडियों में स्थापित होगी शबरी कैंटीन, मिलेगा सस्ता, मंडी परिसर के बाहर फूल बेचने पर नहीं देना होगा कोई शुल्क

**टीम एक्शन इंडिया**
**लखनऊः** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने फूल की खेती से जुड़े किसानों को बड़ी राहत देते हुए 'सभी प्रकार के फूलों' को विनिर्दिष्ट कृषि उत्पाद की श्रेणी से हटाकर गैर-विनिर्दिष्ट श्रेणी में रखने का महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि फूलों की ताजगी अल्पकालिक होती है और यह नाशवान प्रकृति का उत्पाद है। मंडी तक लाने में समय लगने से फूलों की गुणवत्ता पर असर पड़ता है और किसान उचित मूल्य से वंचित रह जाते हैं। ऐसे में किसानों को फूलों की बिक्री मंडी के बाहर करने पर किसी भी प्रकार का मंडी शुल्क नहीं लिया जाना चाहिए। यह निर्णय विशेष रूप से छोटे, सीमांत और फूलों की मौसमी खेती करने वाले किसानों के लिए बड़ा संबल सिद्ध होगा।
मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में सम्पन्न उत्तर प्रदेश राज्य कृषि उत्पादन मंडी परिषद के संचालक मंडल की 171वीं बैठक में लिए गए इस निर्णय के बाद अब फूल की खेती करने वाले किसानों को मंडी परिसर से बाहर व्यापार करने पर कोई शुल्क नहीं देना होगा, जबकि मंडी परिसर में उनसे मात्र प्रयोक्ता शुल्क लिया जाएगा। बैठक में मुख्यमंत्री ने कहा कि मंडी परिषद केवल एक संस्थागत निकाय नहीं, बल्कि किसानों के आत्मसम्मान, अधिकार और आर्थिक सशक्तिकरण का सशक्त माध्यम है। उन्होंने दो टूक कहा कि मंडियों की व्यवस्था ऐसी होनी चाहिए, जहाँ किसान सुविधाजनक, सुरक्षित और सम्मानजनक ढंग से अपनी उपज का विक्रय कर सके। मुख्यमंत्री ने मंडियों को उत्तरदायी, पारदर्शी और तकनीक-सक्षम बनाते हुए इन्हें राज्य की कृषि अर्थव्यवस्था की रीढ़ बनाने की आवश्यकता पर बल दिया। महत्वपूर्ण बैठक में मुख्यमंत्री ने मंडी परिषद की सभी प्रधान कृषि मंडी स्थलों में शबरी कैंटीन स्थापित करने का निर्देश भी दिया। इन कैंटीनों का उद्देश्य केवल भोजन उपलब्ध कराना नहीं, बल्कि सेवा भावना के साथ सस्ता, स्वास्थ्यवर्धक और स्वादिष्ट भोजन सुनिश्चित करना होना चाहिए।

### चुनाव आयोग के एसआईआर नीति को महुआ ने दी चुनौती

**टीम एक्शन इंडिया**
**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के कृष्णानगर से तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) की लोकसभा सांसद महुआ मोइत्रा ने चुनाव आयोग द्वारा बिहार में मतदाता सूची में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के आदेश को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी है। उन्होंने इसे असंवैधानिक करार देते हुए न केवल इस आदेश को तत्काल प्रभाव से रद्द करने की मांग की, बल्कि यह भी आग्रह किया कि बंगाल समेत देश के अन्य किसी राज्य में इस तरह की नीति लागू न की जाए। टीएमसी सांसद का तर्क है कि जो नागरिक पहले से मतदाता सूची में पंजीकृत हैं और वर्षों से मतदान करते आ रहे हैं, उनसे एक बार फिर नागरिकता साबित करने के लिए दस्तावेज मांगना सरासर गलत है। यह न केवल उनके लोकतांत्रिक अधिकारों का उल्लंघन है, बल्कि संविधान की मूल भावना के भी खिलाफ है। याचिका में महुआ ने चुनाव आयोग के आदेश को भारतीय संविधान के अनुच्छेद 14, 19(1), 21, 325 और 326, साथ ही जन प्रतिनिधित्व अधिनियम और मतदाता पंजीकरण नियमों के विरुद्ध बताया है। उनका कहना है कि अगर यह निर्देश लागू रहा, तो लाखों लोग विशेषकर गरीब, वंचित और हाशिये पर बसे समुदायों से आने वाले नागरिक अपने मताधिकार से वंचित हो सकते हैं।






झमाझम — नर्मदा खतरे के निशान से ऊपर बही तो उमरिया के जौहिला डैम के गेट खोलने पड़े

## मध्य प्रदेश में बारिश के कारण कई गांव और शहर जलमग्न

**भारी बारिश**

- प्रदेश के पूर्वी हिस्से जबलपुर, सागर, शहडोल और रीवा संभाग में सबसे ज्यादा खतरा है



**टीम एक्शन इंडिया**
**भोपाल।** मध्य प्रदेश में बारिश का स्ट्रांग सिस्टम एक्टिव होने से पूरे प्रदेश में झमाझम बारिश का दौर जारी है। लगातार हो रही बारिश से नदियों का जल स्तर बढ़ गया है, तो वहीं बाढ़ जैसे हालात भी बन गए हैं। प्रदेश के पूर्वी हिस्से जबलपुर, सागर, शहडोल और रीवा संभाग में सबसे ज्यादा खतरा है। शनिवार को शिवपुरी, शहडोल, नरसिंहपुर, श्योपुर में कई गांव और शहर जलमग्न हो गए। नर्मदा खतरे के निशान से ऊपर बही तो उमरिया के जौहिला डैम के गेट खोलने पड़े। रविवार को भी 21 जिलों में भारी बारिश का अलर्ट जारी किया गया है। वहीं, दोपहर में जबलपुर के बरगी बांध के गेट खोले जाएंगे। 5000 क्यूमेक जल निकासी होगी, जिससे नर्मदा के घाटों पर 4 से 5 फीट पानी की बढ़ोतरी हो सकती है। मौसम वैज्ञानिक डॉ. दिव्या ई. सुरेंद्रन ने बताया कि प्रदेश में बारिश के 3 स्ट्रॉन्ग सिस्टम एक्टिव हैं। इनमें दो ट्रफ और एक साइक्लोनिक सकुर्लेशन सिस्टम है। इस वजह से अगले चार दिन तक ऐसा ही मौसम रहेगा। यह सीजन का सबसे स्ट्रॉन्ग सिस्टम है। रविवार को जबलपुर, सागर, दमोह, सिवनी, मंडला, डिंडौरी और बालाघाट में अति भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट है। अगले 24 घंटे में 8 इंच तक पानी गिर सकता है। शिवपुरी, अशोकनगर, विदिशा, रायसेन, नर्मदापुरम, बैतूल, नरसिंहपुर, छिंदवाड़ा, पांढुर्णा, कटनी, मैहर, उमरिया, शहडोल और अनूपपुर में भारी बारिश हो सकती है।